हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 11



खेल

**टी20 विश्वकप : हरमनप्रीत ने की भविष्यवाणी भारत पहुंचेगी सेमीफाइनल में**

Page 10



देश

**सुप्रीम कोर्ट ने बाबा रामदेव को सुनाई राहत भरी खबर, आईएमए चीफ को लगाई फटकार**

शुक्ल पक्ष मघा संवत 2081 • औरंगाबाद • बुधवार • 15 मई 2024 • वर्ष 26 • अंक 154 • पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 72, 820 | ₹87,200 |

## आज का इतिहास

- 2008 : भारतीय मूल की मंजूला सूद ब्रिटेन में मेयर बनने वाली पहली एशियाई महिला बनीं।
- 1850 : संयुक्त राज्य अमेरिका के 1 कैवलरी रेजिमेंट के सदस्यों ने लेक काउंटी, कैलिफोर्निया में कम से कम 135 पोमो भारतीयों का नरसंहार किया।

## न्यूज बाइट्स

### सुप्रिया भारद्वाज कांग्रेस की नयी राष्ट्रीय मीडिया समन्वयक

**नईदिल्ली (ए.)।** नयी दिल्ली, 14 जून(वार्ता) कांग्रेस ने मंगलवार को सुश्री सुप्रिया भारद्वाज को पार्टी का नया राष्ट्रीय मीडिया समन्वयक नियुक्त किया। कांग्रेस के मीडिया और प्रचार विभाग प्रमुख पवन खेड़ा ने मंगलवार को यहां यह जानकारी दी। श्री खेड़ा ने बताया कि सुश्री भारद्वाज की नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी।

### थोक महंगाई दर 13 महीने के टॉप पर

**नई दिल्ली (ए.)।** अप्रैल महीने में थोक महंगाई बढ़कर 1.26% हो गई है। यह महंगाई का 13 महीने का उच्चतर स्तर है। इससे पहले मार्च 2023 में थोक महंगाई दर 1.34% थी। खाने-पीने की चीजों की कीमत बढ़ने से महंगाई बढ़ी है। वहीं इससे एक महीने पहले मार्च 2024 में ये 0.53% रही थी। वहीं फरवरी में थोक महंगाई 0.20% और जनवरी में 0.27% रही थी।

### खुदरा महंगाई घटने से शेयर बाजार चढ़ा

**नई दिल्ली (ए.)।** मुंबई (ए.) देश में खुदरा महंगाई इस वर्ष अप्रैल में कम होकर ग्यारह माह के निचले स्तर पर आने से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर कमोडिटीज, इंडस्ट्रियल्स, दूरसंचार, यूटिलिटीज और पावर समेत अठारह समूहों में हुई दमदार लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी रही।

### सिसोदिया की जमानत याचिका पर एचसी ने फैसला सुरक्षित रखा

**नई दिल्ली (ए.)।** दिल्ली हाई कोर्ट ने उत्पाद शुल्क नीति मामले में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी नेता मनीष सिसोदिया द्वारा दायर जमानत याचिका पर आदेश सुरक्षित रख लिया। कोर्ट ने सीबीआई और ईडी दोनों मामलों में फैसला सुरक्षित रख लिया है। प्रवर्तन निदेशालय ने मंगलवार को दिल्ली हाई कोर्ट को बताया, आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मामले में दाखिल किए जाने वाले अगले आरोपपत्र में आम आदमी पार्टी को आरोपी बनाया जाएगा।

### थोक-मुद्रास्फीति अप्रैल में बढ़कर 1.26 प्रतिशत

**नई दिल्ली (ए.)।** ईंधन और बिजली के साथ-साथ खाद्य पदार्थों, खासकर सब्जियों की कीमतों में वृद्धि के कारण अप्रैल में थोक मुद्रास्फीति लगातार दूसरे महीने बढ़कर 1.26 प्रतिशत हो गई। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल 2023 में 0.79 प्रतिशत और मार्च 2024 में 0.53 प्रतिशत थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि अप्रैल 2024 में मुद्रास्फीति में बढ़ोतरी की मुख्य वजह खाद्य वस्तुओं, बिजली, कच्चे पेट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस, खाद्य उत्पादों के निर्माण, अन्य विनिर्माण आदि की कीमतों में वृद्धि रही।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गिरिडीह जिले के पेशम में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा

# झारखंड में नक्सलियों का दायरा सिकुड़ रहा देशहित में बनाएं मजबूत सरकार : पीएम

**निज संवाददाता** | गिरिडीह (झारखंड)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने तीसरे कार्यकाल में नक्सलियों के खिलाफ जारी लड़ाई में बड़ा प्रहार करने का वादा करते हुए मंगलवार को कहा कि केंद्र के प्रयासों से झारखंड में नक्सलियों का दायरा लगातार सिकुड़ रहा है। श्री मोदी ने मंगलवार को गिरिडीह जिले के पेशम में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड में नक्सलियों का दायरा सिकुड़ रहा है। नक्सलवाद एवं आतंकवाद पर तीसरे कार्यकाल मे बड़ा प्रहार किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि देशहित में लगातार काम कर रहा हूँ तो झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस के नेता डरे हुए है। इण्डि गठबंधन के नेता हमें गोली मारने की बात कही थी, उन्हें यहां आकर जनता को देखना चाहिए जो मेरी सुरक्षा कवच है। श्री मोदी ने कहा कि झारखंड के नेता नोटों के पहाड़ ऊगा रहे हैं। अधिकारी और उन्हें सहयोग करने वालों के यहां से रुपये निकल रहे है। यह सब काम शाही परिवार के इशारे पर हो रहा है। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी औऱ कोडरमा के भाजपा प्रत्याशी अनपूर्णा देवी भी मौजूद थी। पीएम मोदी ने चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि झामुमो-कांग्रेस-लेफ्ट का इंडी गठबंधन भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण समेत अन्य बुराइयों का सबसे बड़ा मॉडल है। मैंने लाल किले से कहा था कि भारत को भ्रष्टाचार, परिवारवाद एवं तुष्टिकरण से मुक्त कराने के लिए अपना जीवन खपा दूंगा। चोरों को चैन की नींद सोने नहीं दूंगा। उनकी नींद भी उड़ा दूंगा और उनके खजाने भी खाली कर दूंगा। ये पैसे आपके हैं। इन पैसों के मालिक आप सब हैं। कोई भी व्यक्ति चोरी-लूट नहीं कर सकता है। मैं इन पर कड़ी कार्रवाई कर रहा है। इसलिए ये नरेंद्र मोदी को निशाना बनाते हैं।

वहीं झारखंड बीजेपी अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, कोडरमा विधायक नीरा यादव, गांडेय विधानसभा उपचुनाव में बीजेपी के प्रत्याशी दिलीप वर्मा, कोडरमा लोकसभा प्रभारी विकास प्रीतम, जमुआ विधायक केदार हाजरा, गिरिडीह के पूर्व सांसद रविंद्र पांडेय, पूर्व विधायक निर्भय कुमार शाहाबादी, जिला परिषद की अध्यक्ष मुनिया देवी समेत कई लोग मौजूद थे।




### वंचितों को वरीयता ही उनका मंत्र है

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि वे किसी राजघराने में पैदा नहीं हुए हैं। किसी शाही परिवार में भी उनका जन्म नहीं हुआ है। न ही उनके पिता किसी गांव के प्रधान तक बने हैं। उनके घर में कोई चुनाव तक नहीं लड़ा। वे एक गरीब की मां के बेटे हैं। मैं चाय बेचते-बेचते यहां तक पहुंचा हूं। आपने मुझे यहां तक पहुंचाया है। माएं-बहनें हर परिवार की बेहतरीन प्रबंधक होती हैं। देश उनके इस कौशल के सदुपयोग के बिना विकसित नहीं हो सकता। इनकी सुविधा और समृद्धि के लिए हर योजना बनायी जा रही है। उन्होंने गरीबी देखी है। तकलीफें झेली हैं। उन तकलीफों से देश के गरीबों को मुक्त कराना चाहता हूं। वंचितों को वरीयता ही उनका मंत्र है।

### पीएम मोदी की एक झलक देखने की ललक

चिलचिलाती धूप में भी लोग दूर-दूर से पीएम मोदी को सुनने पहुंचे। गिरिडीह, धनबाद, बोकारो, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, देवघर, रांची समेत कई जिलों से लोगों का हुजूम उमड़ा था। पेशम के समीप के चोंगाखार, सुइयादीह, बरमसिया, जोरासांख, द्वारपहरी समेत कई गांवों के लोग अपने बच्चों के साथ पैदल चलकर कड़ी धूप में पहुंचे थे। खासकर महिलाएं भी इन्हें सुनने पहुंचीं।

विशेष विमान से पटना पहुंचा सुशील मोदी का पार्थिव शरीर

# सुशील मोदी का पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन, पटना में हुआ अंतिम संस्कार

**बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील मोदी का राजकीय सम्मान के साथ किया गया अंतिम संस्कार**

**निज संवाददाता** | पटना



तीन दशक तक बिहार की राजनीति की धुरी रहे पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमारी का पार्थिव शरीर मंगलवार को पंचतत्व में विलीन हो गया। सुशील कुमार मोदी का राजकीय सम्मान के साथ पटना के दीघा घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि बड़े पुत्र उत्कर्ष तथागत ने दी। अंतिम शवयात्रा 7.30 बजे भाजपा प्रदेश कार्यालय से दीघा घाट के लिए निकली। इसके पहले पटना एयरपोर्ट से पार्थिव शरीर उनके पैतृक आवास राजेंद्र नगर लाया गया। यहां से आरएसएस क्षेत्रीय कार्यालय और फिर विधान मंडल परिसर पहुंचा था। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पार्थिव शरीर पर पार्टी का झंडा ओढ़ाया। आवास से पार्थिव शरीर राष्ट्रीय स्वयंसेवक के क्षेत्रीय कार्यालय विजय निकेतन 5 बज कर 5 मिनट पर पहंचा। यहां भी श्रद्धांजलि दी गई। दिनकर गोलंबर के पास सहित कई जगहों पर सुशील कुमार मोदी की तस्वीर पर कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि दी। 5 बज कर 31 मिनट पर उनका पार्थिव शरीर विधान मंडल परिसर पहुंचा। यहां विभिन्न दलों के नेताओं ने अंतिम दर्शन कर श्रद्धांजलि दी।

पटना एयरपोर्ट से बीजेपी नेता के पार्थिव शरीर को उनके राजेंद्र नगर स्थित आवास पर ले जाया गया, जहां स्थानीय लोगों के अलावा कई बड़े नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि देने वाले में उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा, जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी, संजय जायसवाल, केदार गुप्ता कौशलेंद्र,लवली आनंद, रेणु कुमारी, मीना सिंह, संजीव चौरसिया, जनक सिंह शामिल थे। दीघा घाट पर राजकीय सम्मान के साथ सुशील मोदी के पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार होगा। इस कार्यक्रम में सीएम नीतीश कुमार खराब सेहत के चलते शामिल नहीं हो पाएंगे। उनके आज के सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए गए हैं। बता दें सुशील मोदी बीते कई महीनों से कैंसर से जूझ रहे थे। 13 मई को उन्होने एम्स दिल्ली में अंतिम सांस ली। पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील मोदी यूरिनरी ब्लैडर के कैंसर से पीड़ित थे। सोमवार रात 9 बजकर 29 मिनट पर उन्होंने दिल्ली एम्स में अंतिम सांस ली। मंगलवार को उनका पार्थिव शरीर पटना लाया जाएगा और यहीं अंतिम संस्कार होगा। सुशील मोदी को 9 अप्रैल को एम्स दिल्ली में भर्ती किया गया था।

### जेपी नड्डा ने दी श्रद्धांजलि

सुशील कुमार मोदी को आखिरी श्रद्धांजलि देने के लिए बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा पटना पहुंचे। उन्होंने पार्टी कार्यालय में सुशील मोदी को श्रद्धांजलि दी।

## छात्रों में बढ़ रही कानून की पढ़ाई में दिलचस्पी

**पटना(नि.सं.)।** दसवीं और बारहवीं का रिजल्ट हर बोर्ड ने जारी कर दिया गया है। इसके बाद छात्र-छात्राएं अब आगे की पढ़ाई के लिए बेहतर विकल्प की तलाश में हैं। मेडिकल और इंजीनियरिंग में अधिक भीड़ होने से अब छात्रों का रुझान कानूनी पढ़ाई के तरफ भी बढ़ा है। सीबीएसई के कई टॉपरों से बातचीत के क्रम में बताया कि लॉ में बेहतर विकल्प है। देश के लॉ विश्वविद्यालयों में क्लैट पटना। बिहार में कानूनी शिक्षा के माध्यम से विधि क्षेत्र में कॅरियर बनाने वाले विद्यार्थियों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। युवा कानून के क्षेत्र में रोजगार व सुनहरा भविष्य देखते हैं। एनएलयू से शिक्षा प्राप्त कर डिग्री लेने वाले विद्यार्थियों को देश-विदेश की कंपनियां व लॉ फर्म में आसानी से अच्छा पैकेज मिल जाता है। इसी वजह से प्रतिवर्ष युवाओं का कानूनी शिक्षा के प्रति रुझान बढ़ता जा रहा है। बिहार से हजारों छात्र-छात्राएं क्लैट के लिए आवेदन करते हैं।

## प्रवर्तन एजेन्सियों के नाम पर साइबर अपराध करने वालों की तुरंत शिकायत करें लोग : गृह मंत्रालय

**एजेंसी** | नयी दिल्ली

केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने प्रवर्तन एजेन्सियों के नाम पर लोगों को धमकी, ब्लैकमेल, जबरन वसूली और 'डिजिटल अरेस्ट' जैसी वारदातों को अंजाम देने वाले साइबर अपराधियों की जालसाजी से सावधान रहने और इनके बारे में जागरूकता फैलाने तथा इसकी शिकायत तत्काल साइबर अपराधी हेल्पलान पर करने की सलाह दी है। मंत्रालय ने कहा है कि राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर साइबर अपराधियों द्वारा पुलिस अधिकारियों, केंद्रीय जांच ब्यूरो , नारकोटिक्स विभाग, भारतीय रिजर्व बैंक, प्रवर्तन निदेशालय और अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों के अधिकारियों के नाम पर धमकी, ब्लैकमेल, जबरन वसूली और 'डिजिटल अरेस्ट' जैसी वारदातों को अंजाम देने के संबंध में बड़ी संख्या में शिकायतें दर्ज की जा रही हैं। सरकार की ओर से नागरिकों को इस प्रकार की जालसाजी से सावधान रहने और इनके बारे में जागरुकता फैलाने की सलाह दी जाती है। ऐसी कॉल आने पर नागरिकों को तत्काल साइबरक्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 या साइबरक्राइमडॉटगोवडॉडइन पर सहायता के लिए इसे रिपोर्ट करना चाहिए। ये धोखेबाज आमतौर पर संभावित पीड़ित को कॉल करते हैं और कहते हैं कि पीड़ित ने कोई पार्सल भेजा है या प्राप्त किया है जिसमें अवैध सामान, ड्रग्स, नकली पासपोर्ट या कोई अन्य प्रतिबंधित वस्तु है। कभी-कभी, वे यह भी सूचित करते हैं कि पीड़ित का कोई करीबी या प्रिय व्यक्ति किसी अपराध या दुर्घटना में शामिल पाया गया है और उनकी हिरासत में है। ऐसे कथित 'केस' में समझौता करने के लिए पैसे की मांग की जाती है। कुछ मामलों में, पीड़ितों को 'डिजिटल अरेस्ट' का सामना करना पड़ता है और उनकी मांग पूरी न होने तक पीड़ित को स्काइप या अन्य वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग प्लेटफॉर्म पर धोखेबाजों के लिए उपलब्ध रहने पर मजबूर किया जाता है। ये जालसाज़ पुलिस स्टेशनों और सरकारी कार्यालयों की तर्ज पर बनाए गए स्टूडियो का उपयोग करने में माहिर होते हैं और असली दिखने के लिए वर्दी पहनते हैं। मंत्रालय का कहना है कि देशभर में कई पीड़ितों ने ऐसे अपराधियों के जाल में फंस कर बड़ी मात्रा में धन गंवाया है। यह एक संगठित ऑनलाइन आर्थिक अपराध है और ऐसा माना जाता है कि इसे सीमापार आपराधिक सिंडिकेट द्वारा संचालित किया जाता है।

गृह मंत्रालय के तहत भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी), देश में साइबर अपराध से निपटने से संबंधित गतिविधियों का समन्वय करता है। गृह मंत्रालय इन साइबर अपराधों से निपटने के लिए अन्य मंत्रालयों और उनकी एजेंसियों, भारतीय रिजर्व बैंक तथा अन्य संगठनों के साथ मिलकर काम कर रहा है। आई4सी ऐसे मामलों की पहचान और जांच के लिए राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशों के पुलिस अधिकारियों को इनपुट और तकनीकी सहायता भी प्रदान कर रहा है।

## नीतीश अस्वस्थ, नरेंद्र मोदी के नामांकन के लिए नहीं जा सके वाराणसी



**पटना (नि.सं.)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अस्वस्थता के कारण मंगलवार के अपने सभी कार्यक्रम रद्द कर दिये हैं। मुख्यमंत्री सचिवालय से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि नीतीश कुमार अस्वस्थ हैं और इस वजह से उन्होंने मंगलवार के अपने सभी निर्धारित कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं। मुख्यमंत्री श्री कुमार का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नामांकन में शामिल होने के लिए वाराणसी जाने का कार्यक्रम था लेकिन अस्वस्थता के कारण वह वहां नहीं जा सके । इस बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता सुशील कुमार मोदी की पत्नी प्रो. डॉ. जेसी जॉर्ज मोदी से फोन पर बात कर उन्हें सांत्वना दी। श्री मोदी का सोमवार को नई दिल्ली के एम्स में निधन हो गया था। वह कैंसर से पीड़ित थे।

## सीएए को दुनिया की कोई ताकत नहीं रोक सकती : अमित शाह

**एजेंसी** | कोलकाता



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को बंगाल में मतुआ समुदाय की नागरिकता को लेकर चिंताओं को दूर करने के प्रयास के तहत आश्वस्त किया कि समुदाय के सदस्यों को नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के तहत नागरिकता मिलेगी। उत्तर 24 परगना जिले में मतुआ समुदाय के गढ़ बनगांव में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर सीएए के बारे में झूठा प्रचार और अफवाहें फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि ममता सीएए के क्रियान्वयन को कभी नहीं रोक सकतीं, क्योंकि यह केंद्र का कानून है। शाह ने स्पष्ट कहा कि दुनिया की कोई भी ताकत मेरे शरणार्थी भाइयों को भारत का नागरिक बनने से नहीं रोक सकती। ये मोदी का वादा है। ममता बनर्जी को यह याद रखना चाहिए कि नागरिकता केंद्र सरकार के विशेष अधिकार के अंतर्गत है, न कि राज्य सरकारों के अधीन। शाह ने कहा कि ममता बनर्जी यह झूठ बोल रही हैं कि जो कोई भी सीएए के तहत नागरिकता के लिए आवेदन करेगा, उसे समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। मैं मतुआ समुदाय के लोगों को गारंटी देता हूं कि किसी को कोई परेशानी नहीं होगी। आपको नागरिकता मिलेगी और आप देश में सम्मान के साथ रह सकेंगे।

शाह ने आरोप लगाया कि ममता दीदी वोट बैंक की राजनीति के लिए घुसपैठ की अनुमति देती हैं, लेकिन सीएए का विरोध कर रही हैं। ममता का वोट बैंक बांग्लादेशी व रोहिंग्या घुसपैठिए हैं। ममता उससे डरती हैं।

## लालू यादव ने छपरा से किया संसदीय पारी का आगाज

**निज संवाददाता** | पटना



वर्ष 1977 में छपरा संसदीय सीट से कांग्रेस के गढ़ को ढहाकर रिकॉर्ड मतों से जीतकर देश की राजनीतिक क्षितिज पर उभरे लालू प्रसाद यादव के लिये छपरा (सारण) सीट उनके उदय का गवाह बना वहीं उनकी पुत्री डॉ. रोहिणी आचार्य भी सारण की 'सरजमीं' से ही अपनी 'सियासी' पारी की शुरूआत करने जा रही हैं। बिहार के गोपालगंज के फुलवरिया गांव में कुंदन राय और मरछीया देवी के आंगन में 11 जून 1948 को जन्मे लालू यादव जय प्रकाश नारायण (जेपी) आंदोलन के समय पटना यूनिवर्सिटी में छात्र नेता थे। 18 मार्च 1974 के दिन बिहार से जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में छात्र आंदोलन की नींव पड़ गई थी। यह आंदोलन पूरे देश में ऐसा फैल गया कि देखते ही देखते राजनीति का चेहरा ही पूरी तरह बदल गया। इंदिरा गांधी की सरकार के खिलाफ राजधानी पटना में छात्र सड़कों पर उतर आए थे। वहीं आंदोलन को कुचलने के लिए सरकार ने सेना को मैदान में उतार दिया था। उस दिन सेना ने आंदोलनकारियों को जमकर पीटा था। इस लाठीचार्ज में कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए। इस घटना के बाद यह अफवाह फैल गई कि सेना की पिटाई से घायल लालू यादव की मौत हो गई है। यह खबर आग की तरह फैल गई। खबर जैसे ही जेपी तक पहुंची वह सिहर उठे। बाद में लालू के सामने आने के बाद मामला शांत हुआ। पटना में छात्र आंदोलन की अगुवाई कर लालू,जेपी के करीब भी आ गए। आपातकाल खत्म होने के बाद 1977 में लोकसभा चुनाव हुए तो लालू छपरा सीट से उतरे। अपने चार दशकों से अधिक वक्त के सियासी सफर में लालू ने छात्र यूनियन, संसद, विधानसभा, विधान परिषद समेत कई चुनाव लड़े लेकिन सबसे पहले चुनाव की बात ही कुछ अलग थी।

## यूट्यूबर मनीष कश्यप बरी

**पटना(नि.सं.)।** न्यायिक हिरासत में रहते हुए मीडिया को संबोधित करने के मामले में आर्थिक अपराध इकाई अदालत की अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सारिका बहालिया की अदालत ने मामले में आरोपित यूट्यूबर मनीष कश्यप और प्रशांत कुमार को बरी कर दिया। यूट्यूबर मनीष कश्यप के अधिवक्ता राधा रमन प्रधान ने बताया कि आरोपित पर आरोप था की दक्षिण भारत में बिहारी मजदूरों के साथ कथित हिंसा का फर्जी वीडियो वायरल करने के आरोप में जब पत्रकार मनीष कश्यप जेल में बंद थे ।

**हाईकोर्ट के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट की रोक**

# जमाबंदी के बिना कर सकेंगे जमीन की खरीद-बिक्री

**निज संवाददाता** | पटना



सुप्रीम कोर्ट ने पटना हाइकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी है जिसमें कहा गया था कि बगैर जमाबंदी व होल्डिंग कायम हुए किसी भी जमीन की खरीद -बिक्री नहीं हो सकती। कोर्ट ने इस मामले की विस्तृत सुनवाई के लिए अगली तारीख सितंबर माह में तय की है। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की खंडपीठ ने समीउल्लाह की ओर से दायर एसएलपी(सिविल) पर सुनवाई करते हुए यह निर्देश दिया। मालूम हो कि इस नियम के तहत शहरी क्षेत्र के अपार्टमेंट और फ्लैट को छोड़ कर सभी इलाकों में जमीन की रजिस्ट्री के लिए विक्रेता के नाम से संबंधित प्लॉट की जमाबंदी होना अनिवार्य कर दिया था। इस जमाबंदी का उल्लेख नये डीड में भी किया जाता है। बिहार में जमीन विवाद कम करने और फर्जी रजिस्ट्री पर अंकुश लगाने को लेकर 21 फरवरी 2024 से जमाबंदी की अनिवार्यता लागू की गयी थी। लेकिन, बीते लगभग ढाई महीने में इस नियम के चलते निबंधन विभाग के राजस्व पर बड़ा असर पड़ा। इसके चलते सिर्फ मार्च में निबंधन विभाग का राजस्व करीब 80 फीसदी तक गिर गया था। वहीं, अप्रैल और मई माह में भी रजिस्ट्री दस्तावेजों की संख्या में करीब 60 फीसदी जबकि राजस्व में 50 फीसदी की कमी देखी गयी।

विभागीय अधिकारियों के मुताबिक नये जमाबंदी नियम के चलते वित्तीय वर्ष 2023-24 में 2022-23 के मुकाबले करीब 15 लाख कम दस्तावेजों की रजिस्ट्री हुई। 2022-23 में 1।54 करोड़ दस्तावेज रजिस्टर्ड हुए थे, जिसके मुकाबले 2023-24 में मात्र 1।40 करोड़ दस्तावेजों की ही रजिस्ट्री हो सकी। नियम लागू होने के बाद सिर्फ मार्च महीने में हर साल 1।50 लाख दस्तावेजों की रजिस्ट्री के मुकाबले मात्र 33 हजार दस्तावेजों की रजिस्ट्री संभव हुई।

### कम होने लगी थी जमीन की रजिस्ट्री

याचिकाकर्ता की ओर से वरीय अधिवक्ता मनन कुमार मिश्रा और अधिवक्ता अंजुल द्विवेदी ने कोर्ट को बताया कि राज्य सरकार ने 10 अक्तूबर, 2019 को बिहार निबंधन नियमावली के नियम 19 में संशोधन कर नया नियम जोड़ दिया था। इसके तहत जमीन की खरीद-बिक्री और दान तभी हो सकेगा जब जमीन बेचने वाले व दान देने वाले के नाम से जमाबंदी और होल्डिंग कायम हो। इस आदेश के बाद से बिहार के निबंधन कार्यालय में जमीन की रजिस्ट्री कम होने लगी थी जिससे सरकार को राजस्व भी कम आ रहा था।

BAYC Institute स्थापित : 1972

बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7

नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

डॉक्टर बनें एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन

DIPLOMA COURSE: DAT Acupressure Theapy | DAYS Acupressure Yoga Science | DY Yoga अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th | DEMS Electrohomeopathy Medicine Science अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th

DEGREE COURSE: MBBA Bachelor of Magnet & Acupressure | BAYS Bachelor of Acupressure Yoga Science अवधि : 03 वर्ष योग्यता : 10+2 | BEMS Bachelor of Electrohomeopathy Medicine Science | MBAS Bachelor of Medicine in ALT. Science अवधि : 4½ वर्ष योग्यता : 10+2

MD (Acu Yoga) | MD (TM) अवधि : 01 वर्ष योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | MD (EH) अवधि : 02 वर्ष योग्यता : BEMS

BA (Yoga) | MA (Yoga) | Yoga Teacher Course

PROFESSIONAL: BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL: BA | MA HINDI | POLITICAL SCIENCE SOCIOLOGY | HISTORY

Proposed Campus

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

Direct Admission | Regular Classes | Online Classes | Experienced Faculties

» एक्यूप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि |

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं|

डॉ. अजय प्रकाश सचिव

Apply Online : www.bayc.in

डॉ. सर्वदेव प्रसाद गुप्त अध्यक्ष

9572607696, 9304942855, 9334278279

परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारम्भ होने वाली है| सम्बंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में संपर्क करें|

Email : baycpatna@gmail.com | Website : www.indianacupressure.com

## संक्षिप्त समाचार

### सिम बेचने वाले युवक से की लूटपाट, बुरी तरह पीटा



**नालंदा।** नालंदा में सोमवार की देर शाम बदमाशों ने एक युवक के साथ लूटपाट की। मामला रहुई थाना क्षेत्र अंतर्गत सोहसराय हॉल्ट के समीप का है। लूटपाट के दौरान बदमाशों ने युवक के साथ लोहे के पंजे से मारपीट भी की जिसके वह जख्मी हो गया। डायल 112 पुलिस की मदद से युवक को इलाज के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। युवक नालंदा थाना क्षेत्र के बड़गांव निवासी योगेंद्र सिंह का (20) वर्षीय पुत्र गोलू कुमार है। जख्मी युवक ने बताया कि वह घूम-घूम कर सिम बेचने का काम करता है। रहुई बाजार से सिम बेचने के उपरांत वह अपनी बाइक से घर लौट रहा था। इसी बीच रहुई थाना क्षेत्र के सोहसराय रेलवे हॉल्ट के समीप 4 बदमाशों ने उसे रोक लिया और लूटपाट करने लगा। वह उन लोगों से विनती करने लगा कि उसका सारा सामान ले जाए और पर उसके साथ मारपीट न करें। हाथ में लोहे का पंजा पहन कर उन लोगों ने उसके साथ मारपीट की, जिसके कारण उसके शरीर में जगह-जगह जख्म के निशान हो गए। बदमाशों ने उसकी बाइक भी लूट ली, हालांकि कुछ दूर आगे ले जाकर बाइक को सड़क किनारे हैंडल लॉक कर खड़ा कर दिया।किसी तरह उसने हिम्मत जुटाया और कुछ दूर पर खड़ी डायल 112 पुलिस से मदद की गुहार लगाने पहुंचा। पुलिस को पहले संदेह हुआ कि उसने शराब पी रखी है हालांकि जब उसके शरीर पर जख्म के निशान दिखा तो 112 पुलिस उसे इलाज के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल लेकर पहुंची और युवक के परिजनों को घटना की जानकारी दी। बदमाशों ने युवक के पास से 300 रुपए नगदी और उसका मोबाइल लूट लिया। रहुई थाना अध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि बाइक और मोबाइल को बरामद कर लिया गया है। युवक के बयान के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### मानपुर के मंसा माई मंदिर में पूजा-अर्चना व भव्य भंडारा

**गया।** मानपुर के शिवचरण लेन स्थित मनसा माई मंदिर देवी स्थान के प्रांगण में सोमवार को पूजा-कीर्तन के साथ ही भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। इसमें वार्ड सं 48 की पार्षद रीता कुमारी व उनके प्रतिनिधि विजय कुमार ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पार्षद ने कहा कि पूजा-आर्चना से वार्ड के लोगों को एक जगह इकट्ठा होने का मौका मिलता है। इससे लोगों में भाईचारा बढ़ता है। क्षेत्र में शांति आती है। मान्यता है कि एक जगह खाने से लोगों में प्रेम बढ़ता है। इसलिए क्षेत्र में अक्सर भंडारा का भी आयोजन किया जाता रहा है। पार्षद प्रतिनिधि विजय कुमार ने कहा कि क्षेत्र के लोगों ने ही वार्ड पार्षद को चुना है। ऐसे में जिस भी तरीके से संभव हो, जनता की मदद होगी। वार्ड के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ा जाएगा।

### शांति निकेतन के स्टूडेंट्स का 12वीं की परीक्षा में जलवा

**गया।** CBSE 12 वीं में शांति निकेतन एकेडमी के छात्र-छात्राओं का सीबीएसई 12 वीं में प्रदर्शन शानदार रहा। छात्र-छात्राओं ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। विद्यालय स्तर पर शौम्या आर्यन 95 प्रतिशत अंक (कॉमर्स) शिवम कुमार 95 प्रतिशत अंक (आट्र्स), हरसीता राज 94 प्रतिशत (आर्टस), एश्वर्या नारायण 92 प्रतिशत (आर्टस), मो. माज अली हैदर 90 प्रतिशत (साइंस), वैभव कुमार 90 प्रतिशत (आर्टस), सानु कुमारी 89 प्रतिशत (साइंस), मानसी कुमारी 89 प्रतिशत (कार्मस) कर परचम लहराया।50 छात्रों ने 85 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त किए हैं। विद्यालय परीक्षा परिणाम शानदार रहा तथा विद्यालय शत-प्रतिशत छात्र सफल रहे। विद्यालय के चेयरमैन हरि प्रपन्न ने कहा कि विद्यालय के बच्चों ने एक बार फिर साबित कर दिया कि कठिन परिश्रम तथा सही मार्गदर्शन से जीवन में सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने छात्र के उत्कृष्ट सफलता के लिए छात्रों की कड़ी मेहनत और शिक्षकों की लगनशीलता का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि 12 वीं पास करने वाले स्टूडेंट्स फिलहाल गया में नहीं है।कुछ छुट्टी मनाने चले गए हैं तो कुछ दूसरे प्रदेश में ट्यूशन पढ़ने चल गए हैं। सभी स्टूडेंट्स की अभिभावकों को उनके छात्र की बेहतरी की शुभकामना भी दी गई है।साथ शिक्षकों को अब वर्ग 11 वीं में नामांकन लेने वाले छात्रों को बेहत्तर शिक्षा एवं 12वीं बोर्ड में उत्कृष्ट परिणाम मिले इस लिए बेहतर योजना पर काम करने का मौका मिला है। ताकि विद्यालय उच्च शिक्षा में भी अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सके।

### मगध की सबसे बड़ी मत्स्य मंडी है गया, रोज 30 क्विंटल रोहू व कतला की खपत



**गया।** मगध की सबसे बड़ी मत्स्य मंडी गया है। इस मंडी में पश्चिम बंगाल, आंध्रप्रदेश, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, ओडिशा के साथ गया में उत्पादित मछली की सप्लाई होती है। सप्ताह में सिर्फ मंगलवार व गुरुवार को ही मछली से भरी गाड़ियां नहीं आती है, पर अन्य पांच दिनों में सैकड़ों क्विंटल मछली की खपत प्रतिदिन यहां होती है। गया में जिंदा रोहू व कतला लोगों की पहली पसंद है। करीब 30 क्विंटल इसकी प्रतिदिन डिमांड है। लोगों की डिमांड की पूर्ति के लिए जिंदा रोहू व कतला मछली का सबसे बड़ा सप्लायर पश्चिम बंगाल है। यहां से प्रतिदिन 20 क्विंटल जिंदा मछली आती है। इसके अलावे आंध्रप्रदेश से आने वाली मछली का भी गया के बाजारों में मांग है। यहां से रोहू, कतला व जासर मछली को बर्फ में पैक कर लाया जाता है। आंध्रप्रदेश से तकरीबन 140 क्विंटल बर्फ में दबी मछली पहुंचती है, जिसकी सप्लाई गया से सटे आसपास के जिलों में भी होती है। बता दें कि आंध्रप्रदेश से आने वाली मछलियां बड़ी होती है और थोक बाजार में इसकी कीमत 130 से 140 रुपए प्रति किलो है। यूपी से आती है चेलवा व खैरा मछली पश्चिमी बंगाल व आंध्रप्रदेश के बाद उत्तरप्रदेश की भी मछली गया के बाजारों में बिकती है। उत्तरप्रदेश से चेलवा व खैरा मछली की सप्लाई होती है। प्रतिदिन करीब 20 क्विंटल ये दोनों मछलियां आती है। ये मछलियां गंगा नदी में मछुआरों द्वारा मारी जाती है। आकार में भी काफी छोटी होती है। इसकी सबसे ज्यादा बिक्री छोटे-छोटे ढाबों व होटलों में है। स्थानीय लोग भी इन मछलियों की अच्छी खरीदारी करते है। कीमत भी काफी कम होती है। छोटा रोहू का बड़ा सप्लायर है मध्यप्रदेश गया के बाजार में जो रोहू व कतला मछली का छोटा-छोटा बच्चा बिकता है, उसका सबसे बड़ा सप्लायर मध्यप्रदेश है। यहां से आने वाली मछलियों का साइज दो सौ से पांच सौ ग्राम के करीब होता है। इन मछलियों की खपत भी करीब 20 क्विंटल होती है। एमपी से आने वाली इन मछलियों की डिमांड नवादा में भी अधिक है। इसके अलावे गया से सटे करीब 40 से 50 किलोमीटर दूरी तक इसकी सप्लाई की जाती है। गया में मछली का अच्छा उत्पादन, पर पूर्ति नहीं थोक व्यापारी राज किशोर ने बताया कि गया में भी मछली का अच्छा उत्पादन होता है, पर इससे शहर की मांग पूरी नहीं हो सकती। आज गया में मुख्यतः कटारी तालाब, मानपुर नौरंगा तालाब, चाकंद पीरूविगहा तालाब ही है जहां भारी मात्रा में रोहु, कतला व जासर का उत्पादन होता है।

# 5वीं के छात्र मामले में एसआईटी गठित, 6 दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली

## विरोध में सड़क पर हो चुका प्रदर्शन

निज संवाददाता। गया




गया में 8 मई को वजीरगंज बाजार के रहने वाले 5वीं के छात्र मिहिर की डेड बॉडी मनैनी रेलवे ट्रैक पर मिला था। इस मामले में जिला पुलिस अब सक्रिय हुई है। अब तक वजीरगंज पुलिस ने केवल केस दर्ज किया था, लेकिन लोगों के सड़कों पर उतरने के बाद पुलिस की कार्रवाई में तेजी आई है। अब एसएसपी आशीष भारती ने एसआईटी गठित कर दी है।

**आवेदन के आधार पर अनुसंधानः** एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि इस मामले में वादी विकास कुमार ने आवेदन है। जिसके आधार पर अनुसंधान प्रारंभ किया गया है। वरीय पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया है। जिसमें अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वजीरगंज, वजीरगंज थानाध्यक्ष, वजीरगंज थाना के अन्य पुलिस अधिकारी, कर्मी, तकनीकी शाखा के पुलिस पदाधिकारी और कर्मी को शामिल किया गया है। एफएसएल की टीम को भी घटनास्थल पर भेजा गया है। विशेष टीम सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

**हत्या का केस दर्ज, पुलिस के हाथ खालीः** गौरतलब है कि 8 मई को मिहिर स्कूल बस से इंदिरा गांधी बेसिक स्कूल गया था, लेकिन वह स्कूल से 8 बजकर 40 मिनट पर सीसीटीवी फुटेज में भागता दिखाई दे रहा है। इसके 4 घण्टे बाद उसकी डेड बॉडी स्कूल से 5 किलोमीटर दूर मनैनी गांव के पास रेलवे ट्रैक पर मिला था। वह स्कूल से क्यों भागा, रेलवे ट्रैक तक वह कैसे पहुंचा, उसकी हत्या कैसे और किसने की इस बात की जानकारी अब तक पुलिस नहीं जुटा पाई है। वजीरगंज पुलिस स्कूल संचालक को भी अब तक गिरफ्तार नहीं कर सकी है। जबकि मृत छात्र के पिता ने स्कूल संचालक के खिलाफ हत्या का केस दर्ज करा रखा है।

### एक सप्ताह में 3 होटलों में सेक्स रैकेट का खुलासा

# गया में रंगरेलियां मनाते हुए 10 लड़के-लड़कियां पकड़ी गईं

निज संवाददाता। गया



गया में कोतवाली थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित दो अलग-अलग होटल से रंगरेलियां मनाते हुए 10 लड़के-लड़कियां पकड़ी गईं। 10 में से दो होटल के मैनेजर हैं। पुलिस पकड़े गए लड़के और लड़कियों से पूछताछ करने में जुटी है। यह कार्रवाई सिटी डीएसपी पीएन साहू के नेतृत्व में की गई है। बीते सप्ताह भी कोतवाली पुलिस ने दो स्टेशन रोड स्थित एक कमरे से एक अधेड़ को नाबालिग लड़की के साथ गिरफ्तार किया था। यही नहीं होटल के मालिक को भी गिरफ्तार किया था। इस मामले में अधेड़ की पत्नी ने ही होटल में सेक्स रैकेट चलाए जाने की सूचना पुलिस को दी थी।

**रजिस्टर भी नहीं था मेंटेनः** कोतवाली इंस्पेक्टर आशीष मिश्रा ने बताया कि स्टेशन रोड स्थित कुछ होटल में सेक्स रैकेट चलाए जाने की सूचना मिली थी। सूचना के सत्यापन के बाद सिटी डीएसपी के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम में एसआई सुषमा को भी शामिल किया गया। दोपहर बाद सबसे पहले होटल गौतम में छापेमारी की कई गई। यहां से 3 लड़के और 3 लड़कियां और होटल का मैनेजर गिरफ्तार किया गया। इसके बाद पास के होटल गौरव में भी 3 लड़के व 3 लड़कियां गिरफ्तार की गईं। होटल के मैनेजर को भी साथ मे गिरफ्तार किया गया। सभी को गिरफ्तार कर थाने लाया गया है। उनके खिलाफ कागजी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि होटल का मैनेजर बगैर पहचान पत्र के ही लड़के लड़कियों को होटल के कमरे दे रखे थे। यही नहीं उसने बगैर रजिस्टर भी मेंटेन नहीं किया था।

# गोलीबारी मामले में एक की हुई गिरफ्तारी

निज संवाददाता। गया

गया में बीती 8 मई की देर शाम मुफस्सिल थाना क्षेत्र के न्यू अबगिला में गोलीबारी हुई थी। जिसमें एक बुजुर्ग की मौत हुई थी। एक युवक जख्मी हो गया था। मामले में पुलिस एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। हालांकि वारदात को अंजाम देने वाले 2 दर्जन अपराधी हैं। पुलिस ने घटना के 6 दिन बाद महज एक को ही पकड़ा है। एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि 8 मई को हुई घटना में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित की गई थी। पीड़ित पक्ष की ओर से अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कराया गया था। पुलिस उन अपराधियों की शिनाख्त में जुटी थी। अपराधियों में से एक कि शिनाख्त होते ही मुफस्सिल पुलिस ने मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रहने वाले पिंटू कुमार को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया है। इसकी शिनाख्त के आधार पर अन्य अपराधियों की पहचान की जा रही है।

◆ फायरिंग में बुजुर्ग की हुई थी मौत, अन्य की गिरफ्तारी के लिए हो रही पूछताछ



**8 मई को हुई थी वारदातः** गौरतलब है कि आठ मई की हुई घटना में बुजुर्ग सल्लाउद्दीन अंसारी की मौत हो गई थी। इसके अलावा महबूब नाम का युवक गोली लगने जख्मी हो गया था। इस घटना के बाद इलाके में तनाव बना हुआ था। मौके पर डीएम और एसएसपी भी पहुंच गए थे।

# 5 जून तक चलेगी अग्निवीर सेना भर्ती रैली

## 25 मई से होगी शुरूआत, आर्म्ड पुलिस ग्राउंड में 11 जिलों के अभ्यर्थी होंगे शामिल

निज संवाददाता। गया



गया में अग्निवीर सेना भर्ती रैली 25 जून से शुरू होने वाली है। यह 5 जून तक चलेगी। यह रैली बोधगया के स्पेशल आर्म्ड पुलिस ग्राउंड में होगी। इसमें 11 जिलों के अभ्यर्थी शामिल होंगे। 11 जिलों में लखीसराय, नवादा, जहानाबाद, रोहतास,जमुई,नालंदा, औरंगाबाद, शेखपुरा, कैमूर भभुआ, गया एवं अरवल को शामिल किया गया है। अग्निवीर बहाली में लगभग 11 हजार लोगों की लिखित परीक्षा हुई थी। उसमे से लगभग 4.50 हजार अभ्यर्थी शॉर्टलिस्ट हुए हैं, जो अब दौड़ व मेडिकल में भाग लेंगे। सेना के अधिकारियों ने गया डीएम से अनुरोध किया है कि उक्त ग्राउंड में रैली के दौरान साफ-सफाई तथा ग्राउंड को समतल करवाने के लिए पर्याप्त बालू एवं जेसीबी सहित अन्य उपकरण की आवश्यकता है।

**वाटरप्रूफ पंडाल बनेगाः** इस पर डीएम ने आरसीडी व कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद बोधगया को निर्देश दिया कि आपस में समन्वय बनाकर पर्याप्त व्यवस्थाएं करवाना सुनिश्चित करें। ज़िला पदाधिकारी ने कहा कि डस्टबिन के साथ-साथ पर्याप्त सफाई कर्मी के साथ पूरी सफाई व्यवस्था ग्राउंड में रखी जाए। जाएगा। हीट वेब/ गर्मी को ध्यान में रखते हुए वाटरप्रूफ पंडाल निर्माण करवाने का अनुरोध किया गया है। इस पर जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारी को आवश्यकतानुसार कार्य करवाने का निर्देश दिया। इसके अलावा पर्याप्त बिजली की व्यवस्था , ट्रैफिक कंट्रोल, क्राउड कंट्रोल तथा पर्याप्त चिकित्सीय व्यवस्था इत्यादि की मांग सेना की ओर से की गई। डीएम ने स्पष्ट रूप से कहा कि जून माह में हीट वेब की पूरी संभावना है, हर अभ्यर्थी के पास ORS पैकेट उपलब्ध रखवाए। इसके अलावा पर्याप्त मेडिकल टीम, पैरासिटामोल दवा के साथ साथ आइस पैक, जार/ मटका का ठंडा पानी की पूरी व्यवस्था हर हाल में रखे। वाटर कूलर की भी पूरी व्यवस्था रखे। इस रैली के जिला प्रशासन की ओर से ज़िला सामान्य शाखा प्रभारी पदाधिकारी राहुल कुमार को नोडल पदाधिकारी नामित किया गया है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि उक्त रैली को पूरी पारदर्शिता के साथ भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न करवाएं।

# मठ के महंत पर लोहे की रॉड से हमला, नालंदा में गांव के ही बदमाश ने की मारपीट

◆ मठ की जमीन हड़पने और रंगदारी मांगने का आरोप

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा में मंगलवार को मठ के एक महंत के साथ मारपीट की घटना हुई है। मामला नूरसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत मुजफ्फरा गांव का है। मारपीट की घटना में महंत गंगादास गंभीर रूप से जख्मी हो गए हैं। जिन्हें ग्रामीणों की मदद से इलाज के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। महंत गंगादास मुजफ्फरा गांव स्थित मठ में महंत के पद पर कार्यरत हैं। घटना के संबंध में ग्रामीण ने बताया कि वह मठ के समीप ही बनी बाथरूम में जा रहे थे। इसी बीच रड से मारकर गांव के ही एक बदमाश ने जख्मी कर दिया। जिसके कारण वे गंभीर रूप से जख्मी हो गए और उन्हें इलाज के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल लाया गया।

**बदमाश, मौके से फरारः** बताया जाता है कि गांव के ही एक बदमाश के द्वारा मठ की जमीन पर कब्जा जमाने के लिए महंत के साथ मारपीट की गई है। बदमाश ने कई बार रंगदारी भी मांगा था। गनीमत रही कि घटना के वक्त अन्य लोग भी वहाँ मौजूद थे। जिसके कारण शोर शराबा होने पर बदमाश मौके से फरार हो गया। बचपन से ही महंत गंगा दास नूरसराय के मुजफ्फरा गांव स्थित मठ में रह रहे हैं। इनका पैतृक गांव थरथरी थाना क्षेत्र के चन्दूआरा गांव में पड़ता है। बात के दिनों में गंगा दास को महंत घोषित कर दिया गया।

**क्या बोली पुलिसः** वहीं इस मामले में नूरसराय थानाध्यक्ष रजनीश कुमार न बताया कि पुजारी के साथ मारपीट की घटना प्रकाश में आई है। महंत के फर्द ब्यान लेने के लिए पुलिस टीम को अस्पताल भेजा गया है। मामले की जांच की जा रही है आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क हादसे में मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव की मौत

निज संवाददाता। नालंदा



◆ काम खत्म कर लौट रहे थे घर, अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने रास्ते में रौंद डाला

नालंदा में सोमवार की देर शाम सड़क हादसे में एक अधेड़ की मौत हो गई। घटना सोहसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत कखड़ा मोड़ के समीप हुई है। मृतक की पहचान नूरसराय थाना क्षेत्र के कुंदी दरुआरा गांव निवासी (45) वर्षीय प्रशांत कुमार के रूप में की गई है। घटना के संबंध में मृतक के परिजन ने बताया कि वह बिहार शरीफ से काम खत्म कर वापस घर लौट रहे थे। इसी बीच सोहसराय थाना क्षेत्र के कखड़ा मोड़ के समीप अनियंत्रित तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने कुचल दिया और मौके से फरार हो गया। इसके बाद प्रशांत कुमार को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रशांत कुमार मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव का काम करते थे।

**आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई होगीः** सोहसराय थाना अध्यक्ष राजमणि ने बताया कि सड़क दुर्घटना में जख्मी होने की सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से जख्मी को इलाज के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। शव को कब्जे में लेकर पुलिस पोस्टमॉर्टम कराने की प्रक्रिया में जुट गई है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# किसान का देसी जुगाड़ः शहद प्रोसेसिंग के साथ लाखों की बचत

## नालंदा में खुद के बगीचे में रखते हैं बॉक्स, एक बक्से से मिलता है 25 किलो शहद

निज संवाददाता। नालंदा

बदलते समय के साथ मजदूरों की किल्लत हुई तो खेती-किसानी में मशीनों का इस्तेमाल काफी बढ़ गया है। खेती की पुरानी पद्धति काफी पीछे छूटती जा रही है। इन सबके बीच बिहार शरीफ के दीपनगर के रहने वाले प्रगतिशील किसान सुरेन्द्र राम देसी जुगाड़ से न सिर्फ शहद की प्रोसेसिंग कर रहे हैं। बल्कि, हर साल लाखों की बचत भी कर रहे हैं। बड़ी बात यह भी कि नई पीढ़ियों को प्रोसेसिंग की पुरानी पद्धति से रूबरू भी कराने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। शहद प्रोसेसिंग के देसी जुगाड़ को देखने के लिए हर दिन जिले के विभिन्न गांवों से किसान उनके यहां पहुंचते हैं।

**शहद प्रोसेसिंग की पुरानी पद्धतिः** सुरेन्द्र बताते हैं कि सबसे पहले मधुमक्खी के छत्ते से शहद को निकालकर किसी बर्तन में रख लें। उसके बाद 2 बर्तन लें। एक बड़ा और छोटा। बड़े बर्तन में साफ पानी डालकर उसे मिट्टी के चूल्हे पर चढ़ा दें। पानी भरे बर्तन में लकड़ी का एक या दो गुटका रख दें। ताकि, दोनों बर्तन आपस में एक-दूसरे के संपर्क में न आए। फिर छोटे बर्तन को बड़े बर्तन के अंदर डाल दें। इसके बाद छोटे बर्तन में छत्ते से निकाले गए शहद को रखकर ढंक दें। करीब छह घंटे



तक चूल्हे में आग जलाकर पानी को गर्म करते रहें। इससे छोटे बर्तन में रखा शहद गर्म होगा और शहद में मौजूद अपशिष्ट पदार्थ फेन की तरह ऊपर आएगा। उसे हटा लें। जब फेन निकलना बंद हो जाए तो समझें की शहद पूरी तरह प्रोसेसिंग होकर तैयार हो चुका है। इसके बाद 12 घंटे तक ठंडा होने के लिए छोड़ दें। इस प्रक्रिया से शहद में मौजूद पानी और अपशिष्ट पदार्थ बहार निकल जाता है और शहद पूरी तरह शुद्ध हो जाता है।

**बाजार में प्रोसेसिंग मशीन की कीमत 12 लाखः** बाजार में अलग-अलग क्षमता की शहद की प्रोसेसिंग मशीन की कीमत 2 लाख से 12 लाख तक है। इसे चलाने के लिए बिजली की जरूरत पड़ती है। कीमत अधिक रहने के कारण कम पुंजी वाले किसान चाहकर भी इसे खरीद नहीं पाते हैं। इसके कारण औने-पौने में दाम में अपना शहद बड़ी-बड़ी कंपनियों को बेच देना पड़ता है। जबकि, किसानों के शहद को कंपनियां प्रोसेसिंग और ब्रांडिंग के बाद बाजार में अधिक दाम पर बेच मुनाफा कमाते हैं।

**कई वर्षों से कर रहे मधुमक्खी पालनः** सुरेन्द्र राम कई वर्षों से मधुमक्खी पालन कर रहे हैं। दीपनगर में उनका बगीचा है। उसमें मधुमक्खियों के बक्से को रखते हैं और उससे शहद तैयार करते हैं। अलग-अलग मौसम में अलग-अलग स्वाद के शहद मधुमक्खियां तैयार करती हैं। वे बताते हैं कि मौसम अनुकूल रहा तो एक बक्से से 20 से 25 किलो शहद मिलता है।

समस्तीपुर में चुनाव के बाद रोहतास लौट रहे थे सभी पुलिसकर्मी

# पुलिस वैन और ट्रक की टक्कर में बारह महिला सिपाही समेत छह प्रशिक्षु सब इंस्पेक्टर घायल

**मेहंदिया थाना क्षेत्र के पंजाबी होटल के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 139 पर हुआ हादसा**



निज संवाददाता

**अरवल।** अरवल में चुनाव कराकर लौट रहे पुलिस की गाड़ी को ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में 12 महिला सिपाही और 6 प्रशिक्षु सब इंस्पेक्टर घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस पहुंची और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वहीं, घटना सूचना पर मेहंदिया थाने की पुलिस भी मौके पर पहुंची। फिर सभी घायलों को बारी-बारी से अस्पताल पहुंचाया गया। घटना के बाद ट्रक लेकर चालक फरार हो गया। बताया जा रहा है कि रोहतास जिले की पुलिस समस्तीपुर से मतदान खत्म करा कर रोहतास लौट रही थी। समस्तीपुर जिला के मोहनपुर विद्यालय से एक साथ चार गाड़ियां निकली थी। जिसमें तीन गाड़ी पीछे चल रही थी, जिसमें दो महिला पुलिस कर्मियों की गाड़ी आगे थी और एक पुरुष पुलिसकर्मियों की गाड़ी पीछे चल रही थी। इसी दौरानमेहंदिया पंजाबी होटल के समीप ओवर टेक करने के दौरान ट्रक ने पीछे से पुलिस कर्मियों की गाड़ी में टक्कर मार दी। इसमें 18 पुलिसकर्मी घायल हो गए। घायलों में 6 प्रशिक्षु एसआई और 12 महिला सिपाही शामिल हैं। इस घटना में महिला प्रशिक्षु दरोगा काजल कुमारी, सुजाता कुमारी, स्वाति कुमारी, प्रिया कुमारी, रूपम कुमारी, प्रियंका कुमारी और जया भारती जख्मी हुई है। वहीं, रोहतास जिला बल के महिला जवान पुष्पा कुमारी, निकिता कुमारी, मोनिका कुमारी, माला कुमारी, पूजा कुमारी, वर्षा रानी, रानी गीतांजलि, बिंदु कुमारी, शालू कुमारी, फूलमाला कुमारी, कुमारी राजनंदनी और गीता कुमारी जख्मी हुई है। घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। इसमें दो महिला दरोगा काजल कुमारी और प्रिया कुमारी की स्थिति गंभीर बनी हुई है, इन्हें सदर अस्पताल में रेफर किया गया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद हेड क्वार्टर डीएसपी पवन कुमार सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और घायल महिला जवानों के हाल-चाल जाना। मेहंदिया थानाध्यक्ष राहुल अभिषेक ने बताया की घायल पुलिस कर्मियों की जानकारी जुटा रहे है। वहीं, फरार ट्रक चालक की गिरफ्तारी के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगी सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है।

## इलाज कराने आई महिला को तेज रफ्तार वाहन ने मारी टक्कर, मौत

निज संवाददाता

**भगवानपुर (कैमूर)।** कैमूर के भगवानपुर प्रखंड के हीरो एजेंसी खीरी के पास सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भगवानपुर में इलाज कराने आई महिला की घर लौटने के के क्रम में एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। जिसे स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए भगवानपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद घायल महिला को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भभुआ लाया गया। सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। जहां रास्ते में ही महिला की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद परिजन मृतका के शव को लेकर सदर अस्पताल भभुआ पहुंचे, जहां सूचना पर पहुंची पुलिस कागजी कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। जहां मृतका की पहचान भगवानपुर थाना क्षेत्र के बजरडीहवा गांव के जयप्रकाश की पत्नी राजकुमारी(42) उर्फ राम कुमारी के रूप में हुई है। मृतका के तीन बच्चे है। ग्रामीणों ने बताया महिला को कुछ दिनों से बुखार आ रहा था। वह अपने घर से इलाज कराने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भगवानपुर आए थे। वहीं घर लौटने के दौरान खीरी के पास उसे दूसरे वाहन ने टक्कर मार दिया, जिससे महिला गंभीर रूप से घायल होकर वहीं पर गिर पड़ी। उसको उपचार के लिए हायर सेंटर जैसे ही पहुंचे ही थे तब तक महिला की मौत हो गई।

## पवन सिंह की मां ने काराकाट संसदीय क्षेत्र से किया नामांकन दाखिल

निज संवाददाता



**सासाराम (रोहतास)।** काराकाट संसदीय क्षेत्र से पवन सिंह की मां प्रतिमा देवी ने मंगलवार को नामांकन दाखिल किया है। पवन सिंह के नामांकन के 5 दिन के बाद आज अंतिम दिन उनकी मां ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन किया है। बता दें कि नामांकन के अंतिम दिन मंगलवार को 8 नए प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। पवन सिंह के नामांकन रद्द होने की आशंका पर मां ने भी नामांकन किया है। अगर, बेटे का नामांकन रद्द होता है तो मां चुनाव लड़ेगी। पवन सिंह द्वारा 9 मई को नामांकन किया गया था। कल 15 मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी, जबकि 16 मई तक नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि है। बता दें कि पवन सिंह की मां बिना शोर-शराबे के कलेक्ट्रेट पहुंची। इसके बाद चुपचाप रवाना हो गई। उनके साथ सिर्फ प्रस्तावक थे। बिना किसी नारेबाजी और फेलमाला के सादगी के साथ नामांकन कर वापस चली गई। पवन सिंह या उनके टीम द्वारा इस संबंध में अभी तक कुछ नहीं कहा गया है। पवन सिंह की मां द्वारा नामांकन किए जाने से यह साफ हो गया है कि पवन सिंह अब नाम वापस नहीं लेंगे।

अगर उनका नामांकन भी किसी कारण रद्द होता है तो उनकी मां चुनाव लड़ेंगी। उल्लेखनीय है कि पवन सिंह की मां प्रतिमा देवी और पत्नी उनकी नामांकन सभा में भी पहुंची थी। जिसमें मां ने बेटे के लिए आंचल फैलाकर वोट मांगा था। आज बेटे की लड़ाई के लिए वो खुद मैदान में आ गईं हैं। बता दें कि पवन सिंह मैदान में आने के कारण काराकाट हॉट सीट बन गया है। NDA प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा, इंडिया गठबंधन के राजा राम सिंह के साथ अब निर्दलीय पवन सिंह की चर्चा पूरे क्षेत्र में है। मुख्य मुकाबला इन्हीं में माना जा रहा है। अब अपनी मां से भी नामांकन करा कर पवन सिंह ने संदेश दे दिया है कि वो मैदान नहीं छोड़ने वाले हैं।

## ईवीएम में किसी तरह की छेड़छाड़ संभव नहीं : चुनाव अधिकारी

**जहानाबाद (नि.सं.)।** ईवीएम से मतदान को लेकर कई तरह की चर्चाएं होती हैं। लेकिन, नयी आधुनिक ईवीएम से किसी तरह की छेड़छाड़ संभव नहीं है। अधिकारियों के अनुसार लोकसभा चुनाव का मतदान मार्क-3 ईवीएम यानि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन थर्ड जनरेशन से होगा। इस बार प्रयोग में लायी जानेवाली एम-3 ईवीएम आधुनिक मॉडल है। इस मशीन में छेड़छाड़ की हर गुंजाइश खत्म कर दी गयी है। छोटी-मोटी खराबी आने पर यह स्वयं दुरुस्त कर लेगी। यानि यदि सॉफ्टवेयर में कोई फॉल्ट है तो यह उसे पकड़ लेगी और इसके डिस्प्ले स्क्रीन पर प्रदर्शित होने लगेगा। टेंपर डिटेक्ट एम-3 ईवीएम का यह फीचर है कि यदि इससे कोई छेड़छाड़ करता है तो यह काम करना बंद कर देगी। यही नहीं इस ईवीएम में 24 बैलेट यूनिट और 384 प्रत्याशियों की जानकारी होगी। पहले सिर्फ 4 बैलेट यूनिट और 64 प्रत्याशियों की जानकारी ही रखी जा सकती थी। इसलिए प्रत्याशियों की संख्या बढ़ने पर अब परेशानी नहीं होगी। पूर्व में 64 से ज्यादा उम्मीदवार होने की स्थिति में बैलेट पेपर इस्तेमाल होने का प्रावधान था। इसके अलावा इस मशीन के कंट्रोल यूनिट और बैलेट यूनिट आपस में संवाद करने में सक्षम है।

## 1250 मतदाता ने वोट का किया बहिष्कार

निज संवाददाता




**सासाराम (रोहतास)।** रोहतास के दिनारा विधानसभा के दिनारा प्रखंडू के अरंग पंचायत के सेमरा गांव के ग्रामीणों ने रोड नहीं तो वोट नहीं का नारा लगाते हुए वोट बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। ये क्षेत्र बक्सर लोकसभा क्षेत्र के दिनारा प्रखंड के अंरग पंचायत का भाग है। ग्रामणों ने रोड नहीं तो वोट नहीं के बैनर के साथ मंगलवार को प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि वोट मांगने के समय पर लोग आते हैं। फिर विकास की बात भूल जाते हैं। नोखा प्रखंड के हंसनाडीह गांव जाने वाले रास्ते से हम लोग नोखा बाजार करने जाते हैं। इस सड़क की मांग को लेकर कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधि, विधायक, प्रशासनिक पदाधिकारी से की गई। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इसलिए हमलोगों ने इस बार वोट न करने का निर्णय लिया है। वोट बहिष्कार का नारा लगाते हुए वोट बहिष्कार का बैनर लगा दिया है। गांव में वोट मांगने नहीं आने को कहा है। बताया कि नोखा प्रखंड के हसनाडीह जाने वाले रास्ते 40 साल पूर्व में बने हुए हैं, जो गड्ढे में तब्दील हो गया है। बरसात में कीचड़ में आना-जाना मुश्किल हो जाता है। इस रास्ते की मांग को लेकर के हम लोगों द्वारा कई बार मांग की है लेकिन यह नहीं बना। प्रदर्शन करने वालो में सेमरा गाव निवासी रामप्रवेश सिंह, विजय सिंह चंद्रवंशी, हरेंद्र सिंह यादव, शशि भूषण सिह, राम नारायण पासवान, कमलेश महतो, राजवंश सिंह, रविकांत निराला, एवं अन्य शामिल थे। सेमरा गांव दो मतदान केंद्र है गांव में सेमरा गांव में दो वार्ड पड़ता है। अरंग पंचायत के वार्ड संख्या 12, 13 में कुल लगभग 700 से 800 घर पड़ते हैं। गांव की जनसख्या लगभग चार हजार है। कुल मतदाता दो मतदान केंद्र पर लगभग 1250 हैं। दिनारा बीडीओ कुलदीप कुमार विभूति ने बताया कि सेमरा गांव में जाकर बातचीत की गई। ग्रामीण नोखा से सड़क को मिलने की मांग कर रहे है। जिसे चुनाव बाद बनाने की बात कही गई। क्योंकि अभी आचार संहिता लागू है।

## सासाराम स्टेशन से रंगे हाथ बाइक चोर गिरफ्तार गश्ती के दौरान आरपीएफ की टीम ने पकड़ा

निज संवाददाता



**सासाराम (रोहतास)।** सासाराम रेलवे रेलवे स्टेशन के आरपीएफ ने बाइक चोर को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। बताते हैं कि मंगलवार को निरीक्षक प्रभारी आरपीएफ़ सासाराम संजीव कुमार एवम जीआरपी प्रभारी विक्रांत सिंह के नेतृत्व में उप निरीक्षक डी एस राणावत, आरक्षी पंकज कुमार सिंह, आरक्षी सौरभ कुमार को साथ गश्ती कर रहे थे। इसी क्रम में सासाराम स्टेशन पर चेकिंग के दौरान स्टेशन परिसर में स्थित बुकिंग काउंटर के पास पहुंचे तो देखा कि एक व्यक्ति बुकिंग काउंटर के सामने लगी बाइक में एक युवक चाबी लगाकर लॉक खोलने का प्रयास कर रहा है। संदिग्ध को रेल परिसर में ही पकड़ लिया तथा नाम-पता पूछने पर उसने अपना पहचान सिकरिया थाना क्षेत्र के दरीगांव निवासी अजय कुमार सिंह के पुत्र निलेश सोमवंशी (20) के रूप में बताया। वहीं पूछताछ करने पर बताया कि मैं रेलवे स्टेशन सासाराम पर बाइक चुराने के उद्देश्य से आया था।

रेल परिसर में खड़ी मोटरसाइकिल चुराने के लिए अपने पास के मास्टर चाबी को लगाकर लॉक खोलने का प्रयास कर ही रहा था, तभी आरपीएफ़ ने पकड़ लिया। बाद मौके पर तलाशी लेने पर उसके जींस के दाहिनें पॉकेट में एक गोल्डन रंग की मास्टर चाबी पाई गई। उक्त व्यक्ति को लेकर राजकीय रेल पुलिस थाना सासाराम पहुंचे। जहां राजकीय रेल पुलिस सासाराम द्वारा कांड दर्ज कर न्यायालय को अग्रसारित किया गया। आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी ने बताया कि हाल के दिनों में स्टेशन परिसर से बाइक चोरी के मामले सामने आए थे, जिसके बाद विशेष चौकी की जा रही है।

## असम सांसद की पार्टी काराकाट में नहीं लड़ेगी चुनाव, प्रदेश महासचिव ने की मीटिंग

निज संवाददाता



**सासाराम (रोहतास)।** गण सुरक्षा पार्टी चुनाव नहीं लड़ेगी, बल्कि समान विचारधारा वाले पार्टी के प्रत्याशी का समर्थन करेगी। यह बात पार्टी के प्रदेश महासचिव अनंत प्रसाद सोनी ने काराकाट लोकसभा क्षेत्र के दाउदनगर में मंगलवार को कही। उन्होंने कहा कि सर्वसम्मति से पार्टी में यह निर्णय लिया गया है कि काराकाट, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, गोपालगंज, सारण तथा महाराजगंज सीट से पार्टी चुनाव नहीं लड़ेगी। हालांकि पहले तय किया गया था कि पार्टी इन क्षेत्रों से चुनाव लड़ेंगी, अब तय किया गया है कि यहां पार्टी के नेता और कार्यकर्ता समान विचारधारा के उम्मीदवार का समर्थन करेंगे। बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नवा कुमार सारनिया, बाल्मीकि नगर लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं। उनके पक्ष में सामूहिक रूप से प्रचार-प्रसार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सारनिया असम के कोकड़ाझाड़ लोकसभा से दो बार सांसद रहे। इस बार वैधानिक कारण से उनका नामांकन रद्द हो गया है। इसलिए इस बार वाल्मीकि नगर लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं। बताया कि पार्टी जल्द यह निर्णय लेगी कि काराकाट लोकसभा क्षेत्र से किसे समर्थन करे। कहा कि काराकाट लोकसभा क्षेत्र में एनडीए उपेंद्र कुशवाहा एवं इंडिया गठबंधन के राजाराम में टक्कर है जबकि निर्दलीय पवन सिंह मुकाबले को त्रिकोणीय बना रहे हैं। पार्टी किसे समर्थन करेगी, यह जल्द निर्णय लेगी।

## रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से कराया अवगत



निज संवाददाता

**हाजीपुर (वैशाली)।** मंगलवार को मुख्यालय, हाजीपुर में 03 रेलकर्मी/उनके आश्रितों ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश से मुलाकात की तथा अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिए। विदित हो कि रेलकर्मियों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं।

## अप्रैल माह में स्टेशनों पर गंदगी फैलाते हुए 522 यात्री पकड़े गये, 1.05 लाख रुपये की वसूली

निज संवाददाता

**हाजीपुर (वैशाली)।**पूर्व मध्य रेल द्वारा ट्रेनों एवं स्टेषन परिसर को स्वच्छ रखने हेतु हर संभव कदम उठाया जाता है । सभी स्टेशनों पर नियमित आधार पर साफ-सफाई और सैनिटाइजेशन किया जाता है। पिछले माह दानापुर मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर मशीनीकृत और मैन्युअल रात्रि धुलाई के लिए दिनांक 15.04.2024 से 29.04.2024 तक 15 दिनों का एक विषेष अभियान आयोजित किया गया था। रेल प्रषासन यात्रियों से ट्रेनों एवं स्टेषन परिसर को स्वच्छ रखने में सहयोग की अपेक्षा करती है। फिर भी कुछ यात्रियों द्वारा ट्रेनों एवं स्टेशन परिसर में गंदगी फैलाते हैं। इसे रोकने हेतु पूर्व मध्य रेल द्वारा गंदगी फैलाने वाले यात्रियों से जुर्माना भी वसूल किया जाता है। इसी क्रम में चालू वित्तीय वर्ष के अप्रैल माह में 522 यात्रियों को ट्रेनों एवं स्टेशन परिसर में गंदगी फैलाते हुए पकड़ा गया तथा उनसे जुर्माने के रूप में 1.05 लाख रूपये वसूल किये गये।

## निर्दलीय प्रत्याशी मुनी लाल यादव ने किया नामांकन

निज संवाददाता



**जहानाबाद।** जहानाबाद राजद पार्टी में विद्रोह राजद के पूर्व विधायक और पार्टी के प्रदेश महासचिव मुनी लाल यादव लोकसभा के लिए निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन किया। इससे राजद पार्टी को झटका लगा। उन्होंने कहा कि जितने भी प्रत्याशी हैं, महागठबंधन और एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी हैं। सभी बाहरी हैं, मैं इस जिले का रहने वाला हूं। इसलिए जनता के दुख भली-भांति समझता हूं। जो भी यहां आते हैं जीत कर चले जाते हैं। जिले की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। पूर्व के प्रतिनिधि जिले के विकास पर कोई ध्यान नहीं देते हैं। इसके कारण जिला लगातार पिछड़ता जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील किया कि हमें जीताएं हम आपकी समस्या को लेकर हर वक्त मौजूद रहेंगे। यहां से लेकर दिल्ली तक आपकी समस्या को दूर करने का प्रयास करूंगा। अगर मैं जीत गया तो लोकसभा में जनता की समस्या के लिए संघर्ष करता रहूंगा। जो बड़ी-बड़ी इस जिले की समस्या है उसे दूर करने का प्रयास करूंगा। नामांकन में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। जैसे ही नामांकन कर बाहर निकले समर्थक द्वारा फूल माला से उनका स्वागत किया गया। लेकिन जिस तरह से राजद पार्टी के जिले के दमदार नेता बगावत कर दिया है। इससे राजद पार्टी को भारी संकट का सामना करना पड़ेगा।

## पटना-गया मेमू और कार की टक्कर में चार लोग घायल, आधे घंटे तक बाधित रहा ट्रेन का रूट

निज संवाददाता




**जहानाबाद।** जहानाबाद में कड़ौन हॉल्ट के पास मानव रहित क्रासिंग पर पटना-गया मेमू ट्रेन और कार की टक्कर हो गई। बताया जा रहा है कि हादसे में कार सवार चार लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घायलों को नजदीक के प्राइवेट क्लिनिक में भर्ती कराया है। हालांकि बताया जा रहा है कि कार ड्राइवर मौके से भाग निकला। हादसे के बाद करीब आधे घंटे तक पटना-गया रुट पर ट्रेन ट्रैफिक ठप हो गया। गया से पटना जा रही पटना-गया मेमू ट्रेन नंबर-03270 से कार की टक्कर के बाद हादसा हुआ है। बताया जाता है गया से ट्रेन पटना जा रही थी। जैसे ही हाल्ट के पास पहुंची कि एक कार रेलवे क्रॉसिंग पार कर रही थी। कार रेलवे ट्रैक पर पहुंची और अचानक बंद हो गई, उधर से ट्रेन पहुंच गई जिसमें जोरदार टक्कर हो गया। टक्कर से कार क्षतिग्रस्त हो गया। ग्रामीणों का कहना है कि इस कार पर चार व्यक्ति सवार थे। ग्रामीणों के सहयोग से सभी व्यक्ति को कार से बाहर निकाला गया है।

ग्रामीणों के अनुसार सभी व्यक्ति घायल हैं। ग्रामीणों का कहना है घायल व्यक्ति को इलाज के लिए निजी क्लीनिक भर्ती कराया गया है। इस घटना की सूचना रेलवे विभाग के अधिकारी को दिया गया। मौके पर पहुंचकर रेलवे ट्रैक से कार को हटाया गया और रेल परिचालन को शुरू किया गया। कार पर सवार व्यक्ति कहां के रहने वाले थे, इसका कोई अता-पता नहीं चल रहा है। मानव रहित क्रॉसिंग को जेसीबी के माध्यम से अवरुद्ध किया जा रहा है। इस बारे में रेलवे अधिकारियों से पूछने पर कुछ भी बताने से इनकार कर रहे हैं।

## छत से गिरकर महिला सहित तीन घायल

**भभुआ (कैमूर) (नि.सं.)।** जिले के थाना क्षेत्रों में छत से गिरकर महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। घायलों में चैनपुर थाना क्षेत्र के सिकन्दरपुर गांव की धाना बीबी, डेहरी के अजय पटेल व भभुआ थाना क्षेत्र के उजारी सिकठी गांव के भोला खलिफा शामिल हैं। उजारी सिकठी का घायल मिर्गी रोग से पीड़ित है। नींद में उठा और छत से नीचे गिरकर वह घायल हो गया। परिजनों ने बताया कि धाना बीबी अपने घर की छत पर रात में सोई हुई थी। रात में उनकी नींद खुली तो वह नीचे आने लगी। इसी दौरान वह गिरकर घायल हो गई। परिजनों द्वारा सभी घायलों को मंगलवार को सदर अस्पताल लाया गया। चिकित्सक द्वारा इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कर उनका घायल किया गया।

## गायब 30 मोबाइल को बरामद कर सौंपा

**भभुआ (कैमूर) (नि.सं.)।** चोरी व गुम हुए 30 मोबाइक को कैमूर पुलिस द्वारा ऑपरेशन मुस्कान के तहत बरामद कर उसके धारक को मंगलवार को सौंप दिया।

## अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 विषयक कन्वेंशन का किया गया आयोजन

- **कन्वेंशन में जिले के करीब सभी अंचलों से संगठन के करीब 200 कार्यकर्ताओं, नेताओं के साथ-साथ सासाराम नगर के प्रतिष्ठित बुद्धिजीवी भी थे मौजूद**

निज संवाददाता




**सासाराम (रोहतास)।** रोहतास जिला मुख्यालय सासाराम स्थित रौनियार वैश्व सेवा सदन (नूरगंज बौलिया रोड) के सभागार में मंगलवार को अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा ने लोकसभा चुनाव 2024 विषयक कन्वेंशन का आयोजन किया। इस कन्वेंशन में जिले के करीब सभी अंचलों से संगठन के करीब 200 कार्यकर्ताओं, नेताओं के साथ-साथ सासाराम नगर के प्रतिष्ठित बुद्धिजीवी भी मौजूद थे। कन्वेंशन की अध्यक्षता और संचालन सासाराम सिविल कोर्ट के वकील आर.पी. सिंह ने किया। इस कन्वेंशन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सीपीआई(एम एल) न्यू डेमोक्रेसी के राज्य प्रवक्ता डॉ.वी.के पटोले ने कहा कि वर्तमान लोकसभा चुनाव 2024 भारत में शासक वर्ग की राजनीति की दिशा तय करने वाले अब तक के हुए सभी चुनावों में सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण हैं। आज दांव पर सिर्फ यह नहीं है की सरकार किसकी बनेगी, बल्कि शासन का क्या रूप होगा यह भी दांव पर है।

उन्होंने कहा कि इस कृषि प्रधान देश के किसानों के लिए आरएसएस-भाजपा सरकार एम.एस.पी. की कानूनी गारंटी देने का वायदा करके भी इसके लिए कानून बनाने से मुकर गई। स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को दरकिनार कर दिया। बेतहाशा बढ़ती मंहगाई, बेरोजगारी को ढ़कने के लिए आरएसएस-भाजपा सरकार देश में सांप्रदायिकता को बढ़ावा देकर जनता को आपस में लड़ा रही है। इस कन्वेंशन को संबोधित करने वाले अन्य प्रमुख वक्ताओं में सासाराम नगर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ.बी.बी सिंह, अधिवक्ता हीरालाल पासवान, लोक संघर्ष मोर्चा के सुनील कुमार वर्मा, मो० मुन्ना, जनवादी ऑटो चालक मजदूर संघ के महासचिव दिनेश कुमार, ए.आई.के.एम.एस. के रोहतास जिला कमेटी अध्यक्ष राजेश पासवान, सुरेंद्र सिंह, प्रमोद मेहता, रामनारायण प्रसाद, सुखाड़ी वनवासी, नौजवान भारत सभा के संजय क्रांति शामिल थे।

# कृषि टास्क फोर्स की बैठक में कृषि एवं सम्बद्ध विभाग की समीक्षा की गयी

निज संवाददाता



**नवादा**। समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में प्रशांत कुमार सी एच जिला पदाधिकारी, नवादा की अध्यक्षता में जिला कृषि टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई जिसमें कृषि एवं सम्बद्ध विभाग की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में कार्यपालक अभियंता विद्युत, नवादा को निदेश दिया गया कि खरीफ मौसम में धान की रोपनी के समय कृषि फीटर से 08-16 घण्टे तक बिजली की आवश्यकता होती है इसलिए फीटर को दुरूस्त कर लेगें ताकि पटवन के समय किसानों को निर्बाध रूप से बिजली मिलती रहे। बैठक में पशुओं के टीकाकरण, पशु एम्बुलेंस की समीक्षा की गई है, साथ ही मत्स्य विभाग ने जिला में हैचरी की उपलब्धता से सम्बन्धित जानकारी दी। समीक्षा के क्रम में कृषि यांत्रीकरण योजनान्तर्गत किसानों से विभिन्न यंत्रों के लिए प्राप्त किये जा रहे ऑनलाइन आवेदनों का सत्यापन विभिन्न स्तरों पर अधिक लम्बित रहने के कारण सहायक निदेशक, कृषि अभियंत्रण, नवादा को इसे एक सप्ताह के अन्दर पूर्ण करने का निदेश दिया गया। जिला कृषि पदाधिकारी, नवादा के द्वारा जानकारी दी गई कि जिले में मोटे अनाज जैसे मडुआ, चीना, ज्वार एवं बाजरा का की खेती के लिए लगभग 7218 एकड़ का लक्ष्य प्राप्त हुआ है परन्तु विभाग के द्वारा अभी बीज नहीं उपलब्ध कराया गया है। बैठक में आत्मा की समीक्षा क्रम में उप परियोजना निदेशक, आत्मा, नवादा द्वारा जानकारी दी गई विभाग के द्वारा आत्मा के कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के लिए संशोधित लक्ष्य प्राप्त हुआ है, इस सम्बन्ध में जिला पदाधिकारी के द्वारा जिला एवं राज्य के बाहर कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए कृषि से सम्बन्धित संस्थानों से ससमय प्रशिक्षण कार्यक्रम की तिथि प्राप्त कर लें ताकि आवंटन प्राप्त होते ही प्रशिक्षण के लिए किसानों को भेजा जा सके। कार्यपालक अभियन्ता, सिंचाई प्रमण्डल, रजौली के द्वारा जानकारी दी गई रजौली सिंचाई प्रमण्डल के अन्तर्गत 04 जलाशयों में से 01 जलाशय को छोडकर शेष जलाशय में जल संचय काफी कम है। बैठक में भूमि संरक्षण की समीक्षा के क्रम में सहायक निदेशक, भूमि संरक्षण, नवादा के द्वारा जानकारी दी गई कि चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजनान्तर्गत जिले के चार प्रखण्ड अकबरपुर, नरहट, सिरदला एवं कौआकोल में गठित 17 जलछाजन समितियों के माध्यम से योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाना है। बैठक में दीपक कुमार मिश्रा उप विकास आयुक्त, नवादा, राम कुमार प्रसाद सिविल सर्जन नवादा, चंद्रशेखर आजाद अपर समाहर्ता नवादा, संतोष कुमार सुमन जिला कृषि पदाधिकारी नवादा, कार्यक्रम समन्वयक, कृषि विज्ञान केन्द्र, सोखोदेवरा, सहायक निदेशक उद्यान, नवादा, अनुमण्डल कृषि पदाधिकारी नवादा, प्रभारी जिला जनसंपर्क पदाधिकारी नवादा, गोपनीय प्रभारी नवादा, जिला पशुपालन पदाधिकारी नवादा, जिला मत्स्य पदाधिकारी नवादा, जिला गव्य विकास पदाधिकारी नवादा, कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, नवादा, कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत, नवादा, कार्यपालक अभियन्ता, सिंचाई प्रमण्डल, नवादा एवं रजौली के साथ-साथ अग्रणी बैंक के प्रबन्धक सहायक निदेशक, भूमि संरक्षण, नवादा, उप-परियोजना निदेशक, आत्मा, नवादा, सहायक निदेशक, कृषि अभियंत्रण, नवादा उपस्थित थे।

## सीबीएसई के 10वीं एवं 12वीं में ब्लेस इंटरनेशनल स्कूल के छात्र-छात्राओं ने किया बेहतर प्रदर्शन

निज संवाददाता




**रजौली (नवादा)**। अनुमण्डल क्षेत्र के अकबरपुर प्रखण्ड अंतर्गत माखर स्थित ब्लेस इंटरनेशनल स्कूल के 10वीं के छात्र-छात्राओं ने सीबीएसई की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। जिन्हें स्कूल प्रबंधन द्वारा सम्मानित किया गया। सीबीएसई ने 10वीं और 12वीं परीक्षा 2024 के नतीजे जारी कर दिए हैं। ब्लेस इंटरनेशनल स्कूल की निदेशक शगुफ़्ता यास्मीन ने सभी सफल छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल और सफ़ल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि स्कूल के शत प्रतिशत बच्चे बारहवीं की परीक्षा में सफल हुए।वहीं 10वीं की परीक्षा में गुलाम रब्बानी ने 95%, मेहर परवीन ने 92%, अरकम रजा ने 90%, शिफा चिश्ती ने 90%, शालिनी कुमारी ने 88% व तज़ईन अकील ने 85 % के अलावे शैम्स तबरेज, मिली, अर्णव, सौम्या, ग्रेसी, आसिफ आदि का प्रदर्शन भी शानदार रहा। साथ ही बताया कि पूरे नवादा शहर में ब्लेस इंटरनेशनल स्कूल एकमात्र ऐसा स्कूल है जिसके छात्र-छात्राएं पढ़ाई के साथ-साथ अपने बेहतर अनुशासन, शिष्टाचार, उत्कृष्ट आचरण एवं सह-पाठयक्रम गतिविधियों में भागीदारी के लिए बेहद लोकप्रिय रहे हैं। बोर्ड परीक्षा में ब्लेस इंटरनेशनल स्कूल के सफल छात्रों को बधाई देने वालों में विशेष रूप से प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता और जन-प्रतिनिधि सैयद मसीहउद्दीन, नुसरत परवीन, सैयद इसरार अहमद एवं स्कूल के चेयरमैन फसीह अहमद शामिल रहे। वहीं चेयरमैन ने इस अवसर पर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई कि ब्लेस इंटरनेशनल स्कूल अपने छात्रों की शिक्षा और प्रशिक्षण के अपने मिशन पर बहुत गंभीरता और दृढ़ तरीके से काम करना जारी रखेगा। इस दौरान स्कूल के शिक्षक परवीन, चंद्रकांता के अलावे दर्जनों छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## दो वर्षीय बी.एड. 2024-26 के लिए आवेदन की अन्तिम तिथि जल्द होंगी प्रकाशित : डॉ0 शैलेश कुमार

निज संवाददाता



**नवादा**। मॉडर्न शैक्षणिक समूह के सचिव- सह-एसोसिएशन ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग इंस्टिच्यूशन्स, पटना (बिहार) के महासचिव डॉ. शैलेश कुमार ने मॉडर्न शैक्षणिक समूह के तत्वावधान में संचालित गनौरी रामकली टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, इंडस्ट्रीयल एरिया पुलिस लाईन नवादा, त्रिवेणी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, कुन्ती नगर नवादा, मॉडर्न इन्स्टीच्यूट्स ऑफ हायर एजुकेशन, इंडस्ट्रीयल एरिया, पुलिस लाईन, नवादा, मॉडर्न कॉलेज ऑफ एजुकेशन, कुन्ती नगर, नवादा के बहुद्देशीय कक्ष में एक सामूहिक सभा का आयोजन किये जिसमें कोर्स- बी०एड० के सभी छात्र-छात्रा एवं विशेष आगन्तुकगण ने भाग लिया इस संगोष्ठी का शुभारम्भ माननीय सचिव महोदय के द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। प्रशिक्षुओं द्वारा स्वागतगीत, सरस्वती वन्दना देश भक्ति गीत भी गाया गया जो लोगों के मन को मोह लिया बड़े खुशी के साथ माननीय सचिव महोदय ने सभी प्रशिक्षुओं को आशीर्वाद देते हुये कहे कि आज के इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सत्र-2024-26 में नामांकन के लिये इच्छुक अभ्यर्थियों के प्रवेश प्रपत्र भरने से सम्बंधित है जैसा कि इसके पहले भी कई बार समाचार पत्रों एवं छात्रसभा के द्वारा बताया जा चुका हैं कि सीइटी, बीएड (CET-B. Ed.) का शेडयूल जारी कर दिया गया है, स्टेट नोडल यूनिवर्सिटी ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय ने इसे वेबसाइट पर जारी कर दिया है जिसका उद्घाटन कुलपति प्रो. (डॉ.) संजय कुमार चौधरी ने किया है, पुनः स्मरण कराना चाहता हूँ कि कोई सुनिश्चित दी गई समय दोबारा वापस नही आती है इसलिये समयानुसार कार्य समाप्त कर लेना ही समझदारी कहलाती है इसलिये कहा गया है कि 'काल्ह करे सो आज कर आज करे सो अब पल में परलय होयगी बहुरी करेगा कब' इसी के साथ आगे कहे कि आपका सौभाग्य है कि बहुत अच्छे समय में ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के द्वारा दो वर्षीय बी०एड० पाठ्यक्रम में नामांकन के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा (CET-B. Ed.-2024) के ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की तिथि-03.05.2024 से 26.05.2024 तथा विलंब शुल्क के साथ ऑलाईन आवेदन पत्र भरने की तिथि-27.05.2024 से 02.06.2024 तक निर्धारित है, और प्रवेश परीक्षा दिनांक-25/06/2024 को सुनिश्चित किया गया है जिसमें समान्य श्रेणी अभ्यर्थियों के लिए 1000 रूपये, इडब्ल्यूएस, महिला, बीसी, ईबीसी के लिए 750 रूपये और एससी/एसटी (SC/ST) के लिए 500 रूपया आवेदन शुल्क निर्धारित किया गया है। इसलिए उक्त परिप्रेक्ष्य में सभी प्रशिक्षुओं से कहना है कि जो भी अभ्यर्थी बी०एड० करना चाहते है भावी शिक्षक बनकर ज्ञान-दान, राष्ट्र सेवा, तथा आर्थिक स्थिति सुधार करना चाहते है ऐसे अभ्यर्थी इस सुनहरा अवसर को जाने ना दे तथा विशेष तैयारी करके परीक्षा देने का भरपूर प्रयास करेंगे, जिससे आपका सपना साकार हो सके, समय चूक जाने के बाद पश्चाताप करने से कुछ नहीं होता इसलिए आप सभी प्रशिक्षुओं से पुनः कहना है कि ऑनलाईन फार्म भरने की तिथि 03. 05.2024 से 02.06.2024 अपने सभी सगे संबंधी को अवश्य बताने का कोशिस करेगें। जिससे कोई भी छात्र/छात्रा जानकारी के अभाव में प्रवेश परीक्षा फार्म भरने से वंचित न रह जाये। क्योकि हर अभिभावक एवं अभ्यर्थी समाचार पत्र नहीं पढ़ पाते और आवश्यक समाचार नहीं मिल पाता है, मैं आप सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं।

## स्कार्पियो की हुई चोरी

**नारदीगंज (नवादा) (नि. सं1)**। थाना क्षेत्र के पड़रिया गांव से एक स्कार्पियो चोरी होने की घटना घटी। इस बाबत वाहन चालक पड़रिया निवासी रतन कुमार ने नारदीगंज थाना में अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष राजगृह प्रसाद ने कहा आवेदन के आलोक में मामला दर्ज कर लिया गया है, जिसका कांड संख्या 129/2024 है। वाहन चालक ने बताया उक्त स्कार्पियो जिले के नेमदारगंज नक्सली थाना के नुनाय निवासी संतोष कुमार का है। यह वाहन संख्या जेएच 12जी/5148 है। कहा कि यह वाहन मेरे घर के समीप लगा हुआ था। मंगलवार की सुबह में जब देखा, तो उक्त स्थल से वाहन गायब था,काफी खोजबीन की, लेकिन कहीं भी अता पता नहीं चल पाया है। इधर, थानाध्यक्ष ने कहा मामले की छानबीन में पुलिस जुटी हुई है, जल्द ही मामले का राजफाश किया जाएगा।

## 15 जून से सैलानी ले सकते हैं ककोलत का आनंद

निज संवाददाता

**नवादा**। भीषण गर्मी झेल रहे लोगों के लिए बड़ी खुशखबरी है। लोगों को ठंड और सर्दी का एहसास दिलाने के लिए बिहार सरकार का पर्यटन विभाग पूरी तैयार है। आम लोगों के लिए बहुत जल्द जिले का प्रसिद्ध शीतल जलप्रपात ककोलत सैलानियों के लिए खोल दिया जाएगा। लोग यहां जाकर सर्दी का एहसास कर सकते हैं। उसके अलावा वाटरफॉल का आनंद ले सकते हैं। जिले के गोविन्दपुर प्रखंड स्थित प्रसिद्ध शीतल जलप्रपात ककोलत को लेकर नया अपडेट आया है। जिले में प्राकृतिक सौंदर्य से भरा शीतल जलप्रपात ककोलत पिछले कोरोना काल से बंद पड़ा था। लोग इसके खुलने का इंतजार करते हैं। शीतल जलप्रपात ककोलत जिला मुख्यालय से मात्र 33 किलोमीटर दूरी है। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 20 पर 15 किलोमीटर दक्षिण की ओर जाने पर फतेहपुर से एक सड़क अलग होती है। इस सड़क को गोविन्दपुर-फतेहपुर रोड के नाम से जाना जाता है। यह सड़क सीधे थाली मोड़ को जाती है। वहां से पांच किलोमीटर दक्षिण ककोलत जलप्रपात है। जलप्रपात से कुछ दूर ही रहने पर लोगों को शीतलता का एहसास होने लगता है। चारों तरफ हरियाली लोगों का झूम कर स्वागत करती है। ककोलत खूबसूरत दृश्यों से भरा पड़ा है।

आकर्षण है झरनाः- जलप्रपात की ऊंचाई 150 फीट से ज्यादा है। ठंडे पानी का ये शीतल जलप्रपात जिले में प्रसिद्ध है। गर्मी के चार माह पूरे जिले के अलावा पड़ोसी राज्यों से लोग यहां पिकनिक मनाने आते हैं। जलप्रपात के चारों तरफ जंगल है। यहां का दृश्य अद्भुत आकर्षण उत्पन्न करता है। यह दृश्य आंखों को ठंडक प्रदान करता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार एक प्राचीन राजा ऋषि के अभिशाप द्वारा अजगर में बदल गया था और झरने के भीतर रहता था। लोक कथाओं के मुताबिक कृष्ण अपनी रानियों के साथ स्नान करने के लिए यहां आया करते थे। ये भारत में सबसे अच्छे झरने में से एक है और झरने का पानी पूरे वर्ष ठंडा रहता है।

सैलानियों के लिए व्यवस्थाः- बिहार सरकार के पर्यटन विभाग की ओर से मिल रही जानकारी के मुताबिक अगले महीने यानी 15 जून से सैलानियों के लिए जलप्रपात को खोल दिया जाएगा। पर्यटकों के लिए इस बार विशेष तैयारी की गई है। उनकी बेसिक जरूरतों का ख्याल रखा गया है। पर्यटन विभाग की ओर से सैलानियों के लिए पर्यटक रूम, चेंजिंग रूम, सेल्फी प्वाइंट और टॉयलेट की विशेष व्यवस्था की गई है। सैलानियों को आकर्षित करने के लिए उनके खाने-पीने का भी विशेष इंतजाम रहेगा। सैलानी रात में ठहरना चाहे, उसके लिए भी इंतजाम रहेगा। उसके अलावा दिन में भी वहां ठहर सकते हैं। बिहार के कई स्वादिष्ट डिस का इंतजाम भी रहेगा, ताकि सैलानी आराम से यहां लजीज व्यंजन का लाभ उठा सकें।

पहुंचने का रास्ताः- प्रशासन की ओर से बुजुर्ग और दिव्यांगों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। वो भी इसका आनंद ले सकते हैं। वाटरफॉल के शुद्ध और ठंडे पानी से नहाने के बाद आपको गर्मी में भी सर्दी का एहसास होगा। हवाई मार्ग की बात करें, तो नवादा से निकटतम हवाई अड्डा गया और पटना है। कोलकाता, दिल्ली, रांची, मुंबई, वाराणसी, लखनऊ और काठमांडू से जाने के लिए गया से नियमित उड़ानें मौजूद हैं। नवादा सीधे लखीसराय रेलवे स्टेशन से जुड़ा हुआ है। नवादा, पटना, गया के अलावा कोलकाता के साथ सड़क से जुड़ा हुआ है।

## 16 मई मनाया जायेगा राष्ट्रीय डेंगू दिवस

निज संवाददाता

**नवादा**। जिला वेक्टर बौर्न डिजिज नियंत्रण पदाधिकारी, नवादा द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को बताया गया कि 16 मई 2024 को राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर अपने प्रखंड अन्तर्गत संबंधित विभागों, समुदायों एवं वर्ग समूहों से समन्वय स्थापित कर प्रचार-प्रसार यथा-बच्चों के साथ प्रभात फेरी गतिविधियों का आयोजन करेंगे। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर प्रखंड स्तर/नगरपालिका एवं ग्राम पंचायत स्तर पर आईइसी/बीसीसी अभियान का संचालन किया जायेगा, जिसमें डेंगू से बचाव एवं उपचार से संबंधित जानकारियों को सम्मिलित किया जायेगा। संबंधित पदाधिकारियों के द्वारा चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मियों का बैठक का आयोजन किया जायेगा। जन जागरण के लिए संबंधित कर्मियों के बीच डेंगू से बचाव संबंधित उपायों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जायेगा।

## रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया

निज संवाददाता



**हाजीपुर (वैशाली)**। मुख्यालय, हाजीपुर में 03 रेलकर्मी/उनके आश्रितों ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री तरूण प्रकाष से मुलाकात की तथा अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिए। विदित हो कि रेलकर्मियों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं।

## उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए निषेधाज्ञा लागू

**नवादा (नि.सं.)**। कम्पार्टमेंटल परीक्षा 2024 की व्यवहृत उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन जिला मुख्यालय अन्तर्गत प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय, नवादा में किया जायेगा। दो सौ गज की परिधि में 15 मई से 18 मई 2024 तक 09:00 बजे पूर्वा0 से मूल्यांकन कार्य समाप्ति 05:00 बजे अप0 तक अथवा उसके बाद की अवधि (आवश्यकतानुसार) के लिए निषेधाज्ञा लागू किया गया है तथा निम्न गतिविधियों को निषेध किया गया हैः-
1.उक्त मूल्यांकन केन्द्र के आस-पास दो सौ मीटर की परिधि में कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार के अस्त्र-षस्त्र, हथियार, लाठी, गड़ासा, बरछा, फल्सा, चाकू, छुरा, विस्फोटक पदार्थ एवं आग्नेयास्त्र ईत्यादि लेकर नहीं घुमेंगे।
2.उक्त मूल्यांकन केन्द्र के आस-पास दो सौ मीटर की परिधि की दूरी के अन्तर्गत किसी भी स्थान पर पांच या उससे अधिक व्यक्तियों को झगड़ा अथवा लोक परिशांति भंग करने के उद्देश्य से एकत्र होना वर्जित है।

## संघर्ष के प्रतीक थे सुशील कुमार मोदी : गगन

निज संवाददाता



**रजौली (नवादा)**। भाजपा मंडल अध्यक्ष गौरव शांडिल्य गगन एवं स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने नेता श्रद्धेय सुशील कुमार मोदी के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त किया। मंडल अध्यक्ष गगन ने बताया कि हम जैसे असंख्य कार्यकर्ताओं के प्रेरणा स्रोत सुशील मोदी के निधन से मन दुखी, मर्माहत, मन विचलित भावविभोर है। प्रभु उनके आत्मा को अपने चरणों में स्थान दें और उनके परिवार को आत्मसंबल एवं सहन शक्ति प्रदान करें। मैं उनके प्रति रजौली भाजपा परिवार की ओर से श्रृद्धांजलि अर्पित करता हूँ। मंडल अध्यक्ष गौरव शांडिल्य गगन ने बताया कि अखिल भारतीय विधार्थी परिषद, पटना युनिवर्सिटी से बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व उपमुख्यमंत्री, विधानसभा सदस्य, विधान परिषद सदस्य, लोकसभा सदस्य, राज्यसभा सांसद, नेता प्रतिपक्ष ऐसे कई दायित्वों पर रहकर सुशील कुमार मोदी ने बिहार भाजपा का आवाज बनकर सदन से सड़क तक आम-आवाम की आवाज को तथ्यों के साथ उठाने का काम करते थे। बिहार भाजपा को शून्य से शिखर तक पहुंचाने में संघर्षों के माध्यम से सुशील मोदी की अहम भूमिका रही। बिहार को सँवारने,बिहार में सुशासन स्थापित करने में बिहार के उपमुख्यमंत्री के पद पर रहते हुए उन्होंने अहम भूमिका निभाई है। संगठन एवं सरकार के माध्यम से उन्होंने बिहार के मंडल स्तर तक हर एक चीजों का बारिकियों से अध्ययन कर संक्षिप्त जानकारी रखा करते थे। हर क्षेत्र के प्रमुख कार्यकर्ताओं को ये नाम से जानते थे। इनकी कार्यशैली का ये महत्वपूर्ण खाशियत था। इनके जाने से बिहार भाजपा में एक शून्य सदैव खाली रह जायेगा। जिसकी भरपाई करना मुश्किल है। हम सभी असंख्य कार्यकर्ताओं के लिए ये सदैव प्रेरणास्रोत,अमर रहेगे। इस दुःखद समय पर पूर्व मंडल अध्यक्ष रंजीत सिंह, पूर्व जिला उपाध्यक्ष संजय कुमार अधिवक्ता, जिला कार्यसमिति सदस्य रंजन कुमार बब्लू,जिला प्रवक्ता सह मुख्य पार्षद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार, संजय कुमार बंटी, अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष विमल राजवंशी, मंडल महामंत्री संतोष कुमार वर्मा, देवेन्द्र प्रसाद दीवान, नवीन कुमार, राहुल कुमार पांडेय, पवन पांडेय, चंदन सेठ, दिलीप कुमार द्वीप, मंडल उपाध्यक्ष धनंजय कुमार धन्नू दर्जनों रजौली भाजपा परिवारजनों ने सोशल मीडिया के माध्यम से शोक संवेदना व्यक्त कर उनके आत्मा की शांति के लिए ईशवर से प्रार्थना किया।

## प्रशिक्षण में बच्चों को पढ़ाने के बताया गया तरीका

निज संवाददाता



**नारदीगंज (नवादा)**। प्रखंड अंतर्गत सभी सरकारी विद्यालयों के कक्षा एक के विद्यार्थियों के लिए स्कूल रेडीनेंस मॉड्यूल' चहक' का कार्यान्वयन हेतु कक्षा एक के नामित शिक्षक शिक्षिकाओं का गैर आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन प्रखंड संसाधन केंद्र नारदीगंज में आयोजित किया गया। आयोजित प्रशिक्षण कई चरण में होगी। प्रशिक्षण के प्रथम दिन मंगलवार को नारदीगंज प्रखंड के 45 विद्यालयों के शिक्षक व शिक्षिकाओं को दिया गया। यह प्रशिक्षण जिला शिक्षा पदाधिकारी व प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के निर्देशानुसार हुआ ।कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन बीईओ महेश्वर रविदास प्रखंड लेखापाल संजीव रंजन, बीआरपी सह समावेशी शिक्षक आनंद कुमार ने किया। मास्टर ट्रेनर बीआरपी राजकुमार सिंह व शिक्षक राकेश कुमार ने उपस्थित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को कार्यक्रम के गतिविधियों को करवाया। प्रशिक्षक ने उपस्थित प्रतिभागियों के बीच जानकारी देते हुए कहा चहक प्रशिक्षण में बच्चों को विद्यालय से जुड़ाव होगा। जिसमें बच्चों को विद्यालय से जोड़ना, बच्चों को विद्यालयी शिक्षा से जोड़ना, सीखने सीखने की प्रक्रिया को आसान बनाना के साथ विद्यालय के माहौल को बच्चों के अनुरूप तैयार करना है। साथ ही उन्होंने कहा चहक प्रशिक्षण के चार आयाम है। जिसमें भाषा विकास, शरीरिक विकास, सामाजिक व भावनात्मक विकास के साथ संख्यात्मक ज्ञान व पर्यावरण जागरूकता लाना है। इस दौरान अच्छी प्रस्तुति के लिए सभी शिक्षकों को कई समूहों में बांटा गया था जिसमें जो सबसे उत्कृष्ट प्रस्तुति की है। उन्हें विशेष ताली के माध्यम से पुरस्कृत किया गया। यह प्रशिक्षण में आये शिक्षिका कमलेश कुमार, प्रेम कुमार पंकज समेत अन्य शिक्षकों ने कहा शिक्षा विभाग के यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है, हम सभी शिक्षक व शिक्षिकाऐं प्रशिक्षण प्राप्त कर विद्यालय के माहौल को बच्चे के अनुरूप तैयार करना है, ताकि बच्चों का भाषा विकास के साथ शारिरिक व बौद्धिक विकास होगा। बच्चे खेल खेल के माध्यम से पढ़ना लिखना सीखने में सहूलियत होगी। मौके पर शिक्षक पूनम कुमारी, संगीता भारती, ललिता कुमारी, बिनोद कुमार समेत अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं के अलावा बीपीएम श्रवण कुमार, ऑपरेटर नीतीश कुमार, सूरज कुमार प्रशिक्षण में मौजूद रहे।

## आर पी एस कन्वेंट स्कूल के बच्चों ने पाई शत प्रतिशत सफलता

निज संवाददाता

**नवादा**। नगर के आर पी एस स्कुल के बच्चों ने सी वी एस सी ई बोर्ड की परीक्षा में शानदार सफलता अर्जित किया है। विद्यालय के निदेशक इंजिनियर रंजय कुमार ने बताया की विद्यालय छात्र हिमांशु, नंदनी, गौरव, अमित रंजन, सत्यम, प्रियंका, अंकित, सिमरन एवं सौरभ सहित दर्जनों छात्रों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। हिमांशु ने सबसे अधिक 93 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय में पहले स्थान पर है वही अन्य कई छात्र छात्राओं ने भी अपना प्रतिभा का परचम लहराया है। विद्यालय प्राचार्य मौसमी मुखर्जी, कौशिक हलदर, शिक्षक साकेत रंजन, विशाल जायसवाल, नील कमल, चंदन सिन्हा, तौफीक आलम, रामरूप प्रसाद एवं खुशवू हयात ने बधाई एवं शुभकामनायें देते हुए बेहतर उज्वल भविष्य की कामना है।




## पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील मोदी के निधन पर दी गई संवेदना

निज संवाददाता

**नारदीगंज (नवादा)**। भाजपा के वरिष्ठ नेता सह बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री व पूर्व राज्य सभा सांसद सुशील कुमार मोदी के निधन की ख़बर मिलते ही नारदीगंज प्रखंड में भाजपा कार्यकर्ताओं में शोक की लहर दौड़ पड़ी। भाजपा प्रखंड अध्यक्ष बिपिन कुमार, भाजपा के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सह पूर्व जिला पार्षद कृष्णदेव सिंह, राजेन्द्र सिंह, राजाराम सिंह, नीतिनंदन सिंह, बिपिन सिंह, अच्युतानंद सिंह, गोविंद मांझी, गिरिजा शंकर पासवान समेत अन्य कार्यकर्ताओं ने दुःख व्यक्त किया।कहा कि इनका निधन होने से पार्टी, समाज व परिवार को अपूरणीय क्षति पहुंची है। इनके कार्यो को भुलाया नहीं जा सकता है। मोदी नीतीश कुमार की सरकार में तीन बार उपमुख्यमंत्री रहे, और तीन बार वित्त मंत्री कार्यभार भी संभाला। वे पिछले दिनों से कैंसर से पीड़ित थे। दिल्ली एम्स में इलाज के दौरान 72 वर्ष की आयु में हम सभी को छोड़कर दुनिया से अलविदा कह गए।

### पूर्व डिप्टी सीएम व भाजपा नेता सुशील कुमार मोदी के निधन पर शोक की लहर

**कौआकोल (नवादा) (नि.सं.)**। बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम व भाजपा के वरिष्ठ नेता सुशील कुमार मोदी का सोमवार की रात्रि आकस्मिक निधन की खबर के बाद कौआकोल प्रखण्ड में भी शोक की लहर दौड़ गई। देश के चारों सदनों में प्रतिनिधित्व कर चुके भाजपा के दिग्गज नेता सुशील कुमार मोदी के आकस्मिक निधन पर प्रखण्ड के विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने गहरा शोक जताते हुए कहा कि आज बिहार व देश ने एक कुशल एवं कर्मठ राजनेता को खो दिया है। जिसकी कमी आने वाले दिनों में निश्चित रूप से खलेगी। विनय कुशवाहा उर्फ विनय महतो आदि ने पूर्व डिप्टी सीएम सुशील मोदी के निधन को बिहार की राजनीति में अपूर्णीय क्षति बताया है।

पूर्व मध्य रेल
ई-निविदा सूचना
ई-निविदा नोटिस सं.-02 ऑफ 2024-25/खुला/गति शक्ति, डीडीयू।
मंडल रेल प्रबन्धक/गति शक्ति/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ-साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई-निविदा) आमंत्रित की जाती है।
**निविदा सं.-02-व.मं.इंजी.-गति शक्ति-डीडीयू-24-25**
**1. कार्य का नाम एवं लोकेशन:** डीडीयू मंडल के गति शक्ति इकाई में "सहायक मंडल इंजीनियर/गया के अधीन कैरज निरीक्षण हेतु डी.यू.जी. का प्रावधान" से संबंधित सिविल इंजीनियरिंग कार्य, **2. कार्य का अनुमानित लागत:** रु. 66,99,254.66, **3. धरोहर राशि:** रु. 1,34,000.00, **4. ई-निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय:** 04.06.2024 को 12:00 बजे तक, **5. वेबसाइट पर ई-निविदा की विस्तृत जानकारी:** www.ireps.gov.in **नोट:** विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।
कृते मंडल रेल प्रबन्धक, (गति शक्ति)
पूर्व मध्य रेल, डीडीयू
पीआर/00261/डीडीयूजीएस/ईएनजीजी/टी/24-25/32

## संक्षिप्त समाचार

### आचार-संहिता उल्लंघन में 10.48 लाख बरामद

**कोईलवर।** लोकसभा चुनाव को लेकर आरा-पटना मुख्य मार्ग पर ब्लू हेवेन रिजॉर्ट के समीप पोस्ट पर वाहन जांच के क्रम में 10 लाख 48 हजार 690 रूपये से भरा बैग जब्त किया गया। चेकपोस्ट पर तैनात दंडाधिकारी मुन्ना कुमार व पुलिस अधिकारी प्रमोद चौधरी ने बताया कि उक्त रकम जितेंद्र कुमार नमक व्यक्ति के पास से जब्त किया गया है। जो स्कूटी पर सवार होकर बैग में लेकर जा रहा था। हालांकि कर्मियों ने बताया कि उक्त व्यक्ति व्यवसाय से जुड़ा बताया जाता है। व्यवसाय से जुड़े रकम के बाबत सही जानकारी दिए जाने के बाद प्रशासन पूरी रकम लौटा देगी।

### सोमवार को 6 प्रत्याशियों ने दाखिल किया नामांकन

**आरा।** लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के लिए सोमवार को 6 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन कलेक्ट्रेट में दाखिल किया। सोमवार को नामांकन दाखिल करने वाले प्रत्याशियों में निर्दलीय प्रत्याशी गोपाल सिंह, निर्दलीय प्रत्याशी धर्मेंद्र कुमार सिंह, बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी लाल बादशाह सिंह, निर्दलीय प्रत्याशी चंद्रपोला सिंह, पीपुल्स पार्टी ऑफ़ इंडिया (डेमोक्रेटिक) के प्रत्याशी रामाश्रय सिंह, वोटर्स पार्टी (इंटरनेशनल) के प्रत्याशी राम जी सिंह, निर्दलीय प्रत्याशी सुधाकर सिंह, भोजपुरिया जन मोर्चा के सिकंदर कुमार, भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी आरके सिंह है। इनमें सुधाकर सिंह, सिकंदर कुमार एवं आरके सिंह ने दूसरे सेट में नामांकन का पर्चा दाखिल किया है।

### दो पिस्टल के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार

**आरा**। सिन्हा थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर दो पिस्टल के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी थाना क्षेत्र के सिन्हा गांव निवासी लवकुश सिंह है जो स्व जगरनाथ सिंह का पुत्र है। एसपी नीरज सिंह ने बताया की पुलिस को गुप्त सूचना मिली की थाना क्षेत्र के सिन्हा गांव में एक आरोपी हथियार छिपा कर रखा है जो किसी घटना को अंजाम देने के फिराक में है।

### लापरवाह 81 मनरेगा कर्मियों पर कार्रवाई, मानदेय स्थगित

**आरा।** मनरेगा योजनाओं में लापरवाही करने पर विकास आयुक्त ने 81 कर्मियों पर अनुशासनिक कार्रवाई की है। उदवंतनगर प्रखंड के पांच पंचायत रोजगार सेवक, एक कनीय अभियंता, एक बीएफ, एक लेखपाल एवं एक कार्यपालक सहायक के साथ नौ कर्मी का वेतन स्थगित किया है। आरा सदर के पांच पंचायत रोजगार सेवक, बड़हरा के कार्यक्रम पदाधिकारी सहित सात पंचायत रोजगार सेवक, दो बीएफटी, एक लेखापाल, एक कार्यपालक सहायक, एक पंचायत तकनीकी सहायक कुल 13 का वेतन स्थगित किया। बिहिया के तीन पंचायत रोजगार सेवक, चरपोखरी के छह पंचायत रोजगार सेवक, एक बीएफटी के विरुद्ध कार्रवाई की। गड़हनी के दो पंचायत रोजगार सेवक, एक बी.एफ. टी, जगदीशपुर के सात पंचायत रोजगार सेवक, दो बी.एफ. टी, दो पंचायत तकनीकी सहायक का वेतन रोक दिया है। कोईलवर के चार पंचायत रोजगार सेवक, एक तकनीकी सहायक, पीरो के पांच पंचायत रोजगार सेवक, एक बी.एफ. टी, एक कनीय अभियंता का वेतन स्थगित किया। सहार के एक लेखापाल, शाहपुर के तीन पंचायत रोजगार सेवकष संदेश के पंचायत रोजगार सेवक, तरारी के पांच पंचायत रोजगार सेवक, एक बी.एफ. टी,एक पंचायत तकनीकी सहायक का वेतन स्थगित किया गया है। 2 ,3 एवं 4 अप्रैल को कार्यक्रम पदाधिकारी बड़हरा एवं जगदीशपुर, 5 अप्रैल को कार्यक्रम पदाधिकारी संदेश एवं पीरो, 24 ,25 ,26 अप्रैल को कार्यक्रम पदाधिकारी बिहिया द्वारा दैनिक उपस्थिति विवरण नहीं भेजे जाने कारण इन सभी से स्पष्टीकरण की मांग की गई है।

### ट्रेन से कट कर मजदूर की मौत

**आरा।** दानापुर-दीनदयाल रेल खण्ड पर आरा रेलवे स्टेशन के यार्ड से पूरब दिशा में नहर के पास ट्रेन से कटकर मजदूर की मौत हो गई। मृतक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दरियापुर वार्ड नंबर 10 निवासी शत्रुघ्न पासवान था। जो लालजी पासवान का पुत्र था। मृतक मजदूरी करता था। दानापुर से रविवार की शाम आरा ट्रेन से आ रहा था। उसी क्रम में ट्रेन से गिर पड़ा जिससे उसकी ट्रेन से कट कर मौत हो गई। जीआरपी थानाध्यक्ष ने बताया की यात्रियों द्वारा ट्रेन से कटकर एक व्यक्ति की मौत की सूचना मिली। सूचना मिलने के बाद पुलिस घटना स्थल पर पहुंच शव को पोस्ट मार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज घटना की सूचना परिवार के लोगों को दे दिया। सूचना मिलने के बाद परिवार के लोग सदर अस्पताल पहुंच शव को पोस्टमार्टम करा कर घर ले गए। घटना रविवार की रात की है।

### सोने का लॉकेट काटने के आरोप में दो गिरफ्तार

**आरा।** नवादा थाना की पुलिस ने थाना क्षेत्र के रमना मैदान के पास से बच्चों का सोने का लॉकेट काटने के आरोप में दो को गिरफ्तार कर न्यायालय को सुपुर्द कर दिया। गिरफ्तार आरोपियों में मोहम्मद हुसैन पिता सोनू अंसारी 10 वर्ष और आकाश कुमार पिता राजू राम है जो नागरी प्रचारणी के पास का रहने वाला है। जबकि हुसैन पीरों थाना के बिहिया रोड़ में भगत सिंह मार्केट के पास का रहने वाला है। वर्तमान में वह अपने चाचा के पास आरा में रह रहा था। नवादा थानाध्यक्ष कमलजीत कुमार ने बताया की दोनों लड़के को बच्चों से लॉकेट काटने के आरोप में पकड़ा गया है। दोनों के पास से दो सोने का लॉकेट बरामद किया गया है। दोनों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर दिया गया है। वही नवादा थाना की पुलिस ने थाना क्षेत्र के बहीरों लख के पास से चार बालू लदा ट्रैक्टर को जब्त कर दो चालक को गिरफ्तार कर लिया है। दो ट्रैक्टर का चालक भागने में सफल रहा।

### 135 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ कार जब्त

**आरा।** गजराजगंज थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर बामपाली के पास से 135 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ स्विफ्ट डिजायर गाड़ी को जब्त कर लिया। जबकि कार का चालक कार छोड़कर भागने में सफल रहा। गजराजगंज थानाध्यक्ष हरि कुमार शर्मा ने बताया की आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए थाना क्षेत्रों में अवैध हथियार और शराब की तस्करी पर रोक लगाने के लिए निरंतर चेकिंग लगाया जा रहा है तथा सभी गाड़ियों की बारीकी से जांच की जा रही है। उसी कड़ी में बामपाली के पास बिहिया की तरफ से आ रही स्विफ्ट डिजायर गाड़ी से 135 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया साथ ही गाड़ी को जब्त कर लिया गया। चालक गाड़ी छोड़कर भागने में सफल रहा। आगे थानाध्यक्ष ने बताया की इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर चलता रहेगा।

### छात्र छात्राओं में खुशी की लहर

**नावानगर।** सीबीएसई मैट्रिक और इंटर का रिजल्ट जारी किया गया है। जवाहर नवोदय विद्यालय नावानगर, एमडीजे पब्लिक स्कूल सोनवर्षा और बीपीएस हायर सेकंडरी स्कूल नावानगर के छात्र छात्राओं ने परचम लहराया।इस संबंध में जानकारी देते नवोदय विद्यालय के प्राचार्य कौशल कुमार ने बताया कि मैट्रिक में 84 छात्र छात्राओं ने परीक्षा दिया था। जिसमें सभी छात्र छात्रा अच्छे नम्बरो से सफलता प्राप्त किए तथा शत प्रतिशत परिणाम रहा।वही इंटर में विज्ञान संकाय में 39 तथा कला संकाय में 32 कुल 71 छात्र छात्राओं ने परीक्षा में शामिल हुए थे।जिसमे अंतिमा कुमारी ने विज्ञान संकाय में 87.6 अंक लेकर विद्यालय टॉपर बनी है,दूसरे स्थान पर न्यासी प्रसाद 85.8 अंक तथा तीसरे नंबर पर रीमा कुमारी 83.8 अंक लाकर सफलता प्राप्त की है।वही दूसरी तरफ कला संकाय में मुस्कान कुमारी 94% अंक लेकर टॉप की है,दूसरे स्थान पर नीरज कुमार 93 प्रतिशत तथा तीसरे नंबर पर लक्की कुमार 90.8 अंक लाकर कला संकाय में सफलता प्राप्त की है।वही दूसरी तरफ एमडीजे पब्लिक स्कूल लोहई टोला अमरपुरी सोनवर्षा में सीबीएसई के 10वीं 12वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम आते ही छात्रों एवं शिक्षकों में खुशी की लहर दौड़ गई।



भोजपुर में प्रेमिका के घर मिला प्रेमी का शव

# परिजन बोले-गर्लफ्रेंड और उसके परिवार ने मारा, गले पर चोट के निशान

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर में प्रेमिका के घर प्रेमी का शव मिला है। गला दबाकर उसकी हत्या की गई है, गले पर निशान है। मृतक की पहचान टाउन थाना क्षेत्र के काजी टोला मोहल्ला निवासी मो.नौशाद के बेटे मो. शदाब (22) के तौर पर हुई है। जो एसी मैकेनिक था। युवक के ऑफिस के बगल में ही उसकी गर्लफ्रेंड नाजिया परवीन का घर है। जहां शदाब की लाश मिली। परिजनों ने लड़की और उसकी मां पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने नाजिया परवीन को हिरासत में ले लिया है। उससे पूछताछ चल रही है। मामला टाउन थाना क्षेत्र के रौजा मोहल्ले का है।





**खोजते हुए प्रेमिका के घर परिजन पहुंचेः** मृतक के भाई मो.इरशाद ने बताया कि शदाब एयर कंडिशन का काम करता था और रोज शाम में ऑफिस आकर हिसाब करता था। उसके ऑफिस के ठीक बगल में एक लड़की का घर है। दोनों के बीच 14 महीनों से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। जिसके कारण उसका लड़की के घर में बराबर उसका आना-जाना रहता था। रोज की तरह सोमवार सुबह भी वह घर से काम करने के लिए निकला था। देर रात होने पर जब वह घर नहीं लौटा तो हम उसे खोजते हुए ऑफिस आए। हमने देखा कि ऑफिस बंद है। तभी आसपास के लोगों ने कहा कि बगल के घर से मारने-पीटने की आवाज आ रही थी। परिजन घर में गए तो देखा कि युवक मृत पड़ा है। गर्दन पर निशान है।

**पुलिस को दी मामले की जानकारीः** सूचना टाउन थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही टाउन थानाध्यक्ष देवराज राय और अपर थानाध्यक्ष अरविंद कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम करवाया। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। दूसरी ओर मृतक के बड़े भाई मो. इरशाद ने उसकी प्रेमिका नाजिया परवीन और उसकी मां सीमा परवीन पर फांसी लगाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। मृतक अपने 4 बहन और 6 भाई में 7वें स्थान पर था।

# बक्सर लोकसभा के लिए कुल 5 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर लोकसभा चुनाव को लेकर चल रहे नामांकन के सातवें दिन 5 और निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में राजू सिंह, रजनीश तिवारी, धीरेंद्र कुमार सिंह, भीम कमकर, निर्भय यादव, अपना नाम निर्देशन का पर्चा दाखिल किया है। इस तरह अब तक बक्सर संसदीय क्षेत्र से कुल 15 अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन का पर्चा जमा किया गया है। इसमें से 2 दलीय नेता तो 13 निर्दलीय प्रत्याशी हैं। वहीं, कल यानी 14 मई बक्सर लोकसभा क्षेत्र के लिए नामांकन का अंतिम दिन है। इसके बाद स्क्रूटनी और नाम वापसी का कार्य किया जाएगा। बता दें कि 7 मई से ही बक्सर लोकसभा सीट के लिए नामांकन कार्य प्रारंभ है। इसमें 11 मई और 12 मई को नामांकन का कार्य नहीं हुआ। बाकी लगातार रोजाना निर्वाची पदाधिकारी अंशुल अग्रवाल के समक्ष नामांकन पर्चा दाखिल अभ्यर्थियों द्वारा किया जा रहा है। इस पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई जा रही है। सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक नामांकन प्रक्रिया का समय निर्धारित है। इसके बाद जिला प्रशासन और निर्वाची पदाधिकारी द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। बता दें कि बक्सर लोकसभा सीट से अभी तक दो दलीय प्रत्याशी द्वारा नामांकन किया जा चुका है। इसमें से एक NDA समर्थित प्रत्याशी मिथिलेश तिवारी है। वहीं, इंडी एलाइंस समर्थित प्रत्याशी राजद के नेता सुधाकर सिंह मैदान में हैं। वहीं, भाजपा से अनिल चौधरी नामांकन के अंतिम दिन अपना नामांकन पर्चा दाखिल करेंगे। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि 33-बक्सर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 14 मई को कुल 5 निर्दलीय अभ्यर्थियों का नामांकन हुआ है। 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक कलेक्ट्रेट बक्सर के प्रथम तल पर अवस्थित जिला पदाधिकारी का कार्यालय कक्ष में नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया जा रहा है।

# गड्ढे में ट्रैक्टर के पलटने से चालक की मौत

हेठुआ गांव के पास मिट्टी दुलाई के दौरान घटी घटना



निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के हेठूआ गांव के पास मिट्टी ढुलाई कर रहे ट्रेक्टर के पलटने से चालक की मौत हो गई। बताया गया कि राजपुर थाना क्षेत्र के हेठूआ गांव के पूरब उतर बधार मे मांगोंपुर गांव निवासी अवधेश राम ट्रैक्टर से मिट्टी ढुलाई का काम कर रहा था। आने-जाने के लिए सिंगल रास्ता होने के कारण जब चालक ने दूसरी गाड़ी को पास दिया तो ट्रैक्टर का संतुलन बिगड़ गया और पास में मौजूद गड्ढे में पलट गया। इसमें चालक गाड़ी में दब गया। जब तक लोगों ने जेसीबी से ट्रैक्टर को उठाकर चालक को बाहर निकाला। तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

मामले को लेकर राजपुर थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा दिया गया है। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

# पीएनबी के सीएससी में घुसे 3 अपराधी, लूटपाट में सफल नहीं हुए तो संचालक को धमका हुए फरार

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर में पीएनबी बैंक के सीएससी केंद्र में लूटपाट करने के लिए हथियार से लैस तीन अपराधी पहुंचे। मगर उनके हाथ कुछ नहीं लगा। खाली हाथ वे लौट गए। केंद्र में कैश नहीं था। अपराधियों ने सबसे पहले संचालक को हथियार दिखाकर कहा, जितने रुपए है सब निकालो। बाद में अपराधियों ने खुद काउंटर की चेकिंग की, पर कुछ नहीं मिला। अंत में सीएससी संचालक को धमकाते हुए वे फरार हो गए। पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हुई है। घटना पड़रिया बाजार की है।



**सभी ने अपने चेहरे को ढंक रखा थाः** अपराधियों के जाने के बाद सीएससी संचालक ने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना मिलते ही बड़हरा थानाध्यक्ष संजय सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन में जुट गए। सीएससी संचालक सूरज कुमार पांडेय ने बताया कि पड़रिया बाजार पर पीएनबी बैंक का सीएससी केंद्र करीब दो वर्षों से चला रहा हूं। सोमवार की शाम जब आपने सीएससी केंद्र में बैठे थे तभी ब्लैक कलर की पैशन प्रो नंबर 2569 पर सवार तीन हथियारबंद अपराधी पहुंचे। एक ने लाल और दो ने काले गमछे से अपने मुंह को ढंक रखा था। आते ही उन्होंने अपना हथियार निकालकर काउंटर पर रखा। कहने लगे जितना माल है निकालो। मैंने कहा कि मेरे पास कोई पैसा नहीं है। जिसके बाद अपराधियों ने कहा कि काउंटर खोलकर दिखाओ। लुटेरों ने सभी काउंटरों की तलाशी ली। लेकिन एक भी नगद रुपया वहां नहीं था।

◆ सीसीटीवी में वारदात कैद

**सीसीटीवी खंगाल रही पुलिसः** स्थानीय थाना की पुलिस ने सीएससी संचालक से घटना की पूरी जानकारी ली। सीएससी केंद्र और आसपास लगे सभी सीसीटीवी को खंगाला। जिसके आधार पर पुलिस अपराधियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी करने में जुट गई है। बड़हरा थानाध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि सीएससी केंद्र और आसपास लगे सभी सीसीटीवी को खंगाला गया है। गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

# ट्रैक्टर से टकराई कार, 9वीं के छात्र की मौत, गाड़ी ठीक कराकर लौट रहे थे सभी

निज संवाददाता। आरा

आरा-मोहनिया नेशनल हाईवे पर जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के असनी गांव में सोमवार की रात अनियंत्रित कार ने ट्रैक्टर में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरा गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी युवक को परिजन ने इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी हालत को चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया है। मृतक उदवंतनगर थाना क्षेत्र के असनी गांव निवासी वीरेंद्र सिंह का 15 वर्षीय पुत्र राकेश कुमार है। जो 9वीं कक्षा का छात्र था। जबकि जख्मी उसी थाना क्षेत्र के मठिया गांव निवासी बिजेंद्र गिरी का 19 वर्षीय पुत्र गिरी कुमार है। मृत छात्र के चाचा नागेंद्र सिंह ने बताया कि वह उनका भतीजा राकेश कुमार अपने दोस्त गिरी कुमार के साथ कार बनवाने के लिए आरा आया था। कार बनवाने के बाद सोमवार की रात वह दोनों उसी कार से वापस गांव लौट रहे थे।



**सामने से आ रहे ट्रक के कारण हादसाः** इसी दौरान असनी गांव के समीप सामने से आ रहे ट्रक के कारण कार अनियंत्रित हो गई। जिसमें उनके भतीजे राकेश कुमार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि कार में उसके साथ बैठा उसका दोस्त गिरी कुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गया। दोस्त गिरी कुमार की हालत को चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया है।

**तीन भाई में दूसरे स्थान पर थाः** परिजनों ने इसकी सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी। सूचना पाकर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने तीन भाई में दूसरे स्थान पर था। उसके परिवार में मां फूला देवी व दो भाई विकास और मनीष है।

# रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया



निज संवाददाता। डुमरांव

विश्व थैलेसीमिया दिवस के उपलक्ष्य में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिविल सर्जन डॉ सुरेश चंद्र सिन्हा ने की। वहीं कार्यक्रम में 21 लोगों सहित स्वास्थ्यकर्मियों ने ब्लड डोनेट किया। इस मौके पर सीएस डॉ सिन्हा ने कहा कि थैलेसीमिया एक गंभीर रोग है जो वंशानुगत बीमारियों की सूची में शामिल है। बक्सर में भी इसके 15 मरीज हैं, जो नियमित ब्लड ट्रांसफ्यूजन पर हैं। इस रोग से शरीर में हीमोग्लोबिन की मात्रा कम हो जाती है। थैलेसीमिया से 2 वर्ष से कम आयु के शिशु के अधिक पीड़ित होने की संभावना रहती है।

# दत्त क्लासेस के छात्रों की मैथ में रही अच्छी परफार्मेंस



निज संवाददाता। बक्सर

सीबीएसई द्वारा घोषित 10 वीं व 12 वीं के रिजल्ट के बाद छात्र छात्राओं में खुशी व्याप्त है। दत्त क्लासेस के संचालक अविनाश दत्त ने बताया कि मैथ की तैयारी करने वाले छात्रों ने अच्छा किया है। जहां उनके छात्र अमित राज 95% गौरव 92 %राजनंदनी 91% अक्षिता एवं सौरव 89% रोशनी ने 88% आयुष गुप्ता ने 86% नम्बर प्राप्त किया है। उन्होंने इन छात्र छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# UP से लाई जा रही थी शराब, 83 लीटर बरामद, ई-रिक्शा में सीट के नीचे छिपाकर लाई जा रही थी

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर पुलिस ने नायाब तरीके से तस्करी के लिए ले जा रहे भारी मात्रा में शराब के साथ एक ई-रिक्शा को जब्त कर लिया है। इस मामले में दो तस्करों की गिरफ्तारी भी हुई है। ताज्जुब की बात ये है कि जिला प्रशासन द्वारा बक्सर यूपी को जोड़ने वाली गंगा पुल पर यूपी से बिहार में प्रवेश करने वाली वाहनों की बारीकी से जांच का दावा किया जा रहा है। चुनाव के समय में सीमा पर चौकसी और बढ़ाने का दावा किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश के भरौली की तरफ से चेक पोस्ट को बड़े ही आराम से पार कर शराब से भरा ई-रिक्शा डुमरांव पहुंच गया। जो गुप्त सूचना के कारण पकड़ा गया। शराब को कोरान सराय में डिलीवरी देना था। बताया गया कि एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। इसकी अध्यक्षता नया भोजपुर थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने की। इस दौरान बक्सर की तरफ से आ रहे ई-रिक्शा को शक के आधार पर डीएसपी कोठी के पास रुकवाया गया। रिक्शा पर सवार दोनों अभियुक्त किसी भी अवैध गतिविधि में संलिप्त न होने की दुहाई देते नजर आए। ऊपर से ई रिक्शा भी खाली लग रहा था, लेकिन पुलिस ने जब अगले-बिचले और पीछे के सीट को हटाया तो देखा कि ई-रिक्शा में कुल 460 पीस 82.80 लीटर 180 एमएल का 8 पीएम शराब लदा हुआ था। पुलिस ने वाहन को जब्त कर तस्करों को जेल भेज दिया है।पकड़े गए दोनों तस्करों की पहचान बक्सर सोहनीपट्टी निवासी गोलू वर्मा उम्र 19 साल पिता मुन्ना वर्मा और जहानाबाद के सकुरवा थानाक्षेत्र के बदवली गांव निवासी राजू कुमार उम्र 25 वर्ष के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पकड़े गए तस्करों का आपराधिक इतिहास है या नहीं इस पर भी पुलिस जांच कर रही है। वहीं, शराब की तस्करी कहां होनी थी और कौन-कौन लोग इसमें शामिल हैं। उनकी गिरफ्तारी का भी प्रयास जारी है। मामले में SDPO अफाक अख्तर अंसारी ने बताया कि क्षेत्र में प्रतिदिन सघन जांच अभियान और असामाजिक तत्वों और शराब को लेकर प्रतिदिन छापेमारी अभियान जारी है।



वाहन जब्त कर तस्करों को भेजा जेल

# एक टिकट से दो खेल, एनडीए-राजद का 4 जून से पहले विधानसभा के लिए अलग दांव

निज संवाददाता

**पटना**। चार जून को जब लोकसभा चुनाव के परिणाम निकलेंगे तो उसमें अगले साल होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव के परिणाम की भी झलक मिलेगी। लोकसभा चुनाव के प्रचार के समय ही लोगों को अगले चुनाव के लिए सतर्क किया जा रहा है। राजग के डबल इंजन सरकार के प्रचार में विधानसभा चुनाव में गठबंधन के पक्ष में वोट करने की अपील अंतरनिहित है। महागबंधन के प्रचार में भी अगली बार, तेजस्वी सरकार की मांग साफ सुनाई देती है। महागठबंधन युवाओं को आश्वासन दे रहा है कि केंद्र और राज्य में महागठबंधन यानी आईएनडीआईए की सरकार बनती है तो उनके लिए सरकारी नौकरियों का इतना बड़ा दरवाजा खुलेगा, जिसमें सभी बेरोजगार प्रवेश कर जाएंगे। राज्य का चुनाव हमेशा सामाजिक समीकरण यानी सोशल इंजीनियरिंग के आधार पर लड़ा जाता है। विभिन्न जाति समूहों को किसी गठबंधन के पक्ष में वोट करने के लिए सहमत कर लेना ही यहां सोशल इंजीनियरिंग है। कभी कांग्रेस की जीत सवर्ण, मुसलमान और वंचितों (अनुसूचित जातियों)की एकमुश्त गोलबंदी के आधार पर बनती थी। भागलपुर का कुख्यात सांप्रदायिक दंगा और मंडल के प्रादुर्भाव के बाद तत्कालीन जनता दल ने मुसलमानों को उस समीकरण से बाहर कर अपने साथ जोड़ लिया। कांग्रेस के पास वंचित और सवर्ण रह गए। मंडल आंदोलन में तेजी आई और उसके मुकाबले मंदिर आन्दोलन शुरू हुआ तो सवर्ण भाजपा से जुड़ गए। वंचितों के वोट कई हिस्से में विभाजित हुए। लेकिन, 1995 के विधानसभा चुनाव के साथ एक बड़ी सामाजिक गोलबंदी सामने आई, जिसने उस समय के जनता दल और उसके नेता लालू प्रसाद को अपराजेय बना दिया। यही वह समय था, जब मंडल और मंदिर से इतर लालू प्रसाद (Lalu Yadav) के पक्ष और विपक्ष में गोलबंदी होने लगी। इसका परिणाम ठीक 10 साल बाद आया, जब 2005 में लालू प्रसाद बिहार की सत्ता से बाहर हो गए। उनके पास सोशल इंजीनियरिंग के नाम पर माय समीकरण बचा रह गया था। बिहार में इस समय लोकसभा चुनाव की रणनीति और प्रचार-प्रसार पर ध्यान दें तो साफ लगेगा कि यह वर्तमान से अधिक अतीत पर आश्रित है। लालू प्रसाद महागठबंधन को 1995 के जनाधार के स्तर पर लाना चाह रहे हैं। उधर राजग की रणनीति का मूल पाठ यह है कि कैसे लालू प्रसाद और उनके गठजोड़ को 2005 की तरह किनारे कर दिया जाए। यही कारण है कि राजग के नेता केंद्र में दस साल और राज्य में 19 साल की सरकार की उपलब्धियों के साथ लालू प्रसाद के शासन का डर दिखा रहे हैं। क्योंकि विकास की भौतिक उपलब्धियों के बाद भी लालू प्रसाद का डर विरोधी वोटों की गोलबंदी का अबतक सबसे बड़ा सूत्र रहा है। यही वह डर है, जिसने अगड़े-पिछड़े के भेद को मिटाकर बड़ी आबादी को राजग के पक्ष में गोलबंद कर दिया था। राजग की रणनीति से लालू प्रसाद परिचित हैं। लोकसभा चुनाव के टिकट बंटवारे में महागठबंधन ने चतुराई का परिचय दिया। 2005 से लेकर उसके बाद तक कई जातियां लालू प्रसाद से छिटक कर राजग के पाले में चली गई। इनमें पिछड़ी





और अति पिछड़ी जातियों के अलावा सवर्ण और वंचित हैं। महागठबंधन ने लोकसभा की 40 में से 20 टिकट उन जातियों के बीच बांट दिए, जिन्हें 2005 और उसके बाद राजग के घटक दलों से जोड़ कर देखा जाता था। कुशवाहा, वैश्य और भूमिहार के अलावा वंचितों में पासवान को राजग के कट्टर समर्थक के रूप में देखा जाता था। महागठबंधन के 20 उम्मीदवार इन्हीं जातियों के हैं। हां, 36 प्रतिशत की आबादी वाली अति पिछड़ी जातियों को उनकी संख्या के अनुपात में उम्मीदवारी नही दी गई। इनके दो उम्मीदवार बनाए गए। इन्हें अब भी राजग के खाते में माना जाता है। लोकसभा चुनाव परिणाम से यह भी पता चलेगा कि लालू प्रसाद अपनी सोशल इंजीनियरिंग में किस हद तक सफल हुए। अगर उन्हें सफलता मिल जाती है तो विधानसभा चुनाव में भी इसी पैटर्न पर टिकट का वितरण कर वे 20 साल बाद 2025 में फिर से सत्ता में आने का सपना देख सकते हैं। तब वे 1995 के अपने आधार को छूने के बारे में सोच सकते हैं। यही कारण है कि राजग पुराने शासन की याद दिला रहा है। इधर राजद खुल कर मंडल के दौर की वापसी का प्रयास कर रहा है।

# जदयू से देवेश चंद्र ठाकुर और राजद से अर्जुन राय, कौन होगा सीतामढ़ी का सिकंदर

निज संवाददाता

**पटना**। सीतामढ़ी लोकसभा क्षेत्र के चुनाव में विगत दो आम चुनावों के आंकड़े यह रहे हैं कि वहां हार-जीत बड़े अंतर से होती रही है। वोटर अगर किसी के पक्ष में वोट कर रहे तो खुलकर करते हैं। विगत दो आम चुनावों का आंकड़ा यह भी रहा कि वहां मतदान के प्रतिशत में बढ़ोतरी दर्ज होती रही है। वर्ष 2014 के आम चुनाव में सीतामढ़ी में 57.18 प्रतिशत वोट पड़े थे जबकि 2019 में वहां 59,30 प्रतिशत मतदान हुआ। वर्ष 2019 के आम चुनाव में सीतामढ़ी में हार-जीत का अंतर 24.12 प्रतिशत दर्ज किया गया। जदयू के टिकट पर मैदान में रहे सुनील कुमार पिंटू को तब 54.65 प्रतिशत वोट आए थे। उन्हें 5,67,745 वोट मिले थे। वहीं उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी रहे राजद के अर्जुन राय को 30.53 प्रतिशत वोट आए थे। उन्हें 3, 17,206 वोट मिले थे। दिलचस्प यह था कि 2019 में चार निर्दलीय प्रत्याशियों ने 66,557 हजार वोट अपने नाम कर लिए थे। एक निर्दलीय प्रत्याशी को 20,487 तथा दो निर्दलीय प्रत्याशी को क्रमशः 17,224 तथा 17,270 वोट मिले थे। वर्ष 2014 के आम चुनाव में सीतामढ़ी में हार-जीत का





मार्जिन 16.43 प्रतिशत दर्ज किया गया था। उस वर्ष रालोसपा के प्रत्याशी रामकुमार शर्मा को यहां से जीत मिली थी। उन्हें 45.67 प्रतिशत वोट आए थे। उन्हें मिले वोटों की संख्या 4,11,265 थी। वहीं उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी रहे राजद के सीताराम यादव को 29.24 प्रतिशत वोट मिले थे। उन्हें मिले वोटों की संख्या 2, 63,900 थी। वर्ष 2014 के आम चुनाव में सीतामढ़ी से जदयू ने भी चुनाव लड़ा था। तब अर्जुन राय जदयू के टिकट पर मैदान में थे। उन्हें दस प्रतिशत वोट आए थे। उन्हें मिले वोटों की संख्या 97,188 थी। तब सीतामढ़ी से लड़ रहे अन्य प्रत्याशियों ने 49, 906 वोट हासिल किए थे। उक्त चुनाव में आप ने भी सीतामढ़ी से अपना प्रत्याशी दिया था और उन्हें 18,043 वोट मिले थे। एक निर्दलीय प्रत्याशी को 20,613 वोट आया था। विगत दो आम चुनाव से सीतामढ़ी से दलीय प्रत्याशी बदल जा रहे। वर्ष 2014 में इस सीट से रालोसपा ने लड़ा था और तब जदयू ने अपने दम पर चुनाव लड़ा था। वर्ष 2019 के आम चुनाव में जदयू ने भाजपा के साथ मिलकर यहां से चुनाव लड़ा और सुनील कुमार पिंटू को जदयू ने यहां से अपना प्रत्याशी बनाया। इस बार जदयू ने यहां से अपना प्रत्याशी बदल दिया है। देवेश चंद्र ठाकुर यहां से एनडीए के प्रत्याशी है। वैसे राजद के टिकट पर मैदान मे डटे अर्जुन राय पुनः इस बार राजद के टिकट पर मैदान में है। वर्ष 2019 में वह राजद के टिकट पर चुनाव मैदान में थे। वर्ष 2014 में उन्होंने जदयू के टिकट पर चुनाव लड़ा था।

# तेजस्वी यादव ने बीजेपी पर जमकर बोला हमला

निज संवाददाता

**पटना**। बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने भाजपा पर एक बार फिर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सकारात्मक राजनीति ने भाजपाइयों को सड़क पर उतार दिया है। बावजूद 40 में 39 सांसद देने वाले बिहार में दस वर्षो में इन्होंने क्या किया, ये इसका जवाब नहीं दे पा रहे हैं। तेजस्वी यादव ने सोमवार को अपने एक्स पर लिखा कि बिहार में अकेले 34 साल के तेजस्वी के सामने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, असम के मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री अनेक केंद्रीय मंत्री सहित बिहार के दो-दो उप मुख्यमंत्री हैं। भाजपा अनेक हेलिकॉप्टर उड़ा रही है, इनके पास अनलिमिटेड संसाधन है, पानी की तरह ...बहा रहे हैं। इन सबके बावजूद स्वाभिमानी बिहार की न्यायप्रिय जनता एवं मुद्दों की सकारात्मक राजनीति ने इन्हें हर सीट पर सड़क पर उतार दिया है। लोग इनसे 10 वर्ष का हिसाब मांग रहे हैं, तो प्रधानमंत्री अगल-बगल झांककर हिंदू-मुस्लिम, मंदिर-मस्जिद, पाकिस्तान-कब्रिस्तान, मछली-तितली



कर रहे हैं। लेकिन मजाल है वो नौकरी, रोजगार, बेरोजगारी, गरीबी, महंगाई और विकास-निवेश जैसे मुद्दों पर बात कर सकें।

# श्री गौड़ीय मठ में ब्रह्म विमोहन लीला के दर्शन हुए

**पटना (नि.सं.)**। मीठापुर स्थित श्री गौड़ीय मठ मंदिर में आयोजित 21 दिवसीय श्री कृष्ण चंदन श्रृंगार, फूल बंगला, झांकी महोत्सव के पांचवें दिन श्री कृष्ण के ब्रह्म विमोहन लीला के दर्शन हुए। मंगलवार को मठ मंदिर ब्रह्मविमोहन लीला की थीम पर सजाया गया। प्राकृतिक दृश्यों के बीच ब्रह्मा और श्री कृष्ण के मित्र बनाए गए। कृष्ण को 6 बर्ष के बालक वेश में चंदन लेपन के साथ फूलों के मुकुट, आभूषण, माला आदि से सजाया गया। संध्या आरती में युवाओं की भारी भीड़ दिखी, सभी नृत्य कीर्तन में उत्साहित थे।

# बीपीएससी पेपर लीक के मास्टरमाइंड पर एक्शन की तैयारी

निज संवाददाता

**पटना**। बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) के द्वारा आयोजित शिक्षक भर्ती परीक्षा के तीसरे चरण की परीक्षा के पेपर लीक के मास्टरमाइंड डॉ. शिव समेत अन्य आरोपितों को जल्द ही रिमांड पर लिया जाएगा। मामले की जांच कर रही आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) अगले एक-दो दिनों में कोर्ट से इन आरोपितों की रिमांड मांग सकती है। सूत्रों के अनुसार पता चला है कि पहले डॉ. शिव उर्फ बिट्टू, राहुल पासवान और संदीप कुमार उर्फ बल्ली को रिमांड पर लिया जाएगा। इसके बाद उज्जैन से गिरफ्तार अन्य आरोपितों को




भी रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी। ईओयू ने अब तक की जांच में इस बात का उद्भेदन तो कर दिया है कि पेपर लीक कैसे और कहां हुआ मगर अब भी कई सवालों के जवाब अनसुलझे हैं। इन सवालों के जवाब में सॉल्वर गिरोह गिरोह के सदस्यों तक प्रश्न-पत्र की प्रिंटिंग और परिवहन की जानकारी किसके जरिए मिली। शिक्षक भर्ती परीक्षा के अलावा गिरोह की भूमिका और किन-किन प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक में रही है, यह सारे सवाल आरोपितों से पूछताछ में किए जाएंगे। इसके अलावा पेपर लीक गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों की तलाश भी अलग-अलग जगहों पर की जा रही है, उनकी जानकारी भी ईओयू की टीम लेने की कोशिश करेगी। बता दें कि बीती 16 मार्च 2024 को बिहार में तीसरे चरण की शिक्षक भर्ती परीक्षा स्थगित कर दी गई थी और इसके मुताबिक टीआरई 3.0 एग्जाम को अपरिहार्य कारण से टाल दिया गया था। हाल ही में पुलिस ने बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) के द्वारा आयोजित शिक्षक भर्ती परीक्षा के तीसरे चरण के पेपर लीक मामले में उज्जैन से गिरफ्तार आरोपितों की रिमांड रविवार को पूरी कर दी थी और इसके बाद सभी को वापस जेल भेज दिया गया था।

# के.के पठाक का शिक्षा विभाग चलाएगा विश्वविद्यालयों के बजट पर कैंची

निज संवाददाता

**पटना**। राज्य के सभी पारंपरिक विश्वविद्यालयों के वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट की समीक्षा शिक्षा विभाग करेगा। इसके लिए बुधवार को विभाग में कुलपति, वित्तीय परामर्शी, कुलसचिव एवं वित्त पदाधिकारी बुलाए गए हैं। समीक्षा बैठक में हर विश्वविद्यालय द्वारा एक पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन दिया जाएगा। उसमें शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मियों के अलग-अलग स्वीकृत, कार्यरत एवं रिक्त पद, पिछले वित्तीय वर्ष का प्रस्तावित, स्वीकृत बजट, प्राप्त व व्यय राशि आदि के बारे



में जानकारी देना आवश्यक होगा। शिक्षा विभाग के मुताबिक, बुधवार को मदन मोहन झा सभागार में आयोजित बैठक में कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय तथा मौलाना मजहरुल हक अरबी-फारसी विश्वविद्यालय के प्रस्तावित बजट की समीक्षा होगी। वैसे विश्वविद्यालयों द्वारा भेजे गए बजट प्रस्ताव में बकाया पेंशन और महंगाई भत्ता की मांग की गई है। बैठक में यह देखा जाएगा कि जो बकाया राशि की मांग की गई है, वो नियमानुकूल है या नहीं। इसके अलावा शिक्षकों और कर्मियों के स्वीकृत पद एवं उसके विरुद्ध रिक्त पदों पर नियुक्ति को लेकर बैठक में समीक्षा की जाएगी। शिक्षा विभाग ने प्रत्येक विश्वविद्यालय की अलग-अलग बैठक बुलाई है ताकि उनके बजट की समीक्षा में सुविधा हो। इसमें विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों आंतरिक स्त्रोत से प्राप्त राशि की पूर्ण विवरणी, स्त्रोत, व्यय के लिए कार्य योजना सहित स्पष्ट किया जाएगा कि उक्त राशि को किस प्रकार बजट में शामिल किया गया है।

# कार्यकर्ताओं को अपमानित करता रहा है राजद : राजीव रंजन

**पटना (नि.सं.)**। जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने आरोप लगाया है कि राजद अपने कार्यकर्ताओं को अपमानित करता रहा है। उन्होंने कहा है कि दुनिया की कोई पार्टी नहीं होगी, जहां कार्यकर्ताओं को इस तरह से सरेआम अपमानित किया जाता हो। पर, राजद-कांग्रेस जैसी परिवारवादी पार्टियों में कार्यकर्ताओं के साथ अच्छा व्यवहार नहीं होता। राजद के शीर्ष नेताओं का व्यवहार दिखाता है कि इनके निगाह में कार्यकर्ताओं, समर्थकों व जनता की कोई कीमत नहीं है। उन्होंने कहा कि हकीकत में जदयू-भाजपा जैसी विचारधारा वाली पार्टियों में जहां कार्यकर्ताओं की प्रतिभा देखी जाती है, वहीं राजद-कांग्रेस में कार्यकर्ता बनने के लिए जमीर गिरवी रखना पड़ता है। वास्तव में इन पार्टियों में आत्म-सम्मान वाले नेताओं के लिए कोई स्थान ही नहीं है। यही वजह है कि कांग्रेस से नेताओं का भारी संख्या में पलायन शुरू हो चुका है।

# चौथे चरण में पांचों सीट पर एक बार फिर मंगल पांडेय ने एनडीए की जीत का किया दावा

निज संवाददाता

**पटना**। स्वास्थ्य एवं कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने चौथे चरण में देश के 96 और राज्य के पांच लोकसभा सीटों पर निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न होने पर हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग एवं स्थानीय पुलिस-प्रशासन की सजगता से मतदाताओं ने भयमुक्त होकर लोकतंत्र के महापर्व में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चौथे चरण में भी मतदाताओं ने नरेन्द्र मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने को लेकर एनडीए के पक्ष में मतदान किया। चौथे चरण में ही जनता ने राजग को अपना आशीर्वाद देकर बहुमत का आंकड़ा पार कर दिया है। चौथे चरण में संपन्न पांचों सीट पर एक बार फिर एनडीए की जीत सुनिश्चित है। उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार ने राष्ट्रीय विकास एवं क्षेत्रीय आकांक्षाओं को एक साथ पूरा किया है। हर क्षेत्र और वर्ग की विशेष आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर चुनाव मोदी की गारंटी पर जनता स्वयं लड़ रही है। इसलिए चुनाव में मुद्दा भी मोदी ही हैं और मत भी मोदी को ही मिल रहे हैं। चार चरण के मतदान के बाद देश और प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों से सूचनाएं मिल रही हैं उससे यह स्पष्ट है कि जनता इसबार अपना हर वोट मोदी का चेहरा ध्यान में रखकर दे रही है। जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने सोमवार को कहा कि नरेंद्र मोदी व नीतीश कुमार की जोड़ी को बिहार में मिल रहे अपार समर्थन से राजद-कांग्रेस के पसीने छूट रहे हैं। विपक्ष का मनोबल तो पहले ही टूटा हुआ था और अब दोनों के रोड शो में उमड़ी भीड़ ने विपक्ष के मंसूबे को ध्वस्त कर दिया है। जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि जनता जान चुकी है कि नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार जनता के कल्याण



को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हैं। वहीं राजद-कांग्रेस के लिए उनके परिवार का कल्याण ही उनकी प्राथमिकता है। नीतीश कुमार जनता के विकास के लिए नए-नए उपाय ढूंढते रहते हैं और विपक्ष जनता को लूट कर अपनी तिजोरियां भरने के नए उपाय खोजते रहता है। राजद-कांग्रेस के कुशासन के कारण ही 2005 तक बिहार की 78.28 प्रतिशत आबादी गरीब थी। नीतीश कुमार ने अपने परिश्रम से इसे 33.76 प्रतिशत तक पहुंचा दिया।

# मुकेश सहनी और कांग्रेस के साथ हो गया घात, 2 कद्दावर नेता बीजेपी में शामिल

निज संवाददाता

**पटना**। भाजपा प्रदेश कार्यालय में सोमवार को आयोजित मिलन समारोह में विकासशील इंसान पार्टी (वीआइपी) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. राजीव मिश्रा एवं कांग्रेस प्रवक्ता विनोद शर्मा सहित कई नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इन सभी नेताओं को भाजपा की सदस्यता दिलाई और उनका स्वागत किया। चौधरी ने इन नेताओं का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि आज भाजपा लोगों की पसंद बन गई है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि इस चुनाव में एनडीए 400 का आंकड़ा पार करेगी। उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने कहा कि आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। उन्होंने कहा कि यह पार्टी किसी परिवार की पार्टी नहीं, बल्कि भाजपा ही एक परिवार



है। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों में राजीव मिश्रा, विनोद शर्मा व अशोक कुमार चौहान के अलावा जाप के नेता रघुपति सिंह सहित कई प्रमुख नेता शामिल थे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी के साथ तस्वीर लगाकर फेसबुक और एक्स इंटरनेट मीडिया पर विकाशील इंसान पार्टी (वीआइपी) की सदस्यता ग्रहण करने की बात पोस्ट करने पर बीजेपी के प्रदेश मुख्यालय प्रभारी अरविंद शर्मा ने कोतवाली थाने में पूर्व मंत्री मुकेश सहनी के विरुद्ध शिकायत की है। तस्वीर में मुकेश सहनी उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को पुष्पगुच्छ देते दिख रहे हैं। आरोप है कि वीआइपी भ्रम पैदा करने के लिए ऐसा किया है। थानेदार राजन कुमार ने बताया कि लिखित शिकायत मिली है। जांच की जा रही है।

# तारामंडल में शो की संख्या दो से बढ़कर चार होगी

**पटना (नि.सं.)**। तारामंडल में दो से बढ़ाकर चार थ्री डी शो किए जाएंगे। इसके लिए प्रस्ताव तैयार कर शो का ऑर्डर दे दिया गया है। इसे अगले माह तक शुरू करने की योजना है। तारामंडल में अभी दो ही थ्री डी शो चलाया जा रहा है। दो नये शो के आने के बाद तारामंडल को एक से अधिक बार दर्शक देखने आ सकेंगे। अभी दिखाए जानेवाले पहले शो का नाम 'वी आर स्टार और दूसरे का नाम 'एस्ट्रॉयड मिशन एक्सट्रीम है। इसे हिन्दी व अंग्रेजी भाषा में दिखाया जाता है। चार शो शुरू करने का उद्देश्य एक से अधिक बार दर्शकों को तारामंडल की ओर आकर्षित करना है। नये शो को तारामंडल में दर्शकों की भीड़ को देखते हुए लाया जा रहा है। इसके लिए भी ऑनलाइन व ऑफलाइन टिकट मिलेगी। तारामंडल के शुरू हुए एक माह हो गए। दर्शकों का आकर्षण बढ़ता जा रहा है।

# पहली शादी के बाद मांगा 10 लाख, नहीं मिला तो रचाया दूसरा विवाह

निज संवाददाता

**पटना**। पटना हाई कोर्ट ने दो दशक पहले सार्वजनिक क्षेत्र के एक संगठन में साथ काम करते हुए प्रेम विवाह करने वाले एक जोड़े की वैवाहिक स्थिति को बरकरार रखते हुए, अपनी कानूनी रूप से विवाहित पहली पत्नी को छोड़ने के लिए पति पर एक लाख रुपये का मुकदमा खर्च लगाया। न्यायाधीश पीबी बजनथ्री एवं न्यायाधीश अरुण कुमार झा की खंडपीठ ने भागलपुर के तिलकामांझी निवासी नीरज कुमार सिंह की अपील को खारिज करते हुए भागलपुर के परिवार न्यायालय के निर्णय को बरकरार रखा, जिसने अपीलकर्ता (पति) को पहली पत्नी टेसू कुमारी के साथ अपने वैवाहिक संबंध को बहाल करने का निर्देश दिया था, जिसे उसने शादी के दो वर्ष बाद ही छोड़ दिया था। खंडपीठ ने कहा कि नीरज ने बिना किसी उचित कारण के टेसू को छोड़ दिया और इसलिए वह इस निर्णय की तारीख से छह महीने के भीतर मुकदमे की लागत की राशि का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी है। एलआईसी की भागलपुर स्थित एक शाखा में अपीलकर्ता ने 9 नवंबर, 2003 को बगैर पारिवारिक सहमति



से भागलपुर में हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार प्रतिवादी टेसू कुमारी के साथ विवाह किया। अपीलार्थी एवं प्रतिवादी लगभग दो वर्षों तक शांतिपूर्वक वैवाहिक जीवन व्यतीत करता रहा, लेकिन जब यह तथ्य अपीलार्थी के माता-पिता को ज्ञात हुआ, उन्होंने अपीलार्थी पर समान जाति की दूसरी महिला के साथ अच्छा दहेज लेकर विवाह करने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। धन के लालच में और अपनी मां के उकसावे में आकर अपीलार्थी ने प्रतिवादी से 10 लाख रुपये की मांग की और मांग पूरी न होने पर अपीलार्थी ने प्रतिवादी से दूरी बनानी शुरू कर दी और बाद में दहेज लेकर दूसरी महिला के साथ विवाह कर लिया। अपीलार्थी की दूसरी शादी के बारे में पता चलने पर प्रतिवादी अपीलार्थी के पैतृक निवास पर गई, लेकिन अपीलार्थी के परिवार के सदस्यों ने प्रतिवादी के साथ दुर्व्यवहार किया और उसे धमकाया। लगातार दहेज की मांग के कारण प्रतिवादी ने अपीलार्थी और उसकी मां के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 498ए और दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 के तहत अपराध के लिए एफआईआर दर्ज कराई। प्रतिवादी ने वैवाहिक अधिकारों की बहाली के लिए परिवार न्यायालय के समक्ष याचिका दायर की। तथ्यों के मद्देनजर परिवार न्यायालय ने शादी को वैध ठहराते हुए पहली पत्नी के साथ वैवाहिक अधिकारों की बहाली का आदेश दिया था। अपीलकर्ता पति ने परिवार न्यायालय के इसी निर्णय को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी।

# चांदी की चमक लौटी तो सोना पड़ा सुस्त

**पटना (नि.सं.)**। पटना सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोना-चांदी के विपरीत हालत बने। कमजोर हो रही चांदी की चमक लौटी। चांदी में 700 रुपये प्रति किलो की बढ़त हासिल की। चांदी बढ़त के बाद 83,300 रुपये प्रति किलो की दर पर आ गई। इसके विपरीत सोना की खामोशी 400 रुपये प्रति दस ग्राम की राहत से भंग हुई। सोना में कायम गिरावट के उपरांत सोना विठूर 72,200 रुपये व 22 कैरेट 72,050 रुपये प्रति दस ग्राम की दर पर आ गयी। धातुओं में उत्पन्न विपरीत हालात को व्यापारिक वर्ग वैश्विक बाजार के उतार-चढ़ाव के साथ त्योहारी मांग पूर्ण होने का प्रभाव मान रहे हैं। शादी-ब्याह के मौसम पर लगे विराम की वजह से आने वाले समय में धातुओं की ग्राहकी मांग कमजोर होने के कयास लगाए जा रहे है। इसी बीच ग्राहकों की खरीदारी के साथ आभूषण गढ़ने वालों और कारखानेदारों की खरीदारी धीमी रफ्तार में चल रही है। इसका कारोबार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

# आंधी-पानी को लेकर सात जिलों में अलर्ट जारी

निज संवाददाता

**पटना**। राजधानी समेत आसपास इलाकों में आंशिक रूप से बादल छाए रहने के साथ मौसम में नरमी बना हुआ है। प्रदेश में अगले हफ्ते तक मौसम में विशेष बदलाव के आसार नहीं हैं। हीट वेव (लू) व भीषण गर्मी पर विराम लगा रहेगा। मंगलवार को पटना व आसपास इलाकों में बादलों की आवाजाही बने होने के साथ उत्तरी भागों के सात जिलों के सुपौल, अररिया, किशनगंज, मधेपुरा, सहरसा, पूर्णिया और कटिहार में गरज-तड़क के साथ आंधी-पानी को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, प्रदेश में प्री मानसून सीजन के दौरान इस प्रकार गतिविधियां बने होने के कारण काल वैशाखी का प्रभाव बने रहने की संभावना है। बीते 24 घंटों के दौरान उत्तरी भागों के अधिसंख्य भागों में वर्षा दर्ज की गई। सुपौल (राघोपुर) में सर्वाधिक वर्षा 52.1 मिमी दर्ज किया गया। राजधानी का अधिकतम तापमान सामान्य से दो डिग्री गिरावट के साथ 35.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि, 39.6 डिग्री सेल्सियस के साथ बक्सर में प्रदेश का सर्वाधिक अधिकतम तापमान दर्ज किया गया। डेहरी व शेखपुरा को छोड़कर पटना सहित शेष जिलों के अधिकतम तापमान में वृद्धि दर्ज की गई। Bihar News सुपौल के बीरपुर में 44.0 मिमी, अररिया के नरपतगंज में 42.2 मिमी, पूर्वी चंपारण के ढाका में 24.2 मिमी, अररिया के सिकटी में 20.4 मिमी, फारबिसगंज में 20.4 मिमी, दरभंगा के बेनीबाद में 20.0 मिमी, किशनगंज के ठाकुरगंज में 18.4 मिमी, रोहतास के दिनारा में 18.2 मिमी, किशनगंज के टेढागाछ में 14.8 मिमी, मधुबनी के झंझारपुर में 14.6 मिमी एवं पूर्णिया में 12.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई। प्री मानसून के दौरान प्रदेश में अभी सामान्य से 21 फीसद अधिक वर्षा हुई है।

## संक्षिप्त समाचार

### डीड फर्जीवाड़ा, जांच अधिकारी ने एक आरोपी से की पूछताछ

**भागलपुर।** रजिस्ट्री ऑफिस में डीड में फर्जीवाड़ा मामले को लेकर अनुसंधानकर्ता योगेश कुमार ने सोमवार से जांच तेज कर दी। उन्होंने गोपनीय तरीके से केस से जुड़े लोगों पूछताछ शुरू की। उन्होंने सोमवार को एक आरोपी से पूछताछ की। पूछताछ के दौरान केस से जुड़े कुछ अहम सुराग मिले हैं। रजिस्ट्री ऑफिस में फर्जीवाड़ा को लेकर अधीक्षक श्यामानंद चौधरी ने 14 कर्मियों व अन्य के खिलाफ सात मई को केस दर्ज कराया था।

### भास्कर ने गर्भपात के सौदागरों का किया खुलासा तो जांच को बनी टीम

**भागलपुर।** शहर में चल रहे अवैध निजी नर्सिंग होम व क्लीनिक गर्भपात का सौदा कर रहे हैं। वे पैसे के लिए नियम के खिलाफ 8 महीने की गर्भवती का भी गर्भपात करा रहे हैं। दैनिक भास्कर ने तिलकामांझी के जवारीपुर के जीवन हॉस्पिटल और जीरोमाइल के लाइफ केयर इमरजेंसी हॉस्पिटल में चल रहे इस खेल का खुलासा किया तो स्वास्थ्य विभाग सचेत हुआ है। सिविल सर्जन डॉ. अंजना कुमारी ने सोमवार को तीन डॉक्टरों की कमेटी गठित की है। इसमें सदर अस्पताल की डॉ. ज्योति कुमारी, डॉ. बिप्लव बलराज और डॉ. स्वप्निल चंद्रा को शामिल किया है। टीम दोनों क्लीनिकों में जाकर जांच करेगी। पूरे मामले में संचालक से पूछताछ करेगी। नियम के अनुसार 24 सप्ताह से अधिक का गर्भपात कराने के लिए मेडिकल बोर्ड की अनुमति जरूरी है। लेकिन अवैध नर्सिंग होम आठ से दस हजार लेकर आठ माह तक का गर्भ गिरा रहे हैं। सोमवार को खबर छपने के बाद जीवन हॉस्पिटल और लाइफ केयर इमरजेंसी हॉस्पिटल में अस्पताल में हड़कंप मचा रहा। वहां आने वाले हर नए चेहरे को कर्मचारी संदिग्ध नजर से देख रहे थे। जानकारी मिली है कि जांच टीम के आने से पहले गर्भपात संबंधी रिकॉर्ड वहां से हटा लिए गए। भास्कर के कैमरे में नर्सिंग होम के जिन कर्मचारियों का चेहरा उजागर हुआ है, उन्हें कुछ दिन क्लीनिक आने से मना किया गया है।

### पारामाउंट के 97 प्रतिशत छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण

**मुंगेर।** मुंगेर विश्वविद्यालय में सीबीसीएस पर आधारित चार वर्षीय स्नातक सेमेस्टर-2, सत्र 2023-27 में नामांकन के लिए 14 मई से 18 मई तक तिथि निर्धारित की गई है। हालांकि नामांकन की तिथि को विस्तारित किया गया है। इसके पूर्व निर्धारित अवधि तक कतिपय छात्र-छात्राएं नामांकन लेने से वंचित रह गए थे। लिहाजा एक बार फिर तिथि को विस्तारित किया गया है। पीआरओ डा. प्रियरंजन तिवारी ने बताया कि छात्र-छात्राएं नामांकन शुल्क ऑनलाइन माध्यम से जमा कर रसीद डाउनलोड करेंगे। छात्र-छात्राओं को दस्तावेजों के भौतिक सत्यापन की आवश्यकता नहीं होगी। एससी, एसटी तथा सभी वर्ग की छात्राओं को शून्य भुगतान कर रसीद अवश्य प्राप्त करेंगे। अन्यथा नामांकन रद्द समझा जाएगा। 18 मई के बाद नामांकन का मौका नहीं दिया जाएगा।

### 15 से 29 मई तक होगी बीएड की प्रथम-द्वितीय वर्ष की होगी परीक्षा

**मुंगेर।** मुंगेर विश्वविद्यालय में बीएड प्रथम वर्ष, सत्र 2023-25 तथा द्वितीय वर्ष, सत्र 2022-24, परीक्षा- 2024 का कार्यक्रम पूर्व में जारी कर दिया गया है। बीएड प्रथम वर्ष की परीक्षा जहां 15 मई से 29 मई तक दूसरी पाली में 02 बजे से 05 बजे तक होगी। वहीं द्वितीय वर्ष की परीक्षा 15 मई से 27 मई तक प्रथम पाली में 10 बजे से 01 बजे तक होगी। बीएड प्रथम वर्ष की परीक्षा 15 मई से शुरू होकर 16, 21, 22, 27, 28 एवं 29 मई तक चलेगी। जबकि द्वितीय वर्ष की परीक्षा 15 मई से शुरू होकर 16, 21, 22 एवं 27 मई तक चलेगी। दो वर्ष की परीक्षा के लिए 04 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। जिसमें बीआरएम कॉलेज परीक्षा केन्द्र पर रहमानी बीएड कॉलेज मुंगेर और बीएड टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज खगड़िया, एसएई कॉलेज जमुई परीक्षा केन्द्र पर जमुई कॉलेज जमुई, एसएस कॉलेज मेहूस परीक्षा केन्द्र पर साईं कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग ओनम बरबीघा तथा केएसएस कॉलेज लखीसराय परीक्षा केन्द्र पर महात्मा गांधी बीएड कॉलेज लखीसराय के परीक्षार्थियों की परीक्षा होगी। पीआरओ डा. प्रियरंजन तिवारी ने बताया कि इस आशय की सूचना परीक्षा विभाग द्वारा जारी कर दी गई है।

### कैंसर पीड़ित वृद्ध महिला ने किया मतदान

**मुंगेर।** मतदान को लेकर लोगों में उत्साह का आलम ये है कि लोग अपनी स्वास्थ्य से अधिक देश के भविष्य पर ध्यान दे रहे हैं। इसकी बानगी तब देखने को मिली जब सदर प्रखंड के मतदान केन्द्र संख्या 229 प्रा. वि.मनियारचक में 11 माह से कैंसर से पीड़ित 78 वर्षीय निर्मला देवी अपने पुत्र व पुतोहू के साथ मतदान केन्द्र पहुंच कर अपने वोट का उपयोग किया।



निर्मला देवी कैंसर बीमारी से पीड़ित है, जिसका इलाज पटना के मगध कैंसर संस्थान में कई माह से चल रहा है। पटना में इलाजरत रहने के बावजूद एक दिन पूर्व निर्मला देवी पटना से मुंगेर पहुंची और सोमवार को मतदान केन्द्र पर पहुंच कर मतदान किया। मतदान के पश्चात निर्मला देवी ने बताया कि देश के विकास लिए उसने अपने मत का प्रयोग किया है। मुंगेर। लोकसभा चुनाव के दौरान सोमवार को कासिम बाजार थाना क्षेत्र के खोजा बाजार स्थित बूथ संख्या-151 पर पुलिसिया कार्रवाई से आक्रोशित भीड़ ने पत्थरबाजी की। इस घटना में क्यूआरटी संदलपुर में कार्यरत जवान 25 वर्षीय सुजीत कुमार पिता महेंद्र पासवान को हाथ और पैर में चोटें आई। जिसके बाद पुलिस द्वारा उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल मुंगेर लाया गया। जहां उसका इलाज करवाया गया। लोकसभा आम चुनाव को लेकर सोमवार को जिला परिषद कार्यालय स्थित मतदान केंद्र संख्या-15 पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह अपनी धर्मपत्नी के साथ वोट देने पहुंचे। वोट के बाद दोनों ने सेल्फी प्वाईंट पर फोटो लेते हुए अपनी खुशी का इजहार किया। इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्र का भी जायजा लिया और अधिक से अधिक मतदान करवाने को लेकर पदाधिकारियों को निर्देशित किया।

### मैट्रिक में 97.8 प्रतिशत अंक के साथ हर्ष राज हर्षित बना टॉपर, तो इंटर में भूमिका जैन ने 90.8 प्रतिशत अंक पाए

**मुंगेर।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा कक्षा दसवीं एवं बारहवीं परीक्षा का परिणाम सोमवार को घोषित किया गया। सरस्वती विद्या मंदिर पुरानीगंज से हर्ष राज हर्षित ने सर्वाधिक 97.8 फीसद अंक लाकर जिला टॉपर बना है। न्यू ऐरा पब्लिक स्कूल के कुमार आर्यन 96.6 अंक हासिल कर दूसरे स्थान पर तथा सरस्वती विद्या मंदिर पुरानीगंज की ही छात्रा अमिता कुमारी ने 94.8 अंक लाकर तीसरा स्थान पाया। केएम एकेडमी असरगंज के रोहित कुमार 93.2 अंक हासिल कर इंटर में जिला टॉपर बने। न्यू ऐरा पब्लिक स्कूल कि भूमिका जैन 90.8 प्रतिशत अंक हासिल कर सेकंड टॉपर तो केएम एकेडमी कि ही छात्रा इप्सिता चंद 93 प्रतिशत अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। सरस्वती विद्या मंदिर पुरानीगंज के परीक्षा प्रमुख आनंद मोहन एवं सहप्रमुख आशीष कुमार ने बताया कि विद्या मंदिर मुंगेर का परिणाम शानदार रहा। दसवीं की परीक्षा में विद्यार्थियों ने शत-प्रतिशत सफलता पायी है।




# ससुराल आए युवक की संदिग्ध स्थिति में मौत, पोस्टमॉर्टम हाउस में मृतक की मां ने बहू को पीटा

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर के सुल्तानगंज थाना क्षेत्र में युवक की संदिग्ध स्थिति में मौत मामले में पुलिस ने इसे सुसाइड का मामला बताया है। वहीं, परिजन युवक की पत्नी के भाई पर हत्या का आरोप लगा रहे हैं। पुलिस आत्महत्या व हत्या दोनों ही मामले में जांच कर रही है। युवक पत्नी की विदाई कराने ससुराल गया था। रविवार को उसकी लाश बहियार से मिली थी। वहीं, सोमवार को पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंची मृतक की मां ने गुस्से में बहू की पिटाई भी कर दी। वो उसे लात मारती नजर आई। मृतक की पत्नी मायके से ससुराल नहीं जाना चाहती थी। मृतक की पहचान घोंघा थाना क्षेत्र के मंगल मंडल (35) के रूप में की गई। मंगल अपने ससुराल सुल्तानगंज गए हुए थे। पत्नी ससुराल नहीं जाना चाहती थी। जानकारी के अनुसार युवक पत्नी निर्मला देवी व चार बच्चों को अपने घर ले जाने के लिए एक माह से ससुराल का चक्कर काट रहा था। लेकिन पत्नी और साला दुत्कार कर उसे भगा देते थे। बावजूद, वह घर नहीं जाकर ससुराल में ही इधर-उधर रहकर समय व्यतीत कर लेता था।

**साले ने दी थी धमकी:** भाई मृतक के बड़े भाई अधिक मंडल ने बताया कि हमलोग कसमाबाद दियारा में रहकर खेती करते हैं। मंगल की पत्नी और साले सब जब उसे दुत्कार कर भगा देते थे। एक सप्ताह पहले उसके साला ने धमकी दी थी कि जब मेरी बहन उसके साथ जाना नहीं चाहती है तो उसे मेरे घर आने से मना कर दो। नहीं तो उसे जान से मार देंगे।

**पत्नी ने कहा-नशेड़ी था, मारपीट करता था:** पत्नी निर्मला देवी ने बताया कि 15 वर्ष पहले हमारी शादी हुई थी। तीन साल से पति नशे का सेवन कर रहे थे। साथ ही मेरे साथ मारपीट करते थे। इसको लेकर ससुराल में पंचायत भी हुई थी। उसके बाद पति मुझे और बच्चों को लेकर कमाने के लिए दिल्ली ले गए थे। वहां भी पति का रवैया नहीं बदला तो हम लोग ससुराल पन्नुचक आ गए। कुछ महीने बाद पति की करतूतों से तंग आकर मैं चारों बच्चों के साथ मायके में आकर रहने लगी। मैं बकरी लाने मायके से कसमाबाद दियारा गई थी। देर शाम घर आने पर पता चला कि नशे के करने से पति की मौत हो गई है। इसमें मेरा मायके वाले या किसी का कोई दोष नहीं है।

**जहर खाकर खुदकुशी की है:** थाना प्रभारी सुलतानगंज थाना प्रभारी प्रियरंजन ने बताया कि पति-पत्नी के बीच विवाद चल रहा था। इसी में उसने जहर खाकर खुदकुशी की है। फिलहाल पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

**क्या बोले सिटी एसपी:** मामले को लेकर सिटी एसपी राज ने बताया कि पुलिस को पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार है। परिजनों के हत्या के आरोप पर एसपी बोले की आवेदन परिजन लिख कर दें। बोलने से कुछ नहीं होता है।



## सुशील मोदी के निधन पर MLA ने जताया शोक

निज संवाददाता। भागलपुर

बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम रहे सुशील मोदी का सोमवार देर रात निधन हो गया। वह कई दिनों से बीमार चल रहे थे। कैंसर से ग्रसित थे। निधन की जानकारी के बाद गोपालपुर विधानसभा के जेडीयू विधायक गोपाल मंडल ने दुख जताया है। विधायक मंडल ने एक वीडियो जारी किया है। वीडियो में उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में सुशील मोदी सीनियर थे। हम उनके नेतृत्व में काम कर रहे थे। ये निरविवादित थे। इन्होंने पूरे बिहार का दौरा किया था हम उनके साथ थे। उनके निधन होने से हम दुखी है। पूरे बिहार वासी दुखी हैं। ऐसे लीडर गुजर गए।



**बीजेपी के कद्दावर नेता माने जाते थे सुशील:** बिहार बीजेपी के नेता सुशील मोदी को भाजपा का संकट मोचन कहा जाता था। बिहार की राजनीतिक में उनका कद बहुत बड़ा माना जाता था। इसी साल सुशील मोदी का राज्यसभा सदस्य के तौर पर कार्यकाल समाप्त हुआ था। लेकिन बीजेपी ने उन्हें दोबारा राज्यसभा भेजने के लिए अपना उम्मीदवार नहीं बनाया। नीतीश कुमार से उनकी दोस्ती भी बड़ी गहरी थी। नीतीश कुमार और सुशील मोदी की जोड़ी बिहार में काफी समय तक सरकार में रही और इन दोनों ने मिलकर लालू यादव को सत्ता से दूर रखा।

## पिता ने पढ़ाई के लिए बेटे को डांटा, किया सुसाइड, भागलपुर में क्लास रूम में फंदे से लटकता मिला शव

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में 8वीं के छात्र अखिलेश कुमार (12) का शव क्लास रूम में फंदे से लटका मिला। बताया जा रहा है कि रविवार की देर शाम अखिलेश के पिता मनोज पासवान ने पढ़ाई को लेकर डांट लगाई थी। इसके बाद अखिलेश अपने हॉस्टल (डॉ. भीमराव अंबेडकर विद्यालय) से गायब हो गया। सोमवार की सुबह हॉस्टल में रह रहे छात्रों ने फंदे से लटका देखा तो शिक्षकों को घटना की सूचना दी। इसके बाद परिजनों को सूचना दी। आनन-फानन में मृतक के पिता और अन्य विद्यालय पहुंचे। फिर घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस पहुंची। पुलिस की मौजूदगी में फंदे से शव को उतारा गया और मायागंज अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



**फोन पर पढ़ाई को लेकर हुई थी बात:** मृतक के पिता ने बताया कि बेटा पढ़ना नहीं चाहता था। हम उसे पढ़ा-लिखाकर अच्छा इंसान बनाना चाहते थे। रविवार को दिन के 3:00 बजे फोन पर बात हुई थी। मैने पढ़ाई को लेकर डांटा था। इसके बाद उसने आत्महत्या कर ली। उन्होंने कहा कि अखिलेश घर का बड़ा बेटा था।

**हॉस्टल से लापता था छात्र:** स्कूल के प्रिंसिपल विनोद कुमार ने बताया कि हॉस्टल में रह रहे एक स्टूडेंट ने सुसाइड कर लिया है। उन्होंने बताया कि पढ़ाई को लेकर गार्जियन ने डांट लगाई, जिससे नाराज होकर छात्र ने खुदकुशी कर ली। छात्र रविवार की शाम से लापता था। हम लोगों ने काफी खोजबीन की, लेकिन कोई अता-पता नहीं चला। सोमवार की सुबह 5वीं कक्षा के क्लास रूम में फंदे से लटकता उसका शव मिला। स्कूल के प्रिंसिपल ने कहा- छात्र के पिता ने डांट लगाया था। स्कूल के प्रिंसिपल ने कहा- छात्र के पिता ने डांट लगाया था। वहीं, घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## पार्ट थ्री की छात्राओं को दिया गया फेयरवेल पार्टी, SM कॉलेज के हिन्दी विभाग में हुआ आयोजन

**भागलपुर** । भागलपुर के एसएम कॉलेज के सभागार में सोमवार को हिन्दी विभाग के पार्ट थ्री की छात्राओं को एक कार्यक्रम आयोजित कर जूनियर छात्राओं ने फेयरवेल दिया। फेयरवेल कार्यक्रम का उदघाटन एसएम कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डा मुकेश कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि टीएमबीयू के पीआरओ डा दीपक कुमार दिनकर, हिंदी विभाग की हेड डा आशा तिवारी ओझा, विभाग की शिक्षिका डा कुमारी कोमल, डा पुष्पा कुमारी, डा सबा रईस, डा किरण कुमारी आदि ने संयुक्त रूप से केक काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की। मौके पर प्राचार्य डा मुकेश कुमार सिंह ने कहा की छात्राओं के लिए विदाई का बेला काफी यादगार और संस्मरण वाला रहता है। छात्राएं तीन साल तक यूजी स्तर पर अपने विभाग के शिक्षकों के मार्गदर्शन में पढ़ाई पूरी की है। स्नातक करने के बाद छात्राएं पीजी, बीएड, पत्रकारिता सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकती हैं। HOD हिंदी की छात्राएं अभी से ही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में लग जाएं। कठिन परिश्रम और सकारात्मक प्रयास से सफलता हासिल की जा सकती है। प्राचार्य डा सिंह ने कहा की शिक्षक का पेशा दुनिया का सर्वश्रेष्ठ पेशा है। शिक्षक राष्ट्र निर्माता होते हैं। प्राचार्य ने हिंदी विभाग की छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा की छात्राएं अपनी प्रतिभा से महाविद्यालय का नाम रोशन करें। एसएम कॉलेज के हिन्दी विभाग की विभागाध्यक्षा डा आशा तिवारी ओझा ने छात्राओं के फेयरवेल कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा की विभाग की छात्राएं अनुशासित और टैलेंटेड हैं। उन्होंने कहा की हिंदी विषय में करियर की भी अपार संभावनाएं हैं। डा आशा तिवारी ओझा ने कहा की हिंदी विभाग की छात्राएं काफी मेहनती और होनहार हैं। उन्होंने कहा की कैरियर के प्रति जुनून और समर्पण से ही लक्ष्य की प्राप्ति संभव है। वही विशिष्ट अतिथि टीएमबीयू के जनसंपर्क पदाधिकारी व विश्वविद्यालय पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के कोऑर्डिनेटर डा दीपक कुमार दिनकर ने फेयरवेल कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा की आगमन और विदाई जीवन का शाश्वत सत्य और प्रकृति का सार्वभौमिक नियम भी है।

**पूर्व मध्य रेल**

**अधिसूचना**

**संख्या – काम / एसटीबीए / डी. डी. यू / 24**
**दिनांक 10.05.2024**

पं० दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 05 स्टेशनों **1. फेसर, 2. काजरात नावाडीह, 3. करकट्टा, 4. सिगसिगी एवं 5. गंजख्वाजा** के स्टेशनों पर स्टेशन टिकट बुकिंग एजेन्ट (एसटीबीए) की चयन हेतु अधिसूचना ।, वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से पं० दीन दयाल उपाध्याय मंडल के एन०एस०जी०– 6 श्रेणी के 05 स्टेशनों **1. फेसर, 2. काजरात नावाडीह, 3. करकट्टा, 4. सिगसिगी एवं 5. गंजख्वाजा** के लिए कमीशन बेसिस पर स्टेशन टिकट बुकिंग एजेन्ट (एसटीबीए) के चयन हेतु 03 (तीन) वर्षों के लिए आवेदन आमंत्रित की जाती है। **क्र०स०1, कार्य का विवरण:** पं० दीन दयाल उपाध्याय मंडल के एन०एस०जी०–6 श्रेणी के 05 स्टेशनों **1. फेसर, 2. काजरात नावाडीह, 3. करकट्टा, 4. सिंगसिगी एवं 5. गंजख्वाजा** पर एसटीबीए का चयन, **2. कार्य की अवधि:** (03) तीन वर्ष, **3. अग्रधन राशि:** एन०एस०जी०–6 श्रेणी के लिए रू 2000/– प्रति आवेदक, **4. आवेदन पत्र गिराने की तिथि, समय एवं स्थान:** आवेदन पत्र बंद लिफाफे में पंजीकृत डाक, कोरियर, साधारण डाक अथवा स्वयं हाथो हाथ जमा करने की अंतिम तिथि 29.05.2024 तक कार्यालय अवधि 11.00 बजे से 17.00 बजे तक मंडल रेल प्रबंधक/वाणिज्य, पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय के कार्यालय के प्राप्ति अनुभाग में दे। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नही किया जायेगा। बंद लिफाफा दिनांक 29.05.2024 को 17.30 बजे खोले जायेंगें।, **5. वेबसाईट का पता–जिससे आवेदन का प्रारूप एवं संबंधित अन्य सभी विवरण प्राप्त किया जा सकता : www.ecr.indianrailways.gov.in** (Division-DDU, department-commercial) पर उपलब्ध है।

**नोट:** सक्षम अधिकारी किसी भी आवेदन या सभी आवेदनो को बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखते है।

**मण्डल रेल प्रबंधक (वा०),**
**पूर्व मध्य रेल/डी.डी.यू.**

पीआर/00265/डी०डी०यू०/सीओएमएल/एन/24–25/48

## कुर्सी के सहारे मतदान केंद्र पर स्वास्थ्य व्यवस्था

निज संवाददाता। मुंगेर

लोकसभा चुनाव के दौरान जिला परिषद कार्यालय स्थित मतदान केंद्र संख्या-15 में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य कर्मी तो लगाई गई, लेकिन उनके लिए कोई व्यवस्था नहीं दिखी। स्वास्थ्य कर्मी एक कुर्सी पर बैठी और दूसरे कुर्सी पर कुछ दवाओं को रखकर अपनी ड्युटी करती नजर आयी। मुंगेर। आरडी एंड डीजे कॉलेज के समीप स्थित बस डिपो के पास स्थित मतदान केंद्र के बाहर एक मतदान कर्मी पूरी तरह बेहोश अवस्था में मिला। जिसे रैपिड एम्बुलेंस टीम में मौजूद डॉ. पंकज सागर द्वारा तत्काल सदर अस्पताल स्थित इमरजेंसी वार्ड में इलाज के लिए लाया। इलाज के दौरान उसे होश तो आ गया, लेकिन वह अपने से जुड़ी बातों को बताने में असमर्थ अर्थात सेंसलैस हो चुका था।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : एसएएनडीटी/सीओएन/एचडब्ल्यूएच/टीएन/03/आईएनएफ/2024, निविदा सं. : एसएएनडीटी–सीओएन–03–आईएनएफ–2024–एचडब्ल्यूएच, दिनांक** 13.05.2024, उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर (निर्माण), पूर्व रेलवे, हावड़ा, 371, तेलकल घाट रोड, हावड़ा–711101 द्वारा उचित वित्तीय क्षमता एवं पर्याप्त अनुभव के साथ वैध ठेकेदार का लाइसेंस रखने वाले अनुभवी सिग्नलिंग एवं टेलीकम्यूनिकेशन ठेकेदारों, पार्टनरशिप फर्म आदि से निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा प्रणाली के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** पूर्व रेलवे के हावड़ा और आसनसोल मंडल में कहीं भी सिग्नल और टेलीकम कार्य से संबंधित विभिन्न बाईपास लाइन कार्यों (सीतारामपुर बाईपास, मधुपुर बाईपास, सांइथिसा बाईपास आदि) आरओबी, आरयूबी/एलएचएस कार्यों तथा विविध कार्यों के सिलसिले में सिग्नल एवं टेलीकम अतिक्रमण को हटाना एवं सहायक सामग्री की आपूर्ति। **अनुमानित निविदा मूल्य :** रु.4,76,52,571/– (लगभग)। **बयाना राशि जमा:** रु.3,88,300/– जो एफए एंड सीएओ/कॉन/पूर्व रेलवे/कोलकाता के पक्ष में जमा की जाएगी। **निविदा कागजात का मूल्य:** रु.0.00, **कार्य की समापन अवधि:** एलओए जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह। प्रस्ताव और बयाना राशि की वैधता निविदा के खुलने की तिथि से **60 दिन** रहनी चाहिए। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 07.06.2024 को 15.00 बजे। निविदा कागजात वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से डाउनलोड किया जा सकता है एवं इस निविदा के लिए उल्लिखित अंतिम तिथि और समय पर या उससे पूर्व वर्णित "निविदा कागजात की लागत" एवं "बयाना राशि" के ऑनलाइन भुगतान के बाद बोली उक्त वेबसाइट पर जमा की जा सकती है। इस निविदा के लिए हर पहलू से संपूर्ण निविदा, ऊपर वर्णित सभी कागजातों के साथ **www.ireps.gov.in** पर अपलोड की जानी चाहिए। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई–निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जानी चाहिए। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं इस प्रकार प्राप्त किसी मैनुअल प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। निविदा कागजात, निविदा सूचना का विवरण, समय–समय पर जारी शुद्धिपत्र (यदि कोई है) एवं अन्य बुनियादी जानकारी **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। विस्तृत निविदा सूचना उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर (निर्माण), पूर्व रेलवे, 371, तेलकल घाट रोड, हावड़ा–711101 के सूचना पट पर भी देखा जा सकता है।

CON-12/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई–निविदा सूचना सं.: एनआईटी/02/24/26, दिनांक:** 13.05.2024, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, पूर्व रेलवे, फेयरली प्लेस, दूसरी मंजिल, 17, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता–700001 के द्वारा निम्नलिखित सामानों की आपूर्ति हेतु ई–निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। **क्रम सं.; निविदा सं.; विवरण; बयाना राशि** निम्नानुसार हैं: **(1) 08231106**; केईएल प्रस्तुत के लिए रेगुलेटर रैक आदि का क्रय ; रु.0, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 27.05.2024 को 13.30 बजे, (2) 22245392**; एस्फेरिक बैलेंस कर्व के साथ एमआईसीएस फोल्डेबल प्रीलोडेड एस्फेरिक पोस्टीरियर चेंबर हाइड्रोफोबिक सॉफ्ट एक्रिलिक आईओएल। हेप्टिक मटीरियल ए कॉन्सटैंट 118.3 से 118.5 के साथ सॉफ्ट एक्रिलिक और पीएमएमए होनी चाहिए; रु.0, **(3) 22245393**; इंटरमीडिएट विजन और फोकस की वर्धित गहराई के साथ सिंगल पीस यूवी ब्लॉकिंग हाइड्रोफोबिक एक्रिलिक सिंगल पीस मोनोफोकल पीसीआईओएल। ऑप्टिकल बायोमीटरी ए कॉन्सटैंट 119.2 से 119.5, पोस्टीरियर स्फेरिकल एवं एंटीरियर एस्फेरिक सरफेस; रु.0, **(4) 22245394**; एमॉन एप्पल, 360 डिग्री और वर्धित स्क्वायर एज के साथ हाइड्रोफिलिक एक्रिलिक प्री लोडेड एस्फेरिक एमआईसीएस सिंगल पीस पीसीआईओएल। ए कॉन्सटैंट 118.0 ऑप्टिक साइज 6.00 मिमी संपूर्ण लंबाई 12.5 मिमी, 2.2 मिमी इन्सिजन. रिफ्लेटिव इंडेक्स–1.46 होना चाहिए; रु.0, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 29.05.2024 को 13.30 बजे** (क्रम सं. 2, 3 एवं 4 हेतु), **(5) 10232501**; लो मेन्टेनेन्स लेड एसिड बैटरी 75 एएच; रु.4,43,540/–, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 31.05.2024 को 13.30 बजे, (6) 10242342**; डायग्नोस्टिक कंट्रोल आदि के लिए प्रोसेसर कार्ड; रु.54,930/–, **(7) 12235338**; (1) फिटिंग्स के साथ कर्व स्विच 60 केजी (1 इन 8.5)। टी–4966, (2) आरडीएसओ ड्रॉ. नं. टी–5692 ऑल्ट–3 के तहत पीएससी स्लीपरों पर बीजी 1 इन 16 टर्नआउट–60 केजी रेल के लिए 11200 मिमी ओवर राइडिंग स्विचों (कर्व्ड) का निर्माण एवं आपूर्ति। (3) बीजी 1 इन 12 के लिए 10125 मिमी ओवर राइडिंग स्विचों (कर्व्ड) का निर्माण एवं आपूर्ति आदि; रु.4,61,820/–, **(8) 20221044ए;** निम्नलिखित का क्रय–आईसीएफ ड्रॉ. नं. डीएमयू/डीपीसी–0–4–001, कॉल.–II, ऑल्ट.एम/8 (छोटा एम बाई 8) के तहत एम/कोच (मॉडिफाइड बोगी) के लिए बोगी बोल्सटर अरेंजमेंट संपूर्ण; रु.65,870/–, **(9) 20241882**; मेमू ट्रे. कोचों का एक्सल गाइड हेलिकल स्प्रिंग (कोड–जी51) ; रु.0, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 03.06.2024 को 13.30 बजे** (क्रम सं. 6, 7, 8 और 9 हेतु), **(10) 10231793बी**; ट्रांसफॉर्मर ऑयल कूलिंग ब्लोअर आदि का क्रय; रु.3,06,650/–, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 04.06.2024 को 13.30 बजे, (11) 15245008ए**; डीजल चालित एयर कम्प्रेसर, 450 सीएफएम, 10 केजी वर्गसेमी आदि का संस्थापन, आपूर्ति एवं आरंभ करना; रु.0, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 05.06.2024 को 13.30 बजे, (12) 01241467**; हाई प्रेशर रबर फ्लेक्सिबल पाइप आदि; रु.0, **(13) 04245010**; अनेक्सर–ए के अनुसार विद्युत सामानों (19 आइटम) के सेट का क्रय ; रु.1,70,590/–, **(14) 15245031**; इंवर्टर आधारित एमआईजी एमएजी वेल्डिंग प्लांट; रु.3,30,000/–, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 10.06.2024 को 13.30 बजे** (क्रम सं. 12, 13 और 14 हेतु), **(15) 15235171बी**; डाइनैमिक बैलेंसिंग मशीन आदि; रु.64,000/–, **(16) 15245034**; पावर पैक, एक्सेसरीज और टूल्स के साथ हक बोल्टिंग मशीन की आपूर्ति, आरंभ करना एवं संस्थापन; रु.96,540/– **निविदा खुलने की तिथि और समय : 12.06.2024 को 13.30 बजे** (क्रम सं. 15 एवं 16 हेतु), **(17) 15245032**; डीजल हाइड्रॉलिक रोड मोबाइल क्रेन, क्षमता 20 टन की आपूर्ति, संस्थापन एवं आरंभ करना आदि; रु.78,000, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 17.06.2024 को 13.30 बजे, (18) 20242100**; ईएमयू एवं एमईएमयू में इस्तेमाल के लिए 6" डुप्लेक्स एयर प्रेशर गेज असेंबली स्व–आलोकित एलईडी टाइप। केपीए ड्रॉ. नं. ईआर/केपीए/ईएल.पीएन.3एचई.2302 सी; रु.0, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 18.06.2024 को 13.30 बजे (19) 15245033**; पावर पैक और टूल्स के साथ हक बोल्टिंग मशीन की आपूर्ति, आरंभ करना एवं संस्थापन; रु.0, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 19.06.2024 को 13.30 बजे, (20) 10241118**; ट्रैक्शन मोटर कूलिंग ब्लोअर आदि के लिए मोटर; रु.2,40,600/–, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 21.06.2024 को 13.30 बजे, (21) 10241007**; गियर केस असेंबली; रु.3,34,930/–, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 02.07.2024 को 13.30 बजे, (22) 10242221**; रिले क्यूआरएसआई आदि का क्रय; रु.94,120/–, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 08.07.2024 को 13.30 बजे, (23) 20241017**; ईएमयू एम/कोच के एक्सल बॉक्स गाइड के लिए हेलिकल स्प्रिंग ; रु.0, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 22.07.2024 को 13.30 बजे, (24) 20241134**; ईएमयू/एमईएमयू के लिए सिम्पिलीफाइड बैटरी चार्जर; रु.93,190, **निविदा खुलने की तिथि और समय : 24.07.2024 को 13.30 बजे। निविदा मूल्य** : रु.0, क्रम सं. 1 से 24 प्रत्येक हेतु। **टिप्पणी:** उपर्युक्त सभी निविदाएँ ई–निविदाएँ हैं एवं सभी निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि आईआरईपीएस की वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** के माध्यम से अपनी बोली ऑनलाइन जमा करें। ऊपर उल्लिखित निविदाओं एवं अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में विस्तृत विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस की वेबसाइट देखें।

Stores-10/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## यात्रियों की मुसीबत

एयर इंडिया एक्सप्रेस को लगातार दूसरे दिन गुरुवार को बड़ी संख्या में फ्लाइट कैंसल करनी पड़ी थी। हालांकि सहयोगी कंपनी एयर इंडिया उसकी मदद के लिए आगे आई और खबर है कि करीब 20 रुटों पर पर वह उड़ानें संचालित कर रही है। फिर भी एयर इंडिया एक्सप्रेस को 85 फ्लाइट कैंसल करनी पड़ीं। कंपनी ने बुधवार को भी 80 से ज्यादा फ्लाइट कैंसल की थी। निश्चित रूप से इससे यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ी है। करीब एक महीने के अंतर पर यह दूसरा मौका है जब टाटा ग्रुप की एयरलाइन कंपनी के यात्रियों को इस तरह की परेशानियों से दो-चार होना पड़ा है। अप्रैल में ग्रुप की कंपनी विस्तारा को अचानक पायलटों के छुट्टी पर चले जाने से 150 से ज्यादा उड़ानें रद्द करनी पड़ी थीं। दरअसल, टाटा ग्रुप में अलग-अलग एयरलाइन कंपनियों के विलय की प्रक्रिया चल रही है। इस क्रम में अलग-अलग कंपनियों में सैलरी स्ट्रक्चर की रीबैलेंसिंग का चुनौतीपूर्ण काम होना है। यह बिजनेस डिसिजन ग्रुप का आंतरिक मामला है। लेकिन जिस तरह से इसका असर उड़ानों के रद्द होने के रूप में सामने आ रहा है और जिसका खामियाजा यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है, उससे साफ है कि यह काम कुशलता से नहीं किया जा रहा। देश का एविएशन सेक्टर कई तरह के दबावों से जूझ रहा है। हालांकि यह कोविड महामारी के चुनौतीपूर्ण दौर को पीछे छोड़ चुका है। एयर ट्रैफिक मूवमेंट के जो आंकड़े 2022 में 18 करोड़ से कुछ ज्यादा थे, 2023 में वे 32 करोड़ से ऊपर पहुंच गए। लेकिन यात्रियों की इस बढ़ी हुई संख्या की जरूरतें पूरी करने वाले विमानों की संख्या महामारी-पूर्व के दौर के मुकाबले और कम हो गई है। इसका सीधा परिणाम यह हुआ कि हवाई किराए में अच्छी बढ़ोतरी हो चुकी है। दूसरी बात यह कि जब भी बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द की जाती हैं तो यात्रियों की परेशानी कई गुना बढ़ जाती है। इन हालात में उनके लिए वैकल्पिक फ्लाइट्स का इंतजाम करना बेहद मुश्किल हो जाता है। अगर जनवरी-मार्च तिमाही की बात की जाए तो डोमेस्टिक एविएशन मार्केट के करीब 90त्न हिस्से पर इंडिगो और टाटा ग्रुप एयरलाइंस का कब्जा दिखता है। मार्केट पर दो बड़े खिलाड़ियों का वर्चस्व कॉम्पिटिशन के लिहाज से कोई अच्छी स्थिति नहीं कही जाएगी। इससे किराए के नीचे आने की उम्मीद भी नहीं बन रही। बहरहाल, ऊंचे किराए और मुनाफे की तगड़ी संभावना के बीच यात्रियों की परेशानी की मौजूदा स्थिति स्वीकार्य नहीं हो सकती।

## चीन के प्रभाव में नेपाल की उकसावे वाली जिद

पड़ोसी देश नेपाल ने पिछले कुछ समय से भारत को लेकर जैसा रवैया अख्तियार किया हुआ है, उससे साफ है कि वह चीन के प्रभाव में कुछ अवांछित फैसले भी कर रहा है। हालांकि उसे यह ध्यान रखना चाहिए कि भारत जैसे पड़ोसी के संप्रभु क्षेत्र में अगर वह दस्तावेजी तौर पर नाहक दखलअंदाजी करने की कोशिश करता है तो वह एक तरह से उकसावे की कार्रवाई है। गौरतलब है कि नेपाल सरकार ने सौ रुपए के नए नोट छापने का फैसला किया है, जिस पर देश का एक नक्शा भी होगा। किसी भी देश का यह अपना फैसला होता है कि वह अपनी मुद्रा पर क्या प्रतीक चिह्न देता है। मगर उसमें अगर किसी पड़ोसी देश की संप्रभुता के अतिक्रमण का संकेत दिखेगा तो यह निश्चित तौर पर आपत्तिजनक है। नेपाल ने सौ रुपए के नोट पर जो नक्शा छापने का फैसला किया है, उसमें लिपुलेख, लिंपियाधुरा और कालापानी इलाके भी शामिल हैं, जबकि ये भारत के सीमा क्षेत्र में हैं। पिछले चौंतीस वर्षों से वह भारत के इन तीनों क्षेत्रों को अपना बता कर विवाद को जटिल बनाता रहा है। भारत के लिए यह तकलीफदेह इसलिए भी है कि सदियों से नेपाल के साथ मधुर रिश्ते रहे हैं। इसी वजह से नेपाल के सबसे विकट समय में भी भारत ने उसका साथ दिया है, हर स्तर पर आगे बढ़ कर मदद पहुंचाई है। अफसोस की बात है कि नेपाल भारत के साथ अपने पुराने संबंधों की गरिमा को ताक पर रख कर अब कूटनीतिक संवेदनशीलता का ध्यान रखना भी जरूरी नहीं समझ रहा है। नेपाल की ओर से यह विवाद करीब चार वर्ष पहले भी उठा था, जब उसने देश के नए राजनीतिक और प्रशासनिक नक्शे की मंजूरी के लिए संसद में पेश किया था। सवाल है कि जो इलाके लंबे समय से और आधिकारिक तौर पर भारत का हिस्सा रहे हैं, उन पर दावा जता कर नेपाल क्या हासिल करना चाहता है!

## भारत में गरीबी उन्मूलन पर पूर्व में गम्भीरता से ध्यान ही नहीं दिया गया

(प्रह्लाद सबनानी)

भारत में प्रधानमंत्री जनधन योजना को वर्ष 2014 में लागू किया गया जिसके माध्यम से आम नागरिकों के बैंकों में बचत खाते खोले गए, आवश्यकता आधारित ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित की गई, धन के प्रेषण की सुविधा, बीमा तथा पेंशन सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। भारत में हाल ही के वर्षों में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले नागरिकों की संख्या में आई भारी कमी के संदर्भ में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक एवं विकसित देशों के कई वित्तीय एवं आर्थिक संस्थानों ने भारत की आर्थिक नीतियों की मुक्त कंठ से सराहना की है। यह सब दरअसल भारत में तेज गति से हुए वित्तीय समावेशन के चलते सम्भव हुआ है। याद करें वर्ष 1947, जब देश ने राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्त की थी, उस समय देश की अधिकतम आबादी गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने को मजबूर थी। जबकि, भारत का इतिहास वैभवशाली रहा है एवं भारत को 'सोने की चिड़िया' कहा जाता था। परंतु, पहिले अरब से आक्रांताओं एवं बाद में अंग्रेजों ने भारत को जमकर लूटा तथा देश के नागरिकों को गरीबी की ओर धकेल दिया। भारत में राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत से 'गरीबी हटाओ' के नारे तो बहुत लगे परंतु, गरीबी नहीं हटी। 'गरीबी हटाओ' के नारे के साथ राजनैतिक दलों ने कई बार सता हासिल की किंतु देश से गरीबी हटाने के गम्भीर प्रयास शायद कभी नहीं हुए और गरीब वर्ग को वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया जाता रहा। भारत में प्रधानमंत्री जनधन योजना को वर्ष 2014 में लागू किया गया जिसके माध्यम से आम नागरिकों के बैंकों में बचत खाते खोले गए, आवश्यकता आधारित ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित की गई, धन के प्रेषण की सुविधा, बीमा तथा पेंशन सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। इस योजना के अंतर्गत जमाराशि पर ब्याज मिलता है, हालांकि बचत खाते में कोई न्यूनतम राशि रखना आवश्यक नहीं है। एक लाख रुपए तक का दुर्घटना बीमा भी मिलता है। साथ ही, इस योजना के माध्यम

*इस योजना के अंतर्गत उक्त वर्णित छोटे छोटे व्यवसाईयों को बैंक द्वारा आसानी से ऋण प्रदान किया गया था क्योंकि इस वर्ग के नागरिकों के पूर्व में ही बैकों में बचत खाते खुले हुए थे। बैकों द्वारा यह ऋण बगैर किसी व्यक्तिगत गारंटी के प्रदान किया गया था। और, हजारों की संख्या में छोटे छोटे व्यवसाईयों ने निर्धारित समय सीमा में इस ऋण को अदा कर, पुनः बढ़ी हुई राशि के ऋण बैकों से लिए थे और अपने व्यवसाय को तेजी से आगे बढ़ाया था। बैकों में खोले गए बचत खातों से गरीब वर्ग को इस प्रकार के लाभ भी हुए हैं।*

से दो लाख रुपए का जीवन बीमा उस लाभार्थी को उसकी मृत्यु पर सामान्य शर्तों पर मिलता है। भारत में प्रधानमंत्री जनधन योजना को सफलता पूर्वक लागू करने के बाद प्रत्यक्ष लाभ अंतरण योजना को भी लागू किया गया जिसके अंतर्गत केंद्र सरकार एवं विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा गरीब वर्ग के हितार्थ चलाई जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के अंतर्गत प्रदान की जाने वाली सहायता की राशि को सीधे ही हितग्राहियों के बचत खातों में जमा कर दिया जाता है। इससे विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को 100 प्रतिशत लाभ की राशि सीधे ही उनके हाथों में पहुंच जाती है। प्रत्यक्ष लाभ अंतरण योजना के अंतर्गत, वर्ष 2013 के बाद से 31 मार्च 2022 तक, 24.8 लाख करोड़ रुपए की राशि सीधे ही लाभार्थियों के बचत खातों में जमा की जा चुकी है, इसमें अकेले वित्तीय वर्ष 2021-22 में ही 6.3 लाख करोड़ रुपए की राशि लाभार्थियों के बचत खातों में हस्तांतरित की गई थी। वर्ष 2014 के पूर्व तक जब इन लाभार्थियों के बचत खाते विभिन्न बैंकों में नहीं खुले थे तब तक कांग्रेस एवं अन्य सरकारों के शासनकाल के दौरान विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत प्रदान की जाने वाली सहायता की राशि सामान्यतः नकद राशि के रूप में इन लाभार्थियों को उपलब्ध कराई जाती थी। आपको शायद ध्यान होगा कि एक बार देश के प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री राजीव गांधी जी ने कहा था कि केंद्र सरकार से विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत प्रदान की जाने वाली सहायता की राशि के एक रुपए में से केवल 16 पैसे ही लाभार्थियों तक पहुंच पाते हैं। शेष 84 पैसे इन योजनाओं को चलाने वाले तंत्र की जेब में पहुंच जाते है। अब आप स्वयं आंकलन करें कि यदि बैंक में 50 करोड़ लाभार्थियों के बचत खाते नहीं खुले होते और यदि उक्त वर्णित केवल 8 वर्षों के दौरान उपलब्ध कराई गई 25 लाख करोड़ रुपए से अधिक की सहायता राशि केंद्र सरकार द्वारा विभिन्न लाभार्थियों को नकद राशि के रूप में उपलब्ध कराई जाती तो इन लाभार्थियों के पास केवल 4 लाख करोड़ रुपए की राशि ही पहुंच पाती एवं शेष 21 लाख करोड़ रुपए की राशि इन योजनाओं को चलाने वाले तंत्र के पास ही रह जाती। अब आप आगे एक और कल्पना कर लीजिये कि पिछले 70 वर्षों के दौरान कितनी भारी भरकम राशि इन गरीब हितग्राहियों तक नहीं पहुंच पाई होगी। इस राशि का आकार शायद आपकी कल्पना से भी परे है। सहायता की यह राशि यदि गरीबों तक पहुंच गई होती तो शायद हो सकता है कि देश से अभी तक गरीबी भी दूर हो चुकी होती। अब जब प्रत्यक्ष लाभ अंतरण योजना के अंतर्गत सहायता की राशि हितग्राहियों के खातों में सीधे ही पहुंच रही है तो देश से गरीबी भी तेजी से कम होती दिखाई दे रही है, जिसकी तारीफ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मुक्त कंठ से हो रही है। पिछले 10 वर्षों के दौरान केंद्र सरकार एवं भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा भारतीय बैंकों के माध्यम से इस दृष्टि से बहुत ठोस कार्य किया गया है। न केवल 50 करोड़ से अधिक बचत खाते विभिन्न भारतीय बैंकों में खोले गए हैं बल्कि आज इन बचत खातों में 2 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि भी जमा हो गई है और बचत की यह भारी भरकम राशि बैंकों द्वारा देश के आर्थिक विकास में उपयोग की जा रही है। इस प्रकार, भारत का गरीब वर्ग भी इन बैंक खातों के माध्यम से देश के आर्थिक विकास में प्रत्यक्ष रूप से अपना योगदान देता हुआ दिखाई दे रहा है। उक्त 50 करोड़ से अधिक बचत खातों में 50 प्रतिशत खाते महिलाओं द्वारा खोले गए हैं, अर्थात अब भारतीय महिलाएं, ग्रामीण महिलाओं सहित, भी आत्मनिर्भर बनती जा रही हैं। भारी मात्रा में खोले गए इन बचत खातों के माध्यम से गरीब वर्ग के नागरिकों का बैंकिंग सम्बंधी इतिहास भी धीरे धीरे विकसित हो रहा है, जिससे इस वर्ग के नागरिकों को बैंकों द्वारा ऋण प्रदान करने में आसानी होने लगी है। केंद्र सरकार द्वारा बैकों के माध्यम से लागू की जा रही विभिन्न प्रकार की ऋण योजनाओं का लाभ भी अब गरीब वर्ग को मिलने लगा है। कोरोना महामारी के तुरंत बाद जब देश में स्थितियां सामान्य बनने की ओर अग्रसर हो रहीं थीं तब केंद्र सरकार ने खोमचा वाले, रेहड़ी वाले एवं ठेलों पर अपना सामान बेचकर छोटे छोटे व्यवसाईयों द्वारा अपना व्यापार पुनः प्रारम्भ करने के उद्देश्य से एक विशेष ऋण योजना प्रारम्भ की थी।

## चीनी फौज बदल रही, भारत न रहे पीछे

(हर्ष वी पंत)

जब भारत असाधारण रूप से लंबी चुनाव प्रक्रिया में उलझा हुआ है, बाकी दुनिया अपनी प्राथमिकताओं पर आगे बढ़ रही है। पिछले हफ्ते, चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने देश के सशस्त्र बलों के व्यापक पुनर्गठन की ओर कदम बढ़ाते हुए पीपल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) की डिविजन स्ट्रैटजिक सपोर्ट फोर्स (एसएसएफ) को भंग करने का आश्चर्यजनक फैसला किया। इस डिविजन का गठन उन्होंने 2015 में किया था, जिसका मकसद पीएलए के स्पेस, साइबर, इलेक्ट्रॉनिक और साइकॉलजिकल वॉरफेयर से जुड़े हिस्सों का विलय करना था। इसके स्थान पर, शी ने सूचना सहायता बल की शुरुआत की, जिसे उन्होंने पीएलए का एक नया रणनीतिक घटक बताया और कहा कि यह नेटवर्क सूचना प्रणाली को समन्वित रूप से आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगा। इस फैसले के बाद अब पीएलए में चार प्राथमिक शाखाएं हो गई हैं। थल सेना, नौसेना बल, वायु सेना और रॉकेट बल। इसके अतिरिक्त, चार सहायक इकाइयां हैं- संयुक्त लॉजिस्टिक सपोर्ट फोर्स और स्स्स्र से प्राप्त तीन डिविजन। शी के मुताबिक, इससे चीनी सेना को 'मौजूदा दौर के युद्धों में प्रभावी ढंग से शामिल होने और जीत हासिल करने' में मदद मिलेगी। वैसे, इस कदम की भूमिका पिछले साल पीएलए के भीतर चलाए गए उनके व्यापक भ्रष्टाचार विरोधी अभियान से तैयार हुई। कई प्रभावशाली जनरल इस अभियान की चपेट में आए। चीन की परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइलों के तेजी से बढ़ते भंडार के प्रबंधन के लिए जिम्मेदार रॉकेट फोर्स में भी इस वजह से डिसरप्शन आया। पुनर्गठन का ताजा प्रयास पीएलए की रणनीतिक क्षमताओं पर शी की प्रत्यक्ष निगरानी को मजबूत करता है और भविष्य में युद्ध के बदलते स्वरूप के मद्देनजर एआई और अन्य उभरती टेक्नॉलजी का कुशलतापूर्वक उपयोग सुनिश्चित करने की जरूरत पर जोर देता है। यह चीन के लिए इस अर्थ में भी अहम है कि वह अपनी सेना को बदलते रणनीतिक हालात और मौजूदा दौर में युद्ध के तेजी से विकसित होते स्वरूप के अनुकूल ढालने की कोशिश कर रहा है। पिछले एक दशक में चीन ने अपनी सैन्य क्षमताओं का व्यापक आधुनिकीकरण किया है, जिसका लक्ष्य पीएलए को क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर अपने हितों की रक्षा करने में सक्षम अजेय ताकत में तब्दील करना है। इस आधुनिकीकरण अभियान में तकनीकी प्रगति, संगठनात्मक सुधार और सैद्धांतिक विकास सहित विभिन्न पहलू शामिल हैं। चीन के सैन्य आधुनिकीकरण का केंद्र बिंदु अत्याधुनिक हथियार और साजो-सामान का विकास व अधिग्रहण रहा है। इसमें एयरक्राफ्ट कैरियर्स की कमिशनिंग के जरिए नौसैनिक क्षमता में वृद्धि करना, अगली पीढ़ी के लड़ाकू जेट विमानों के जरिए वायु सेना का आधुनिकीकरण और उन्नत बैलिस्टिक व क्रूज मिसाइलों के जरिए मिसाइल फोर्स को मजबूती देना शामिल है। इसके अलावा, कमांड संरचनाओं को सुव्यवस्थित करने, संयुक्त संचालन में सुधार और क्क्र की समग्र दक्षता और प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए संगठनात्मक सुधार शुरू किए गए हैं। इन सुधारों में नए कमांड और थिएटर कमांड की स्थापना के साथ-साथ सैन्य कर्मियों को पेशेवर और आधुनिक बनाने के प्रयास शामिल हैं। कहने की जरूरत नहीं कि चीन का सैन्य आधुनिकीकरण भारत के लिए कई तरह की चुनौतियां पेश करता है। चीन की बढ़ी हुई सैन्य क्षमताएं इस क्षेत्र में शक्ति संतुलन को प्रभावित कर सकती हैं। देखा जाए तो इस क्षेत्र में चल रहे विवादों पर चीन के रुख में पहले के मुकाबला ज्यादा आक्रामकता अभी से स्पष्ट होने लगी है। ऐसे में स्वाभाविक ही दोनों देशों के बीच सैन्य टकराव का खतरा बढ़ गया है। वैसे भी चीन की बढ़ती सैन्य शक्ति का भारत की रक्षा योजनाओं और सुरक्षा चिंताओं पर प्रभाव पड़ता ही है।

## आज का राशिफल

### मेष
आज ऑफिस में ज्यादा मेहनत करनी पड़े तो घरवालों की ओर से परेशान होने की जरूरत नहीं है। वे आपको पूरी मदद करेंगे। प्रमोशन की बात आगे बढ़ सकती है। घर के छोटे सदस्यों को समय देना बहुत जरूरी हो जाएगा। आपको उनकी कुछ आर्थिक मदद भी करनी पड़ सकती है।

### वृष
आज लाभ होगा और आप एक परियोजना को पूरा करने में सफल रहेंगे। किसी महान व्यक्ति के हस्तक्षेप से पारिवारिक विवाद का समाधान हो जाएगा। आपकी रचनात्मक क्षमता बढ़ेगी। परिस्थितियों का आकलन करें और फिर दिल और दिमाग की बात सुनकर फैसला लें। आर्थिक मामलों में भाग्य आपका साथ देगा।

### कर्क
आज सेहत और वित्तीय संसाधनों पर ध्यान देने की जरूरत है। दूसरे लोगों के कार्य के लिए ज्यादा वक्त और ऊर्जा बर्बाद न करें। आपको काफी दौड़भाग करनी पड़ सकती है। आज समाज में भी आपका महत्व बढ़ेगा। मूड में उतार-चढ़ाव पर नज़र रखें। आपके धन में वृद्धि के योग हैं और आपको भाग्य का साथ मिलेगा।

### सिंह
शारीरिक और मानसिक रूप से परेशान होने के बावजूद आप जो भी कार्य साहस के साथ करेंगे, उसमें सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र और परिवार में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। इनका सामना आप साहस के साथ करेंगे और विजेता बनकर उभरेंगे। आपके धन में वृद्धि के योग हैं आपका भाग्य साथ देगा।

### मिथुन
आज आपको हर तरफ से पूरी तरह से हर प्रकार का सहयोग प्राप्त होगा आप विभिन्न कार्यों में सक्रियतापूर्वक भाग लेंगे। आप अपने संसाधनों को एकजुट करने में सफल रहेंगे। सायंकाल का समय अध्यात्म में बीतेगा और आपके लिए लाभ के योग बन रहे हैं।

### कन्या
आज का दिन मिलाजुला रहेगा। परिस्थितियों का आकलन करें और फिर दिल और दिमाग की बात सुनकर फैसला लें। कार्यक्षेत्र और परिवार में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा।

### तुला
आज काफी समय से चले आ रहे कानूनी विवाद और झगड़े आज खत्म होंगे। शाम को परिवार के साथ कहीं जा सकते हैं। दिन सम्मान से भरा होगा। अच्छे लोग आपको प्रेरणा देंगे जिससे आपको खुशी का अहसास होगा।

### वृश्चिक
आज जरूरी काम निपटाने में दिन का अधिकांश हिस्सा निकल जाएगा लेकिन एक बार आप अपने कामों को एक के बाद एक निपटाने लगेंगे तो अन्त में काफी संतुष्टि मिलेगी। कानूनी कागजातों पर दस्तखत करने से पहले सावधानी के तौर पर उन्हे पढ़ लेना जरूरी होगा।

### मकर
आज का दिन खुशियों से भरा होगा। आपको लाभ होगा और आपका मन प्रसन्न होगा। विलासितापूर्ण माहौल का लुफ्त उठाएंगे। बड़ी मात्रा में पैसा हाथ में आने से आप संतुष्टि महसूस करेंगे। रात्रि में कुछ जरूरी लोगों पर आपका खर्च हो सकता है। ध्यान दें और अपने ऊपर नियंत्रण रखें।

### कुंभ
आज आप पूरे उत्साह से जो भी काम करेंगे उसमें निश्चित रूप से कामयाबी मिलेगी। दोपहर बाद सभी काम बनते नज़र आएंगे। पुराने समय से रुका हुआ पैसा मिल सकता है। शाम का वक्त प्रसन्नता में बीतेगा।

### धनु
आज यात्रा करनी पड़ सकती है। नए लोगों से मेलजोल बढ़ाना आपके लिए फायदेमंद होगा। क्या पता बिजनस के साथ साथ प्यार की डील भी फिक्स हो जाएं। आपके धन में वृद्धि होगी।

### मीन
आज पॉलिटिक्स में आपकी रुचि बढ़ेगी। किसी खास शख्स के कारण शाम के समय थोड़ी जेब ढीली हो सकती है लेकिन हर बार पैसे का फायदा नुकसान देखने की बजाए रिश्तों की मजबूरी को देखना ज्यादा फायदेमंद होता है। आपके धन में वृद्धि होगी और कारोबार सफल होंगे।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5370

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | 6 | | 2 | | | | |
| | 8 | | 4 | | | | 9 | 3 |
| 3 | | | | 8 | 5 | | | 2 |
| 7 | | 9 | | | | | | 8 |
| | 5 | | | 7 | | | 4 | |
| 6 | | | | | | 7 | | 1 |
| 9 | | | 2 | 4 | | | | 5 |
| 2 | 6 | | | | 8 | | 7 | |
| | | | | 3 | | 1 | | 9 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5369

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 4 | 3 | 2 |
| 3 | 2 | 6 | 1 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 |
| 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 1 | 6 | 9 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 1 | 7 | 3 | 8 | 4 |
| 7 | 1 | 3 | 4 | 8 | 9 | 5 | 2 | 6 |
| 4 | 8 | 5 | 6 | 3 | 2 | 7 | 9 | 1 |
| 9 | 3 | 2 | 8 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 5 | 4 | 9 | 7 | 3 | 2 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 2 | 6 | 5 | 9 | 4 | 3 |

## वर्ग पहेली 5370

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | | 5 | |
| 6 | | | | | | | |
| | | 7 | 8 | | 9 | | 10 |
| 11 | | | | | 12 | | |
| | | 13 | | 14 | | | |
| 15 | 16 | | | 17 | | 18 | |
| 19 | | | 20 | | 21 | | 22 |
| | 23 | | | | | | |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. भारतीय जनसंघ के संस्थापाक जो प्रमुख शिक्षाविद चिंतक थे (निधन 23 जनू 1953)(8)
6. प्रसिद्ध द्वादश-ज्योतिर्लिंगों में एक मध्यप्रदेश के इस अंचल में स्थित है (3)
7. धीरे-धीरे अपने स्थान से हटना, खिसकना, रेंगना (4)
11. दिनपति, भास्कर, सूर्य, दिनकर (2)
12. बिना पकी भोजन सामग्री (3)
13. सहयोग, मदद (4)
15. शोभा, कांति, छवि (2)
17. पुत्र सहित (3)
19. आमोद-प्रमोद के लिए बनाई गई संस्था (2)
21. दही या छाछ में साग या अन्य खाद्य पदार्थो के छोटे पदार्थों के बारीक टुकड़े मिलाकर बनाया गया खाद्य पदार्थ (3)
23. आराम, सुख, चैन, करार (3)

**ऊपर से नीचे**

1. ये मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री के बेटे थे जो मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री रह चुके थे (7)
2. क्रय-विक्रय की वस्तु, सुस्वादु भोजन (2)
3. विदेश जाकर रहना, परदेश जाना (3)
4. दरवाजा खटखटाने से होने वाली आवाज (3)
5. अपराध, कसूर, भूल (2)
8. अठारह पुराणों मे से एक जिसमें सनकादिक ने नारद को संबोधित करके कथा कही है (6)
10. तमगा, मैडल (3)
14. मध्यप्रदेश के अलिराजपुर जिले के तहसील जहां चंद्रशेखर आजाद की जन्म स्थली है (3)
18. तीन, तीसरा (2)
20. आहुति के रूप में दिया हुआ, पूर्व समर्पण किय हुआ (2)
22. राजा का मुकुट, छज्जा (2)

### वर्ग पहेली 5369 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्वी | न | न | | छा | या | | |
| प | ल | क | झ | प | क | ते | |
| | | ब | ल | | | ह | स्त |
| | स | ज | ना | | फ | रा | र |
| क | मा | नी | | सौ | त | न | |
| र | ज | | अ | | ह | | ह |
| | प्रे | र | क | | ना | म | क |
| र | मी | | रा | | मा | म | ला |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

## संक्षिप्त समाचार

### नर्स दिवस पर दिलाई सेवा की शपथ

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद स्कूल ऑफ नर्सिंग में सोमवार को अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया गया। इस अवसर पर लैंप लाइटिंग सेरेमनी का आयोजन कर नर्सिंग के छात्र-छात्राओं को सेवा की शपथ दिलाई गई। मौके पर मुख्य अतिथि बीबीएमकेयू के कुलपति पवन कुमार पोद्दार, असर्फी हॉस्पिटल के सीईओ हरेंद्र सिंह, डीएसएन के डीन एकेडमिक एसके सिन्हा, असर्फी हॉस्पिटल के निदेशक डॉ नयन सिंह, निदेशक गोपाल सिंह, निदेशक जय प्रकाश सिंह आदि मौजूद थे। प्राचार्य मेरी ग्रेस ने छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाई। बेहतर अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया।

### एसएनएमएमसीएच अधीक्षक की दौड़ में पांच प्रोफेसर

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एसएनएमएमसीएच) में अधीक्षक चयन की चर्चा शुरू हो गई है। स्वास्थ्य सचिव के निर्देशानुसार अधीक्षक के लिए मेडिकल कॉलेज से पांच प्रोफेसर का नाम भेजा गया है। कयास लाया जा रहा है कि इन्हीं पांच में एक इस मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अगले अधीक्षक होंगे। बता दें कि अधीक्षक का पद रिक्त पड़ा है। प्राचार्य डॉ ज्योति रंजन प्रसाद इसके अतिरिक्त प्रभार में हैं। पिछले दिनों एक बैठक के दौरान सचिव ने मेडिकल कॉलेज प्रबंधन से अधीक्षक के लिए पांच नाम मांगे थे। प्रबंधन ने यहां के पांच प्रोफेसर का नाम भेजा है। इसमें पहला नाम प्राचार्य डॉ ज्योति रंजन प्रसाद का है। इसके अलावा मेडिसिन के विभागाध्यक्ष डॉ यूके ओझा, हड्डी रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ डीपी भूषण, सर्जरी के विभागाध्यक्ष डॉ एसके चौरसिया और एनाटॉमी के विभागाध्यक्ष डॉ मकरध्वज प्रसाद इस सूची में शामिल हैं। सभी प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। अधिकारियों की मानें तो इन्हीं पांच प्रोफेसरों में एक का नाम अधीक्षक के लिए चयनित किया जाना है। अधिकारियों का कहना है कि मुख्यालय भेजे गए नाम का चयन वरीयता के आधार पर किया गया है। इस मेडिकल कॉलेज अस्पताल में अधीक्षक के चयन में वरीयता को पहली बार प्राथमिकता दी जा रही है। इसके पूर्व इसे कभी प्राथमिकता में नहीं रखा गया था। पूर्व अधीक्षक डॉ एके बरनवाल (अब सेवानिवृत्त) और डॉ अनिल कुमार वरीयता में पीछे थे। बावजूद इन्हें अधीक्षक की जिम्मेवारी सौंपी गई थी। इसके पूर्व भी कई वरीय पदाधिकारियों को दरकिनार कर यहां अधीक्षक बनाए गए हैं।

### टल गया बड़ा हादसा! गया-कोडरमा रूट पर गरबा एक्सप्रेस का टूटा पेंटो, ओवरहेड तार क्षतिग्रस्त

**गोमो, एजेंसी।** धनबाद रेल मंडल अंतर्गत पहाड़पुर स्टेशन के पास डाउन लाइन 12937 गांधीधाम हावड़ा गरबा एक्सप्रेस ट्रेन का पेंटो टूटने की वजह से डाउन लाइन पर लगभग पांच घंटे तक परिचालन पूरी तरह से बाधित रहा। घटना सोमवार सुबह 6 बजे की है। इस वजह से पटना हटिया जनशताब्दी एक्सप्रेस, गया, आसनसोल सवारी गाड़ी गया स्टेशन पर घंटों खड़ी रही। गझंडी तथा गोमो से टावर एंड वैगन की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर क्षतिग्रस्त पेंटो तथा ओवरहेड तार को दुरुस्त किया। इसके बाद परिचालन सामान्य हुआ। बताया जा रहा है कि सुबह में गरबा एक्सप्रेस गया स्टेशन से हावड़ा के लिए खुली थी। जब ट्रेन पहाड़पुर स्टेशन पार कर रही थी उस वक्त अचानक ट्रेन के इंजन में लगा पेंटो टूट गया, जिसके चलते ओवरहेड तार क्षतिग्रस्त हो गया। चालक और सहायक चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए ट्रेन को पहाड़पुर रेलवे फाटक के बीचो-बीच रोक दिया। इस घटना में लगभग एक किलोमीटर तक ओवरहेड तार टूट चुका था। विभागीय टीम को ओवर हेड तार को दुरुस्त करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### प्रधानमंत्री के सभास्थल का एसपीजी की टीम ने लिया जायजा

**गिरिडीह, एजेंसी।** जिले के बिरनी प्रखंड के पेशम के अडवारा मैदान में आगामी 14 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा आयोजित है। उक्त सभा को लेकर तैयारी तेज हो गई है। स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप (एसपीजी) की टीम ने स्वंय अड़वार मैदान में सभास्थल का जायजा लिया। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को एसपीजी की टीम ने जिले के डीसी-एसपी समेत जिले के आला अधिकारियों के साथ एक बैठक भी की। बता दें कि बगोदर विधानसभा क्षेत्र के बिरनी प्रखंड अंतर्गत पेशम में आयोजित होने वाले प्रधानमंत्री के सभा के माध्यम से प्रधानमंत्री कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं के साथ गिरिडीह और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं के अलावे पड़ोसी जिला धनबाद एवं बोकारो जिले के मतदाताओं को भी संबोधित करेंगे। काफी संख्या में लोगों की भीड़ जुटने की संभावना है। इस कारण सभास्थल का मुआयना करने एसपीजी की टीम के साथ गिरिडीह डीसी नमन प्रियेश लकड़ा, एसपी दीपक शर्मा समेत अन्य अधिकारियों का दल बिरनी पहुंचे थे। इस दौरान निरीक्षण टीम न केवल सभास्थल का बल्कि हेलीपैड का भी जायजा लिया। साथ ही इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया। इस निरीक्षण टीम में बगोदर सरिया एसडीएम बिपिन कुमार दुबे, एसडीपीओ धनंजय राम, बिरनी बीडीओ सुनील वर्मा, सीओ सारांश जैन, पुलिस निरीक्षक ज्ञान रंजन, बिरनी थाना प्रभारी राजीव कुमार, भरकट्टा ओपी प्रभारी आकाश भारद्वाज भी शामिल थे। सभा स्थल व हेलीपेड का मुआयना करने के बाद एसपीजी की टीम पेशम पंचायत भवन में डीसी-एसपी समेत अन्य अधिकारियों के अलावे जमुआ विधायक केदार हाजरा के साथ एक बैठक की। जिसमे सभी विभागों से सुरक्षा व अन्य मामलों की जानकारी ली गई। बताया जाता है कि एसपीजी ने सुरक्षा सुनिश्चित करने को लेकर कई बिंदुओं पर दिशा-निर्देश दिया है।

# झारखंड में दूसरे चरण में 21 उम्मीदवार करोड़पति, कितने पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज



**हजारीबाग, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण (झारखंड में दूसरे फेज) में 20 मई को तीन संसदीय सीटों पर वोट डाले जाएंगे। यह सीटें चतरा, कोडरमा और हजारीबाग हैं। इन सीटों पर कुल 54 प्रत्याशी अपना भाग्य आजमा रहे हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और द नेशनल इलेक्शन वॉच ने 54 प्रत्याशियों के शपथ पत्र का विश्लेषण कर सोमवार को रिपोर्ट जारी की है।

रिपोर्ट के मुताबिक कुल 54 उम्मीदवारों में से करोड़पति की संख्या 21 (39 प्रतिशत) हैं। सभी 54 उम्मीदवारों की औसतन संपत्ति 3.52 करोड़ रुपए की है। कांग्रेस पार्टी के दोनों उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 36 करोड़ रुपए से अधिक की है। कुल 27 उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें से 18 (33 प्रतिशत) उम्मीदवार ऐसे हैं, जो आपराधिक मामले वाले हैं। वहीं, 9 उम्मीदवार (17 प्रतिशत) पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। बता दें कि तीनों ही सीटों पर आमने-सामने की लड़ाई एनडीए और इंडिया गठबंधन प्रत्याशियों के बीच है। इंडिया गठबंधन की ओर से कांग्रेस ने चतरा से कृष्णा नंद त्रिपाठी और हजारीबाग से जय प्रकाश भाई पटेल और भाकपा माले ने कोडरमा से विनोद सिंह को उतारा है। भाजपा ने चतरा से काली चरण सिंह, हजारीबाग से मनीष जायसवाल और कोडरमा से अन्नपूर्णा देवी को उम्मीदवार बनाया है।

**21 उम्मीदवार के पास एक करोड़ या इससे अधिक :** रिपोर्ट के मुताबिक तीनों सीटों पर उतरे 54 प्रत्याशियों में से 21 (39 प्रतिशत) ऐसे हैं, जिनकी संपत्ति 1 करोड़ रुपए से अधिक की है। निर्दलीय 6 उम्मीदवार इस सूची में शामिल हैं। भाजपा के तीनों और कांग्रेस को दोनों प्रत्याशी भी करोड़पति हैं। भाकपा (माले) के प्रत्याशी करोड़पति की सूची में नहीं है। सभी उम्मीदवारों की औसतन संपत्ति 3.52 करोड़ बतायी गई है। भाजपा के तीनों प्रत्याशी की औसत संपत्ति 19 करोड़ रुपए से अधिक की है। वहीं, कांग्रेस के दोनों प्रत्याशियों की औसत संपत्ति 36 करोड़ से अधिक, भाकपा (माले) प्रत्याशी की औसतन संपत्ति 55 लाख से अधिक की है।

**केएन त्रिपाठी सबसे अधिक अमीर प्रत्याशी :** कांग्रेस के चतरा प्रत्याशी के.एन.त्रिपाठी की कुल संपत्ति 70 करोड़ से अधिक की है। इसमें चल संपत्ति 1.19 करोड़ से अधिक की और अचल संपत्ति 69.72 करोड़ रुपए से अधिक की है। हजारीबाग से भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल की कुल संपत्ति 36 करोड़ से अधिक और कोडरमा से भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी की 12 करोड़ से अधिक है। सबसे कम संपत्ति वाले प्रत्याशी कोडरमा सीट से राजेश हैं। उनकी कुल संपत्ति 26 हजार से अधिक की है। वे निर्दलीय चुनावी मैदान में हैं।

**8 निर्दलीय प्रत्याशी पर अधिक आपराधिक मामले :** 54 उम्मीदवारों में से 22 उम्मीदवार निर्दलीय चुनावी मैदान में है। इनमें सबसे अधिक 8 प्रत्याशियों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। प्रमुख राजनीतिक पार्टियों में भाजपा के तीन प्रत्याशियों पर आपराधिक मामले दर्ज है। भाजपा के एक प्रत्याशी ऐसे हैं, जिस पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। कांग्रेस के दोनों उम्मीदवारों पर आपराधिक और गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। भाकपा (माले) के एक प्रत्याशी पर केवल आपराधिक मामले दर्ज हैं।

**वार्षिक आय घोषित करने वाले में मनीष पहले स्थान पर :** देनदारी की बात करें तो सबसे अधिक मनीष जायसवाल की कुल 36 करोड़ से अधिक की संपत्ति पर 5 करोड़ रुपए से अधिक की देनदारी और 3 करोड़ रुपए से अधिक की विवादित देनदारी है। इस सूची में दूसरे स्थान पर चतरा से भाजपा प्रत्याशी काली चरण सिंह हैं। इन पर देनदारी 4 करोड़ से अधिक की और एक भी विवादित देनदारी नहीं है। वहीं, आय विवरण में सबसे अधिक वार्षिक आय घोषित करने वाले उम्मीदवारों में मनीष जायसवाल पहले स्थान पर हैं।

रिपोर्ट में कुल 54 उम्मीदवारों में से 21 (39 प्रतिशत) की शैक्षणिक योग्यता 8वीं और 12वीं के बीच की है।

# अरविन्द केजरीवाल के गिरिडीह आगमन की तैयारी को लेकर आप ने की बैठक

**गिरिडीह, एजेंसी।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के गिरिडीह आगमन को लेकर आम आदमी पार्टी ने रविवार को गिरिडीह जिला कार्यालय में एक बैठक हुई। बैठक में सात सदस्यीय एक तैयारी समिति का भी गठन किया गया जो इंडिया गठबंधन के साथ कॉर्डिनेशन में कार्य करेगी।

बैठक को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण मुरारी शर्मा ने कहा कि देश का संविधान और लोकतंत्र खतरे में है। मुख्यमंत्री समेत विपक्ष के नेताओं को जेल में डाला जा रहा है। केन्द्रीय जांच एजेंसियों का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है। बेरोजगारी और महंगाई चरम पर है। लेकिन मोदी सरकार ने दस साल में कभी इसकी चिंता नहीं की। उन्होंने कहा कि भाजपा इलेक्ट्रॉल बॉण्ड से चंदा वसूली में लगी हुई है। मात्र दस साल में देश का सबसे धनी पार्टी बन गई, भारत के हर जिले में आलीशान कार्यालय खोल लिया। कहा की भाजपा सरकार से किसान मजदूर छात्र नौजवान का भला नहीं हो सकता।

आप युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अमित कुमार ने कहा कि तानाशाही खत्म करने के लिए अरविन्द केजरीवाल देश की जनता से अपील कर रहे हैं। इसी क्रम में वो आगामी 16 मई को गाण्डेय आ रहे हैं। जिला उपाध्यक्ष रोजन अंसारी ने कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल में डालकर मोदी सरकार ने बहुत बड़ी गलती की।

आप युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष गौरीशंकर यादव ने कहा कि कल्पना मुर्मू सोरेन को गाण्डेय की जनता भारी मतों से जीताकर उनको झारखंड विधानसभा भेजेगी। जनता जेल का जवाब वोट से देगी। उन्होंने गांडेय विधानसभा उपचुनाव के इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार कल्पना मुर्मू सोरेन, कोडरमा लोकसभा के उम्मीदवार बिनोद कुमार सिंह और गिरिडीह लोकसभा उम्मीदवार मथुरा प्रसाद महतो के पक्ष में चुनाव प्रचार तेज करने की आप कार्यकर्ताओं से अपील किया।

बैठक में आशीष भदानी, तैयब अंसारी, अधिवक्ता कुमार राकेश, अंसारी , मेहबूब अंसारी, कासिम अंसारी, अल्ताफ हुसैन, मो शम्स, समीद अंसारी, राहुल शर्मा, विनोद राय, मुर्शीद मिर्जा, सुलेमान अंसारी, मो जियाउद्दीन, प्रकाश टुडु , राजू मंडल , फुटपाथ नेता सोहराब रैन, जयप्रकाश वर्मा , बदरुद्दीन अंसारी, परवेज आलम, मो कबीर सहित कई लोग मौजूद थे।

# झारखंड में बहुत जल्द होगी शिक्षकों की बहाली, चुनावी सभा में चंपई सोरेन ने युवाओं से कर दिया वादा




**पटमदा/पोटका, एजेंसी।** झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने रविवार को पटमदा और पोटका में झामुमो प्रत्याशी समीर महंती के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में बहुत जल्द शिक्षकों की बहाली होगी। जून महीने में शिक्षक बहाली की प्रक्रिया शुरू होगी।

मुख्यमंत्री ने चुनावी सभा के दौरान भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा का चेहरा मुरझाया हुआ है। 2014 में भाजपा ने महंगाई, गैस सिलेंडर और पेट्रोल-डीजल के नाम पर चुनाव लड़ा, लेकिन सत्ता में आने के बाद अपने सभी वादों को भूल गई।

उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन को झूठे केस में जेल भेजा गया है। 2024 आपके सफल निर्णय का दिन है। राज्य सरकार ने किसानों और जनता के हित में कई काम किए हैं।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि जून माह से चांडिल डैम का पानी किसानों के खेतों तक पहुंचाया जाएगा। हमारी सरकार ने सभी को पेंशन दिया, जबकि भाजपा ने ग्यारह लाख राशन कार्ड को डिलीट किया।

उन्होंने कहा कि पांच हजार स्कूल को भाजपा सरकार ने बंद करवाया। हमारी सोच है कि गांव का युवा भी बीडीओ और सीओ बने। तीर कमान पर वोट देकर भाजपा को जनता मुंहतोड़ जवाब देगी।

# रेलवे स्टेशन पर परिवार से की दोस्ती, फिर 9 महीने के बच्चे को लेकर हुए फरार, नींद में थी मां



**रांची, एजेंसी।** अगरतल्ला से रांची लौटा लातेहार के गारू का रहने वाला परिवार नौ माह के बेटे शिवम की चोरी होने से सदमे में है। शिवम के पिता प्रदीप लोहरा ने बताया कि इस बात की उनलोगों ने कल्पना तक नहीं की थी कि रांची रेलवे स्टेशन से उसके बच्चे की चोरी हो जाएगी। प्रदीप लोहरा ने बताया कि सोमवार की सुबह परिवार के सदस्यों को भूख लग रही थी। सबने खाना खाने की इच्छा जतायी।

इसके बाद वह खाना लाने के लिए पास के ही एक होटल में चले गया। स्टेशन के बाहर उसकी पत्नी शुभम को लेकर सो गयी। खाना लेकर जब प्रदीप लौटा तो देखा कि उनकी पत्नी टिकट काउंटर के पास सोयी हुई है और शुभम गायब है।

पूछताछ में पता चला कि शुभम को लेकर उसकी मां सोयी हुई थी। इसके बाद स्टेशन परिसर और आसपास में बच्चे की काफी तलाश की गई, लेकिन वह नहीं मिला। इधर, चुटिया थाना प्रभारी उमाशंकर ने बताया कि जिला पुलिस और रेलवे पुलिस की ओर से अलग-अलग टीम का गठन किया गया है।

**परिवार से की दोस्ती, फिर बच्चे को लेकर हुए फरार :** गारू के धागर टोली निवासी प्रदीप की ओर से थाने में दिए गए आवेदन में कहा गया है कि सोमवार की सुबह एक महिला और दो पुरुष उनके पास पहुंचे और बैठ गए। इसके बाद बातचीत करते हुए बच्चे को प्यार भी करने लगे। बाद में वह परिवार के लिए खाना लेकर जब लौटा तो देखा कि शुभम गायब है। पास में बैठी महिला और दोनों पुरुष भी नहीं थे। खोजबीन करने पर भी कुछ पता नहीं चला तो उसने रेलवे पुलिस को जानकारी दी।

प्रदीप ने बताया कि वह अगरतल्ला में ईंट भट्ठे में काम करता है। छह महीने के बाद वह रविवार की शाम साढ़े चार बजे रांची पहुंचा। उन्हें रांची से ट्रेन से लातेहार जाना था, लेकिन ट्रेन नहीं मिलने से वह स्टेशन में ही परिवार के साथ रुक गया। प्लेटफॉर्म में जगह नहीं मिलने के कारण वह परिवार के साथ स्टेशन के बाहर टिकट काउंटर के पास चला गया और वहीं पर रात गुजारी। उनलोगों के साथ ईंट भट्ठा में साथ काम करने वाला एक अन्य परिवार भी था।

### झारखंड में दूसरे चरण के इतने उम्मीदवारों पर दर्ज हैं आपराधिक मामले, कई पर गंभीर आरोप; सबसे धनवान ये उम्मीदवार

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण (देश के पांचवें) की तीन सीटों चतरा, कोडरमा और हजारीबाग में कुल 54 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें 18 अर्थात 33 प्रतिशत उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

नौ उम्मीदवारों पर तो गंभीर मामले हैं। जिन उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं, उनमें आठ निर्दलीय हैं। इनमें से चार पर तो गंभीर मामले हैं।

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने उम्मीदवारों द्वारा नामांकन के समय दिए गए शपथपत्र के आधार पर ये आंकड़े निकाले हैं।

एडीआर की रिपोर्ट के अनुसार, इस चरण में चुनाव लड़ रहे 21 उम्मीदवार (39 प्रतिशत) करोड़पति हैं। करोड़पति उम्मीदवारों में छह निर्दलीय भी है। चतरा से कांग्रेस के उम्मीदवार केएन त्रिपाठी के पास सबसे अधिक 70 करोड़ की संपत्ति हैं।

दूसरे स्थान पर हजारीबाग से भाजपा उम्मीदवार मनीष जायसवाल तथा तीसरे स्थान पर इसी पार्टी की कोडरमा से उम्मीदवार अन्नपूर्णा देवी हैं। दोनों के पास क्रमशः 36 करोड़ तथा 12 करोड़ की संपत्ति हैं।

इस चरण के चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों में तीन साक्षर, तीन आठवीं उत्तीर्ण, 10 मैट्रिक उत्तीर्ण, आठ 12वीं उत्तीर्ण, 15 स्नातक, तीन प्रोफेशनल ग्रेजुएट तथा 12 पोस्ट ग्रेजुएट हैं।

# धनबाद स्कूल ऑफ नर्सिंग में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस, छात्र-छात्राओं को दिलाई गई सेवा की शपथ

निज संवाददाता




**धनबाद।** धनबाद के रेंगुनी स्थित धनबाद स्कूल ऑफ नर्सिंग (डीएसएन) के प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया गया, जिसका नाम लैंप लाइटिंग सेरेमनी 2024 दिया गया था। समारोह में डीएसएन में अध्ययनरत बीएससी, जीएनएम, एएनएम और पारा मेडिकल की छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और प्रोफेशन शुरुआत करने की सामूहिक रूप से शपथ ली। इस दौरान सभी छात्र-छात्राएं अपने-अपने हाथों में मोमबत्ती थाम रखे थे। शपथ डीएसएन की प्राचार्या मेरी ग्रेस ने दिलाई। समारोह का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन मुख्य अतिथि बीबीएमकेयू के कुलपति पवन कुमार पोद्दार, असर्फी हॉस्पिटल के सीईओ हरेंद्र सिंह, डीएसएन के डीन एकेडमिक एसके सिन्हा, असर्फी हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. नयन सिंह, निदेशक गोपाल सिंह, निदेशक जय प्रकाश सिंह ने किया। समारोह को संबोधित करते हुए असर्फी हॉस्पिटल के सीईओ हरेंद्र सिंह ने छात्र-छात्राओं के निरंतर प्रगति की कामना की। कहा कि नर्सिंग जिम्मेवारी से भरा प्रोफेशन है। आप सभी ने यहां जो शिक्षा पाई उसका पूरा इस्तेमाल अपने करियर को संवारने में करेंगे। करियर को मजाक में नहीं लेना चाहिए। एक नर्स का उत्तरदायित्व है कि वह मरीज के साथ प्रेम, सहानुभूति और सौहार्द के साथ अपने कर्त्तव्य का पालन करें। पूरी उम्मीद है कि आप सभी पूरी जिम्मेवारी के साथ काम करेंगे। मुख्य अतिथि बीबीएमकेयू के कुलपति पवन कुमार पोद्दार ने कहा कि नर्सिंग सेवा का क्षेत्र है।

आप सभी को सब कुछ न्योछावर कर मरीजों का देखभाल करना है। नर्सों का सफेद पोशाक प्रेम, वात्सल्य, सादगी और ममता का प्रतीक है। आप सभी समाज में सादगी फैलाते रहें। समारोह के सम्मानित अतिथि डॉ. एसके सिन्हा ने अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस और नर्सों के सेवामूलक कार्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर बीएससी नर्सिंग फर्स्ट सेमेस्टर, सैकेंड और थर्ड सैमेस्टर की परीक्षा में बेहतर अंक लाने वाले सेमेस्टर वाइज तीन-तीन छात्र-छात्राओं को पहला, दूसरा और तीसरा पुरस्कार दिया गया। इसके अलावा जीएनएम 2021-2024 बैच सेकेंड सेमेस्टर के तीन छात्र-छात्राओं को पहला, दूसरा और तीसरा पुरस्कार दिया गया। समारोह को दो सत्र में बांटा गया था। पहले सत्र में अतिथियों का स्वागत, लैंप लाइटिंग, शपथ ग्रहण, सीईओ हरेंद्र सिंह, कुलपति पवन कुमार पोद्दार और डीएसएन के डीन एकेडमिक एसके सिन्हा का संबोधन हुआ। पहले सत्र का संचालन मनीष कुमार और पूनम कुमारी ने किया। पहले सत्र का समापन के बाद दूसरे सत्र में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। दूसरे सत्र का संचालन प्रिंस कुमार और साक्षी प्रिया ने किया। मौके पर डीएसएन की असिस्टेंट प्रोफेसर नीतू कुमारी व विनोद कुमार, नर्सिंग ट्यूटर दोमेश देवांगन, आशु मरकम, तारा मिश्रा समेत छात्र-छात्राएं मौजूद थे। बता दें कि किसी बीमारी से उबरने में जितना बड़ा योगदान डॉक्टर, दवा और इलाज का होता है, उतना ही योगदान मरीजों का देखभाल करने वाली नर्सों की भी होती है। नर्सें हॉस्पिटल में 24 घंटे मरीजों का देखभाल करती है। नर्सों को सम्मान देने के लिए हर साल 12 मई को दुनिया भर में अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया जाता है। वहीं दूसरी तरफ अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर ही असर्फी हॉस्पिटल सभागार में भी पेंटिंग्स और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दोनों तरह की प्रतियोगिता में यहां के नर्सों ने भाग लिया।

# टेंडर कमीशन घोटाले में पूछताछ के लिए ईडी ऑफिस पहुंचे आलमगीर



**रांची, एजेंसी।** टेंडर कमीशन घोटाले में मनी लांड्रिंग के तहत जांच कर रही ईडी के समन पर ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री आलमगीर आलम मंगलवार की सुबह करीब 11 बजे ईडी के रांची स्थित जोनल कार्यालय में पहुंचे।

ईडी कार्यालय के बाहर मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि वे कानून को मानने वाले हैं, इसलिए ईडी के बुलावे पर पहुंचे हैं। उनसे जो भी सवाल पूछा जाएगा, उसका पूरी ईमानदारी से वे जवाब देंगे। उनका कहना है कि वे गलत नहीं हैं, इसलिए उन्हें कोई भय नहीं है। ईडी कार्यालय में टेंडर कमीशन घोटाले में पूर्व से गिरफ्तार मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव कुमार लाल व संजीव कुमार लाल के नौकर जहांगीर आलम भी रिमांड पर हैं। उनसे आज पूछताछ का सातवां दिन हैं। दोनों से संबंधित ठिकानों से पिछले दिनों ईडी ने 38 करोड़ रुपये की बरामदगी की थी। ग्रामीण कार्य विभाग के पूर्व मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम की गिरफ्तारी के बाद से ही मंत्री आलमगीर आलम से पूछताछ की तैयारी चल रही थी। वीरेंद्र राम गत वर्ष 23 फरवरी 2023 को गिरफ्तार किए गए थे। ईडी ने उनके विरुद्ध छानबीन में वीरेंद्र राम के पास सवा सौ करोड़ की अवैध संपत्ति का पता लगाया था। उनकी करोड़ों की संपत्ति की जब्ती हो चुकी है। ईडी ने जांच में यह भी खुलासा कर लिया है कि ग्रामीण विकास विभाग में टेंडर कमीशन का पैसा अधिकारियों से लेकर नेताओं तक में बंटता था। ये नेता व अधिकारी कौन हैं, इसका भी खुलासा ईडी के सामने हो चुका है। यह खुलासा पूर्व में गिरफ्तार आरोपित से लेकर गवाहों तक ने किया है। अब ईडी एक-एक कर सभी अधिकारियों व नेताओं का बयान लेगी। इसी कड़ी में मंत्री आलमगीर आलम से पूछताछ चल रही है।

# धनबाद में चुनाव से पहले टाइफाइड का कहर, बढ़ती जा रही मरीजों की संख्या



**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद में तेज धूप और तापमान के उचार-चढ़ाव के बीच टाइफाइड के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं। बच्चों से लेकर बड़े इसकी चपेट में आ रहे हैं। शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एसएनएमएमसीएच) एवं सदर हास्पिटल के मेडिसिन विभाग में हर दिन इसके मरीज आ रहे हैं। एसएनएमएमसीएच में हर दिन 15 से 20 मरीज मेडिसिन विभाग में आ रहे हैं। वहीं सदर में 4-5 टाइफाइड के लक्षण वाले मरीज आ रहे हैं।

सदर अस्पताल के फिजिशियन डा. मासूम आलम ने बताया कि दूषित पानी इसका बड़ा स्त्रोत है। दूषित पानी से आंत संक्रमित हो जाती है, इस कारण टाइफाइड को आंत का बुखार भी कहा जाता है। मरीजों के संख्या तेजी से बढ़ ही है। कहा कि टाइफाइड साल्मोनेला टाइफी बैक्टीरिया के संक्रमण से होता है।

डा. मासूम ने बताया कि बुखार का काल चक्र 7 से 14 दिनों तक हो रहा है। यह बुखार जाड़ा देकर आ रहा है। खासकर वैसे इलाके में मरीजों की संख्या ज्यादा आ रही है, जहां स्लम इलाका है, जहां पर शुद्ध पेयजल की कोई बेहतर व्यवस्था नहीं है।

झरिया, कतरास इलाकों से ज्यादा मरीज अस्पताल पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई मरीजों से यह संक्रमण 28 दिनों तक हो रहा है, अर्थात 28 दिनों तक मरीजों को सतत निगरानी की जरूरत पड़ रही है। टाइफाइड से बचने के लिए मेडिकल कॉलेज में चिकित्सक दूषित पानी के साथ बासी भोजन से परहेज करने की सलाह दे रहे हैं। बासी खाना, पहले से कटे हुए फल, लंबे समय पर फ्रीज में रखी मिठाइयां से सेवन से परहेज करना जरूरी है। बुखार होने पर चिकित्सक से दिखाएं।

## संक्षिप्त समाचार

### हीरामंडी: द डायमंड बाज़ार की रानियों ने इस सीरीज़ में काम करने के अपने अनुभव के बारे में बताया

**मुंबई, एजेंसी।** सनी और बॉबी के शानदार प्रदर्शन वाले बेहतरीन एपीसोड के बाद द ग्रेट इंडियन कपिल शो में इस शनिवार को नज़र आएँगी हीरामंडी- द डायमंड बाज़ार की रानियाँ। हाल ही में लॉन्च हुई इस सीरीज़ ने सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि दुनिया भर के दर्शकों का दिल जीत लिया है और लॉन्च के पहले हफ़्ते में ही ये सबसे ज़्यादा देखी जाने वाली भारतीय सीरीज़ बन गई है। ज़बरदस्त भव्यता से लेकर शानदार पटकथा और कलाकारों के बेहतरीन प्रदर्शन तक, नेटफ्लिक्स पर संजय लीला भंसाली की पहली पेशकश को नज़रअंदाज करना मुश्किल है। मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, ऋचा चड्ढा, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल और संजीदा शेख ने परदे के पीछे के अपने कुछ किस्से साझा किये, जिसमें लेखक-निर्देशक संजय भंसाली के साथ काम करने और सीरीज़ के निर्माण की तैयारियों के साथ-साथ उनके व्यक्तिगत जीवन के किस्से भी शामिल हैं। अपने अनुभव साझा करते हुए इन महिलाओं ने सेट पर संजय लीला भंसाली द्वारा बेहद बारीकी और परफ़ेक्शन के साथ काम करने के बारे में बताया। सेट पर इस्तेमाल किए जाने वाले हर प्रॉप का एक कैरेक्टर और कहानी है।

### कलर्स के साथ यह मेरा पहला प्रोजेक्ट: येशा हरसोरा

**मुंबई, एजेंसी।** सभी लोग ध्यान दें! कलर्स खूबसूरत के आगमन का संकेत दे रहा है, जो एक दिल छू लेने वाली कहानी है। यह दर्शकों को मुंबई की भावना के कठिन ट्रैक के माध्यम से एक प्रेरणादायक यात्रा पर ले जाने का वादा करती है। चैनल सपनों की इस गाथा में दर्शकों का स्वागत करने के लिए पूरी तरह तैयार है, जो उन्हें एक साधारण लड़की नव्या के प्रति आकर्षित करेगी, जिसका जीत का जज़्बा (जुनून) उस शहर की धड़कन की तरह अजेय है, जिससे वह जुड़ी है। एक चॉल में रहने वाली नव्या शहर की गगनचुंबी इमारतों जितनी ऊंची आकांक्षाओं के साथ खड़ी है। परिवार में वह एकमात्र सांवली है और इस कारण अपने पिता की अस्वीकृति के बावजूद वह कुछ बड़ा करना चाहती है। अपने आस-पास के लोगों द्वारा उसकी त्वचा के रंग को लेकर किए जाने वाले तानों से विचलित हुए बिना नव्या ने अपना घर चलाने के साथ-साथ अपनी आकांक्षाओं पर ब्रेक लगाने से इनकार किया है। चाहे वह मेज पर इंतजार कर रही हो, अपनी शहनाई के साथ बारातों का स्वागत कर रही हो या भोजन पहुंचा रही हो, कोई भी काम उसे अपनी धूप की ऊर्जा के साथ जीवन को आगे बढ़ाने से नहीं रोक सकती। सामाजिक मानदंडों की चुनौतियों के साथ, क्या उसका जज़्बा सफलता के मुकाम पर पहुंचेगा। नव्या की भूमिका निभाने पर येशा हरसोरा कहती हैं, खूबसूरत कलर्स के साथ यह मेरा पहला प्रोजेक्ट है। और मैं प्रार्थना करती हूं कि यह हमारे सहयोग के लिए एक अविश्वसनीय माहौल तैयार करे। इस शो में शामिल होना दर्शकों को अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित करने का मेरा तरीका है, भले ही लोग उनकी क्षमता की उपेक्षा करें।

### निकाह के कुछ मिनट बाद ही तलाक, किस डिमांड पर भड़के लड़की वाले

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा के दादरी के जारचा कोतवाली क्षेत्र के कलौंदा गांव में रविवार को गाजियाबाद से आई बारात को ग्रामीणों ने बंधक बना लिया। बारात लेकर आए दूल्हे के परिजन निकाह में बुलेट बाइक की मांग करने लगे। इसके बाद माहौल बिगड़ गया। लोगों ने दूल्हे को समझने का प्रयास किया, मगर बात नहीं बन सकी । निकाह के बाद तलाक की रस्म पूरी कर ली गई। फिर पंचायत में निकाह में हुए खर्च की भरपाई दूल्हे पक्ष के लोगों द्वारा की गई। जिसके बाद बारात बगैर दुल्हन के विदा हो सकी। गाजियाबाद के डासना कलछीना गांव के रहने वाले सलीम के बेटे अबू बकर और उमर हयात की शादी कलौंदा गांव के रहने वाले इकबाल की दोनों बेटियों से हुई थी । रविवार को निकाह के लिए बारात कालौंदा गांव पहुंच गई। निकाह की रस्म पूरी की गई। मगर विदाई के दौरान दोनों दूल्हे बुलेट मोटरसाइकिल की मांग को लेकर अड़ गए। दुल्हे के परिजन भी दुल्हन को विदा करने पर सहमत नहीं हुए।

# गुरुग्राम में छह सेक्टरों को जोड़ने वाले अंडरपास का 95 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
गुरुग्राम में द्वारका एक्सप्रेसवे के आसपास बसे छह सेक्टरों को जोड़ने वाले सेक्टर-102-102ए अंडरपास का निर्माण कार्य जून में पूरा हो जाएगा। इस अंडरपास के शुरू होने से इन सेक्टरों में रहने वाले लोगों को काफी बड़ी राहत मिलेगी। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने मौजूदा समय में अंडरपास का 95 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा कर लिया है।

दावा किया जा रहा है कि 20 से 25 जून के आसपास ट्रायल करने के बद इस अंडरपास को यातायात के लिए खोल दिया जाएगा। इसके बनने से मौजूदा समय में सेक्टर-102, 102ए, 103, 106, खेड़की माजरा, बसई और धनकोट गांव के निवासियों को सीधा फायदा होगा। यह एरिया सेक्टर नौ-नौए की मुख्य सड़क के माध्यम से हीरो होंडा चौक से जुड़ जाएगा। इसके दोनों तरफ सर्विस रोड का निर्माण किया जा रहा है।

राजनगर एक्सटेंशन में रहने वालों के लिए आई राहत वाली खबर, इस महीने पूरा हो जाएगा यह काम बता दें कि दो-दो लेन के इस



अंडरपास की लंबाई करीब 585 मीटर है। इसके निर्माण पर करीब 24 करोड़ रुपये की लागत आएगी। सेक्टर 102 स्थित इम्पीरियल गार्डन की आरडब्ल्यूए के पूर्व प्रधान सुनील सरीन ने बताया कि सेक्टर 102-102ए में ज्वाय विला, अडानी ओएस्टर, इम्पीरियल गार्डन, बीपीटीपी एमेस्टोरिया, एमआर गुड़गांव ग्रीन, सनसिटी, आरओएफ आलयास सोसाइटी के निवासियों को सीधा फायदा पहुंचेगा। इनमें करीब 10 हजार परिवार रह रहे हैं। आसपास लगते गांवों को भी इसकी वजह से लाभ मिलेगा। सेक्टर नौ-नौए के माध्यम से हीरो होंडा चौक तक यह एरिया जुड़ जाएगा। अडानी ओएस्टर आरडब्ल्यूए के प्रधान कर्नल हरि भगवान का कहना है कि इस अंडरपास के खुलने से उनकी सोसाइटी के निवासियों को हीरो होंडा चौक तक जाने में दिक्कत नहीं आएगी। मौजूदा समय में बसई चौक पर जाना पड़ता है, जहां पर यातायात जाम की समस्या रहती है।

एनएचएआई के एक अधिकारी ने बताया कि इस अंडरपास को जून माह तक तैयार कर दिया जाएगा। निर्माण कार्य में लगी एजेंसी को इस सिलसिले में दिशानिर्देश दे दिए गए हैं।

पीडब्ल्यूडी की तरफ से झज्जर के बाड़सा स्थित एम्स से लेकर सेक्टर -102-102ए तक सड़क का निर्माण करने की योजना बनाई जा रही है। इसके तहत नौ किलोमीटर लंबी रोड का निर्माण किया जाएगा। यह रोड तीन-तीन लेन की तैयार की जाएगी। योजना को अमल में लाने को लेकर झज्जर गांव के बाड़सा के अलावा गुड़गांव के इकबालपुर, माकडौला, बुढेड़ा, धनकोट और खेड़की माजरा की जमीन का अधिग्रहण किया जाना है। जमीन अधिग्रहण के अलावा इस सड़क के निर्माण में करीब 70 करोड़ की लागत आएगी। भविष्य में इस सड़क के माध्यम से झज्जर के एम्स तक जाना पुराने शहर के निवासियों के लिए आरामदायक हो जाएगा।

## दिल्ली में एनकाउंटर, बदमाश को पुलिस ने मारी गोली; टिल्लू ताजपुरिया गैंग का है सदस्य

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस ने एक बदमाश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। दिल्ली पुलिस के साथ राजस्थान पुलिस ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस के अनुसार मुठभेड़ में बदमाश सागर के पैर में गोली लगी और उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। गोली लगने वाले बदमाश का संबंध टिल्लू ताजपुरिया गैंग से बताया जा रहा है।

इस मामले की जानकारी देते हुए अतिरिक्त महानिदेशक (अपराध) दिनेश एमएन ने बताया कि एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ), दिल्ली पुलिस एवं हनुमानगढ़ जिले की पुलिस टीम ने सोमवार को संयुक्त कार्रवाई में बदमाश सागर उर्फ शंकर (20) को मुठभेड़ के बाद दबोच लिया। दोनों तरफ से हुई फायरिंग में लाठ गांव (सोनीपत-हरियाणा) के निवासी सागर के पैर में गोली लगने से उसे हनुमानगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सागर दिल्ली के अलीपुर में 22 अप्रैल को नरेंद्र मलिक हत्याकांड में शामिल बताया जा रहा है। एमएन ने बताया कि रविवार को दिल्ली पुलिस की अपराधा शाखा को सागर उर्फ शंकर के संगरिया और टिब्बी थाना क्षेत्र में छिपे होने की सूचना मिली थी। यह बदमाश टिल्लू ताजपुरिया, नीरज बवानिया व अमित दबंग गिरोह का सक्रिय सदस्य है। आज दिल्ली और राजस्थान पुलिस की संयुक्त कार्रवाई के बाद आरोपी बदमाश को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## कोचिंग जाते हुए मनचले करते थे परेशान; छात्रा ने किया सुसाइड

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
फरीदाबाद के सदर थाना अंतर्गत एक गांव में रह रही 24 साल की छात्रा ने रविवार को पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों का आरोप है कि वह मनचलों से परेशान थी। मनचले उसपर शादी करने का दबाव बना रहे थे। पुलिस को शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला है। बावजूद मुकदमा दर्जकर विभिन्न पहलुओं से मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार तावडू खंड स्थित एक गांव निवासी व्यक्ति ने अपनी सदर तावडू थाना की पुलिस को बताया कि उसकी 24 वर्षीय बेटी तावडू के एक शिक्षण संस्थान में जनरल नर्सिंग एंड मिडवाइफरी (जीएनएम) की कोचिंग ले रही थी। बेटी जब कोचिंग सेंटर आती-जाती थी तो रास्ते में कुछ युवक उसे परेशान करते थे। इनमें से एक युवक उनकी बेटी पर जबरन शादी का दबाव बना रहा था।

व्यक्ति बताया कि बेटी ने जब शादी करने से इनकार किया तो उन्हें जाति सूचक शब्द बोल अपमानित किया गया। पीड़ित ने बताया कि उसकी बेटी को धमकी दी गई। साथ कहा गया कि शादी नहीं करने पर उसकी छोटी बहन को अगवा कर, उसके साथ दुष्कर्म किया जाएगा और उसके पिता की भी हत्या कर दी जाएगी। पीड़ित ने चार युवकों पर इस तरह से दबाव बनाने का आरोप लगाया है।

जानकारी के अनुसार आरोपियों की धमकी से परेशानी होकर छात्रा के आत्महत्या करने के बाद से पीड़ित पक्ष में गम का माहौल है। परिजनों का कहना है कि पीड़िता 12वीं करने के बाद इस कोर्स की तैयारी शुरू कर दी थी। वह चिकित्सा संबंधित कार्य करना चाहती थी। उसकी मौत के परिवार के सदस्यों में डर का माहौल है। परिजन आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग पुलिस से कर रही है।

## दिल्ली हाईकोर्ट ने एमसीडी को फिर लगाई फटकार, कहा- कुछ कर नहीं रहे उल्टे आरोप लगा रहे

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली हाईकोर्ट ने राष्ट्रीय राजधानी के भीष्म पितामह मार्ग पर सीसीटीवी कैमरे नहीं लगाए जाने को लेकर सोमवार को नगर निगम को फटकार लगाई है। हाईकोर्ट ने सिविक एजेंसी से अपना काम दुरुस्त करने को कहा है। दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) अपना घर ठीक करने के लिए कुछ नहीं कर रहा है उलटा पूरी दुनिया पर असहयोग का आरोप लगा रहा है।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा की पीठ ने कहा- क्या उस सड़क पर सीसीटीवी कैमरे हैं? आपने कैमरे क्यों नहीं लगाए? आपको सड़कों पर कचरा फेंकने के लिए चालान जारी करना चाहिए। आप अपने घर को व्यवस्थित करने के लिए कुछ नहीं कर रहे हैं। ऐसे में आम लोगे आप को किस तरह सहयोग करेंगे? आप पूरी




दुनिया को दोष दे रहे हैं लेकिन अपना घर व्यवस्थित नहीं कर रहे हैं।

दिल्ली हाईकोर्ट की यह टिप्पणी एमसीडी व दिल्ली पुलिस को एक महीने से अधिक समय से लंबित याचिका पर चार सप्ताह के भीतर निर्णय लेने के निर्देश देते हुए आई। इस मामले में दायर याचिका मुख्य सड़कों पर आवारा जानवरों के खुले घूमने, कूड़े के निपटान, अवैध पार्किंग के कारण भारी जाम, गैरकानूनी लोडिंग व अनलोडिंग के संबंध में दाखिल की गई है।

याचिकाकर्ता की ओर से पैरवी कर रहे वकील जय अनंत देहाद्राई ने कहा कि कचरा सड़क पर स्थित बीएसईएस के विद्युत ट्रांसफार्मरों और उसके आसपास फेंका जा रहा है। इससे आग लगने का खतरा हो सकता है क्योंकि क्षेत्र में लकड़ी, हार्डवेयर और बिजली की कई दुकानें हैं।

इस पर हाईकोर्ट ने एमसीडी एवं पुलिस से एक महीने पहले जवाब मांगा था, लेकिन इन महकमों की तरफ से कोई पहल नहीं की गई। इस पर हाईकोर्ट ने नाराजगी जाहिर की है। उच्च न्यायालय ने एमसीडी व पुलिस से पूछा था कि कोटला मुबारक पुर व डिफेंस कॉलोनी (जिसे भीष्म पितामह मार्ग के नाम से भी जाना जाता है) सड़क पर सीसीटीवी कैमरे हैं। यदि नहीं हैं तो यहां कैमरे क्यों नहीं लगाए गए।

## सुप्रीम कोर्ट ने बाबा रामदेव को सुनाई राहत भरी खबर, आईएमए चीफ को लगाई फटकार

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
पतंजलि के भ्रामक विज्ञापन मामले में सर्वोच्च न्यायालय में आज सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान योग गुरु रामदेव उनके सहयोगी बालकृष्ण कोर्ट में मौजूद थे। कोर्ट ने आदेश की अवमानना के एक मामले में न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने फैसले को सुरक्षित रख लिया है। अब बाबा रामदेव और बालकृष्ण को अदालत में पेश नहीं होना होगा। कोर्ट ने आगे की पेशी के लिए उन्हें छूट दे दी है। वहीं, कोर्ट ने आईएमए यानी इंडियन मेडिकल एसोसिएशन को भी फटकार लगाई। आईएमए चीफ आर वी अशोकन की तरफ से दिए गए इंटरव्यू पर सर्वोच्च न्यायालय ने नाराजगी जताई है। कोर्ट की नाराजगी पर आईएमए अध्यक्ष आर वी अशोकन ने शीर्ष अदालत से बिना शर्त माफी मांगी है। दरअसल, पतंजलि की ओर से कोर्ट में पेश हुए वकील मुकुल रोहतगी ने कहा था कि आईएमए चीफ आर वी अशोकन ने सुप्रीम कोर्ट की आलोचना की है।

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के अध्यक्ष आर वी अशोकन ने हाल ही में पीटीआई को दिए एक साक्षात्कार में शीर्ष अदालत के खिलाफ दिए गए अपने बयानों के लिए पीठ से बिना शर्त माफी मांगी, जहां उन्होंने पतंजलि आयुर्वेद के भ्रामक विज्ञापन मामले के बारे में सवालों के जवाब दिए।

न्यायमूर्ति कोहली ने अशोकन से कहा, आप सोफे पर बैठकर प्रेस को साक्षात्कार नहीं दे सकते और अदालत की खिल्ली नहीं उड़ा सकते।

उत्तराखंड राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण (एसएलए) ने पहले शीर्ष अदालत को बताया था कि पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड और दिव्य फार्मेसी के 14 उत्पादों के विनिर्माण लाइसेंस को तत्काल प्रभाव से निलंबित



कर दिया गया है।शीर्ष अदालत 2022 में आईएमए द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही है, जिसमें पतंजलि द्वारा कोविड टीकाकरण अभियान और चिकित्सा की आधुनिक प्रणालियों के खिलाफ बदनामी का अभियान चलाने का आरोप लगाया गया है।

**भीमा कोरेगांव-एल्गार परिषद मामले में गौतम नवलखा को मिली बड़ी राहत, सुप्रीम कोर्ट ने दी जमानत:** एल्गार परिषद-माओवादी से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट ने आज कार्यकर्ता गौतम नवलखा को जमानत दे दी है। वहीं, सर्वोच्च न्यायालय ने बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश पर लगाई गई रोक को बढ़ाने से इनकार कर दिया। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने कार्यकर्ता गौतम नवलखा को नजरबंदी में सुरक्षा के खर्च के लिए 20 लाख रुपये देने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि नवलखा चार साल से अधिक समय से जेल में हैं और मामले में अभी तक आरोप तय नहीं किये गये हैं। बॉम्बे हाई कोर्ट ने पिछले साल 19 दिसंबर को नवलखा को जमानत दे दी थी, लेकिन एनआईए द्वारा शीर्ष अदालत में अपील दायर करने के लिए समय मांगने के बाद अपने आदेश पर तीन सप्ताह के लिए रोक लगा दी थी।

## फ्लाइट से गहने उड़ाने वाला ज्वेल थीफ गिरफ्तार; मदद के बहाने बनाता था शिकार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रेलगाड़ियों में चोरी करते हुए कई बार गिरफ्तार हो चुके शख्स ने विमान में वारदात करने का मन बनाया और महज 110 दिनों के भीतर उसने 200 विमान यात्राएं की। देश में हजारों किलोमीटर की यात्राओं के दौरान उसने कई महिलाओं के बैग से आभूषण चोरी किए। यह वारदात अमृतसर, बेंगलुरु, हैदराबाद और चंडीगढ़ जाने वाले विमानों में उसने अंजाम दिया। वह विशेष तौर पर एयर इंडिया और विस्तारा के विमान में चोरी करता था। पुलिस ने आरोपी राजेश कपूर और चोरी के गहने खरीदने वाले शरद जैन को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 25 लाख रुपये से ज्यादा के गहने बरामद हुए हैं। डीसीपी उषा रंगनानी ने बताया कि हैदराबाद से उनके पास जीरो एफआईआर आई थी। इसमें बताया गया कि सुधारनी पाथूरी नामक महिला बीते 11 अप्रैल को हैदराबाद से आईजीआई एयरपोर्ट गई थीं। यहां से उन्हें अमेरिका जाना था। रास्ते में किसी ने उनके बैग से 7 लाख रुपये के गहने चोरी कर लिए। दूसरे मामले में वरिन्द्रजीत सिंह ने बताया कि बीते 22 फरवरी को वह अमृतसर से आईजीआई एयरपोर्ट आए थे। यहां से उन्हें फ्रैंकफर्ट जाना था। रास्ते में किसी ने उनके बैग से 20 लाख रुपये के गहने चोरी कर लिए। इसके बाद पुलिस टीम ने उन विमानों से सफर करने वाले यात्रियों की सूची को खंगाली थी। आरोपी राजेश को पकड़ने के लिए पुलिस ने एयरपोर्ट्स की कई घंटों की फुटेज खंगाली।

आरोपी दिल्ली एयरपोर्ट से आने-जाने के दौरान ऐसे शख्स को चिह्नित करता था, जिसके बैग में गहने हो सकते हैं। खासतौर से बुजुर्ग महिलाएं जो अपने बैग को लेकर ज्यादा सतर्क नजर आती थीं।

## दिल्ली पुलिस एसएचओ की कार से घूमने निकले कॉन्स्टेबल ने राहगीर को कुचला, दोस्तों संग कर रहा था पार्टी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली कि सरोजिनी नगर इलाके में सोमवार तड़के 3 बजे राजेन्द्र नगर थाना एसएचओ की तेज रफ्तार सरकारी कार ने एक शख्स को कुचल दिया। गाड़ी की रफ्तार इतनी तेज थी कि अधेड़ को टक्कर मारने के बाद उसने कई खंभों में भी टक्कर मारी थी। हादसे की सूचना मिलने के बाद सरोजिनी नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने 58 वर्षीय बैजनाथ उर्फ राजेश गुप्ता का शव पोस्टमॉर्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने गाड़ी जब्त कर उसे चला रहे आरोपी कॉन्स्टेबल प्रदीप कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। कॉन्स्टेबल प्रदीप कुमार राजेन्द्र नगर थाने में ही तैनात है। डीसीपी रोहित मीणा ने बताया कि बैजनाथ अपने परिवार के साथ त्रिलोकपुरी में रहता था। डीसीप ने बताया कि तड़के 3.17 बजे सरोजिनी नगर पुलिस को भीकाजी कामा प्लेस मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-02 के पास हादसा होने की सूचना मिली थी। वहां क्षतिग्रस्त गाड़ी के पास ही एक व्यक्ति अचेत अवस्था में पड़ा था। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सरकारी गाड़ी की रफ्तार काफी तेज थी। गाड़ी ने पहले मेट्रो की ग्रिल तोड़ी, उसके बाद बिजली के खंभे में टकराई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि सरकारी गाड़ी को कॉन्स्टेबल प्रदीप चला रहा था और उसके साथ उसके कॉलेज के दो दोस्त मयंत व रॉबिन भी थे। गाड़ी में एसएचओ नहीं थे। पुलिस की जांच में सामने आया कि कॉन्स्टेबल ने गाड़ी चलाते समय शराब का सेवन किया हुआ था। पुलिस यह जानने की कोशिश कर रही है कि वह सरोजिनी नगर में दिल्ली पुलिस की गाड़ी लेकर कहां और क्यों जा रहा था। घटना के समय आरोपी ड्यूटी पर नहीं था। कॉन्स्टेबल प्रदीप कुमार के साथ उसके दो दोस्त भी थे। उसके दोस्त हरियाणा के महेंद्रगढ़ निवासी रोबिन व महेश राजेंद्र नगर थाने में रविवार रात को प्रदीप से मिलने पहुंचे थे। तीनों पुराने दोस्त हैं। वह एसएचओ की गाड़ी में ही पार्टी करते हुए हौज खास जा रहे थे। प्रदीप वर्ष 2019 में दिल्ली पुलिस में भर्ती हुआ था। कॉन्स्टेबल प्रदीप कुमार एसएचओ को बिना बताए थाने से उनकी सरकारी गाड़ी लेकर चला गया था। हादसे के बाद एसएचओ को गाड़ी के बारे में पता चला।

# स्वाति मालीवाल ने केजरीवाल के पीए बिभव कुमार पर मारपीट का आरोप लगाया

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
आम आदमी पार्टी की सांसद और दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पीए बिभव कुमार पर उनके साथ मारपीट का आरोप लगाया है। हालांकि मालीवाल ने इस बारे में कोई लिखित शिकायत नहीं दी है। उन्होंने थाने जाकर मौखिक शिकायत में कहा कि केजरीवाल के पीए ने उनपर हमला किया। इसके बाद स्वाति मालीवाल के पास कुछ फोन आए और बिना लिखित शिकायत दिए थाने से लौट गईं। स्वाति मालीवाल की ओर से तब से लेकर अब तक इस मामले पर कोई बयान सामने नहीं आया है लेकिन इस नए आरोप से एक बार फिर आम आदमी पार्टी और केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं क्योंकि पीसीआर कॉल के बाद पुलिस ने जो नोट लिखा है उसके मुताबिक मालीवाल ने बताया है कि केजरीवाल ने उनपर ये हमला करवाया है। इस बीच ये जानना जरूरी है कि आखिर बिभव कुमार हैं कौन जिन पर इतने गंभीर आरोप लगे हैं।

बिभव कुमार को केजरीवाल का काफी करीबी माना जाता है। वह उनके भरोसेमंद सहोगियों में से एक हैं। एक समय पर वह वीडियो एडिटर थे और मनीष सिसोदिय के साथ काम करते थे लेकिन बाद म केजरीवाल के इतने करीब पहुंच गए कि उनके खाने-पीने और दवाओं से लेकर हर चीज का ख्याल रखने लगे। केजरीवाल के इतना करीब होने के चलते उन्हें केजरीवाल का मैन फ्राइडे भी कहा जाता है। यानी सबसे करीबी और भरोसेमंद सहयोगी। जब केजरीवाल गिरफ्तार हुए तो बिभव कुमार उन दो लोगों में शामिल थे जिन्हें केजरीवाल से



मिलने की इजाजत दी गई। उनके अलावा इन दो लोगों में केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल शामिल थीं। सबसे पहले बिभव कुमार साल 2000 में अरविंद केजरीवाल से जुड़े थे जब वह इंडिया अगेंस्ट करप्शन के सदस्यों द्वारा लॉन्च की गई मैगजीन के लिए वीडियो एडिटर का काम करते थे। इसी ग्रुप ने आगे चल आम आदमी पार्टी बनाई। तभी से बिभव कुमार आम आदमी पार्टी से जुड़े हुए हैं। इसके बाद धीरे-धीरे वह केजरीवाल के करीब पहुंच गए और उनके पर्सनल सेक्रेटरी के तौर पर नियुक्त हो गए।

फिलहला बिभव कुमार दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग और दिल्ली जल बोर्ड में कथित अनियमितताओं के मामले में ईडी की जांच का सामना कर रहे हैं। फरवीर में ईडी ने जिन 12 जगहों पर छापेमारी की थी उनमें बिभव कुमार से जुड़े कुछ ठिकाने भी शामिल थे। इसके अलावा ईडी ने पिछले महीने बिभव कुमार से पूछताछ भी की थी जिसमें उनसे शराब घोटाले की जांच में कुछ डॉक्यूमेंट्स को लेकर सफाई मांगी गई थी।

कुछ दिनों बाद, सतर्कता निदेशालय ने दिल्ली के मुख्यमंत्री के पर्सनल सेक्रेटरी के रूप में बिभव कुमार की सेवाओं को समाप्त कर दिया था। बिभव कुमार ने इस फैसले को चुनौती देते हुए केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (कैट) के सामने एक ह्व दायर किया। हालांकि, कैट ने यह कहते हुए बर्खास्तगी के आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया कि ऐसी राहत देना समय से पहले होगा। स्पेशल सेक्रेटक विजिलेंस वाईवीवीजे राजशेखर द्वारा बर्खास्तगी का आदेश 2007 के मामले पर दिया गया था जिसमें उन पर सरकारी काम में बाधा डालने का आरोप लगाया गया था।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com
ई-पेपर sonvarshavani.com/epaper

टी20 विश्व कप

# हरमनप्रीत ने की भविष्यवाणी भारत पहुंचेंगी सेमीफाइनल में



**ढाका, एजेंसी।** कप्तान हरमनप्रीत कौर को भरोसा है कि भारतीय महिला टीम इस साल के टी20 विश्व कप में सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली संभावित टीमों में से एक होगी। टी20 विश्व कप तीन से 20 अक्टूबर तक बांग्लादेश में होना है और हरमनप्रीत का मानना है कि परिस्थितियों से परिचित होने से भारतीय टीम को टूर्नामेंट जीतने में मदद मिलेगी। टूर्नामेंट के नौवें सत्र के लिए भारत को छह बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका के साथ ग्रुप ए में रखा गया है जबकि ग्रुप बी में दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, 2016 का चैंपियन वेस्टइंडीज, बांग्लादेश और स्कॉटलैंड शामिल हैं।

सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली टीमों के बारे में भविष्यवाणी करने के लिए कहे जाने पर हरमनप्रीत ने कहा, 'भारत, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका क्योंकि ये सभी टीमें बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं और उम्मीद है कि ये चारों सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर सकती हैं। भारत ने हाल ही में सिलहट में टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में बांग्लादेश को 5-0 से हरा दिया था। हरमनप्रीत ने यहां कार्यक्रम की घोषणा के लिए आयोजित समारोह के दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से कहा, ''मुझे लगता है कि वह ऑस्ट्रेलिया होगा (जिसका मैं सामना करने के लिए उत्सुक हूं) क्योंकि वे बहुत प्रतिस्पर्धी हैं। भारत ने हाल ही में ऑस्ट्रेलियाई प्रभुत्व को चुनौती दी है लेकिन इस टीम का वैश्विक प्रतियोगिताओं में हरमनप्रीत की टीम पर दबदबा रहा है। ऑस्ट्रेलिया ने 2020 में महिला टी20 विश्व कप फाइनल के साथ-साथ 2022 में राष्ट्रमंडल खेलों के फाइनल में भी भारत को हराया।

ऑस्ट्रेलिया ने 2023 टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में भी भारत को हराया था। हरमनप्रीत ने कहा, 'अगर हम उनके खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो इससे हमें काफी आत्मविश्वास मिलेगा और मैं वास्तव में उनके खिलाफ खेलने के लिए उत्सुक हूं।

हरमनप्रीत का मानना है कि मेजबान टीम के खिलाफ हाल ही में खेली गई पांच मैचों की श्रृंखला में भारत की सफलता से उन्हें परिस्थितियों से अधिक परिचित होने का मौका मिला। उन्होंने कहा, 'हां, यह कुछ हद तक भारत जैसा ही है और उम्मीद है कि इन परिस्थितियों में हमें अच्छा प्रदर्शन करना चाहिए। भारत और बांग्लादेश के बीच पिछले कुछ समय से कड़ी प्रतिद्वंद्विता देखने को मिली है और यह हाल ही में समाप्त हुई श्रृंखला के दौरान स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। भारत ने 2023 टी20 विश्व कप के बाद से दो बार बांग्लादेश दौरान किया है। पिछले साल जुलाई में तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला और वनडे श्रृंखला के लिए और फिर हाल ही में पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए।

विश्व कप में भारत के अब तक के अनुभव के बारे में हरमनप्रीत ने कहा, 'मुझे लगता है कि सभी आईसीसी प्रतियोगिताओं में हमने अच्छा प्रदर्शन किया है। एकमात्र चीज यह है कि हमने कई करीबी मैच गंवाए हैं। और इस बार उम्मीद है कि हम करीबी मैच जीत सकते हैं और टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं।

# निकहत जरीन ने एलोर्डा कप में शानदार शुरुआत की



**अस्ताना (कजाकिस्तान)।** भारत की मौजूदा विश्व चैंपियन निखत जरीन (52 किग्रा) ने सोमवार को एलोर्डा कप 2024 के शुरुआती दिन कजाकिस्तान की राखिम्बेर्डी झानसाया के खिलाफ 5-0 की शानदार जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की।

मीनाक्षी (48 किग्रा) ने भी कजाकिस्तान की गैसीमोवा रोक्साना पर 4-1 से जीत के साथ अगले दौर में जगह बनाई। इसके विपरीत, अनामिका ने 50 किग्रा वर्ग के मुकाबले के पहले दौर में रेफरी स्टॉप्स द कॉन्टेस्ट (आरएससी) की जीत के साथ झुमाबायेवा अरैलीम को हराया। इस बीच, इश्मीत सिंह (75 किग्रा) और सोनिया (54 किग्रा) क्रमशः कजाकिस्तान के अर्मानुली आर्मत और चीन के चांग युआन के खिलाफ 0-5 से हारकर बाहर हो गए।

छह बार के एशियाई चैंपियनशिप पदक विजेता शिव थापा (63.5 किग्रा), संजय (80 किग्रा) और गौरव चौहान (92+) तीन अन्य भारतीय मुक्केबाजों के साथ मंगलवार को एक्शन में होंगे।

बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएफआई) ने प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के लिए 21 सदस्यीय टीम भेजी है, जिसमें कजाकिस्तान, चीन, भारत, जापान और उज्बेकिस्तान के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

शॉटपुट

### आभा ने शॉटपुट में बनाया राष्ट्रीय कीर्तिमान, 18.41 मीटर गोला फेंक तोड़ा अपना और मनप्रीत का रिकॉर्ड




**भुवनेश्वर, एजेंसी।** बावजूद इसके वह पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाईं। ओलंपिक के लिए क्वालिफाइंग मार्क 18.80 मीटर है। हालांकि उनके पास 30 जून तक क्वालिफाई करने का मौका है।

महाराष्ट्र की आभा खटुआ ने राष्ट्रीय फेडरेशन कप में 18.41 मीटर गोल फेंक शॉटपुट का नया राष्ट्रीय कीर्तिमान रच दिया। उन्होंने 18.06 मीटर का अपना और मनप्रीत कौर का रिकॉर्ड पीछे छोड़ा। उन्होंने पांचवें प्रयास में यह दूरी नापी। बावजूद इसके वह पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाईं। ओलंपिक के लिए क्वालिफाइंग मार्क 18.80 मीटर है। हालांकि उनके पास 30 जून तक क्वालिफाई करने का मौका है।

### चंदा को 800 मीटर का स्वर्ण

यूपी की किरन बालियान 16.54 मीटर के साथ दूसरे और दिल्ली की श्रृष्टि विज 15.86 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। पुरुषों की 200 मीटर में ओडिशा के अनिमेश कुजूर ने 20.62 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण जीता। महिलाओं की 800 मीटर दौड़ दिल्ली की चंदा ने दो मिनट 2.62 सेकंड के समय के साथ जीती। पंजाब की ट्विंकल (2.03.94) ने रजत और अमनदीप कौर (2.07.66) ने कांस्य जीता।



स्लोवोनिया बधिर टेनिस ओपन

### स्लोवोनिया बधिर टेनिस ओपन में पृथ्वी शेखर ने जीता खिताब, भारत का नाम किया रोशन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्लोवोनिया बधिर टेनिस ओपन में पृथ्वी शेखर ने खिताब जीत लिया है। सोमवार को उन्होंने पुरुष एकल वर्ग में खिताब जीतकर भारत का नाम रोशन किया। स्लोवोनिया बधिर टेनिस ओपन में पृथ्वी शेखर ने खिताब जीत लिया है। सोमवार को उन्होंने पुरुष एकल वर्ग में खिताब जीतकर भारत का नाम रोशन किया।



स्कॉट एडवर्ड्स करेंगे कप्तानी

### टी20 विश्व कप के लिए नीदरलैंड्स की टीम का ऐलान

**अम्स्टेलवीन, एजेंसी।** नीदरलैंड्स ने टी20 विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है, जिसमें विकेटकीपर-बल्लेबाज स्कॉट एडवर्ड्स 1 जून से वेस्टइंडीज और यूएसए में शुरू होने वाले मेगा इवेंट में टीम का नेतृत्व करेंगे। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास में यह पहली बार है कि किसी सहयोगी देश ने लगातार तीन विश्व कप संस्करणों में भाग लिया। नीदरलैंड्स ने 2022 में ऑस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप और पिछले साल वनडे विश्व कप में खेला था। मुख्य कोच रेयान कुक ने कहा, पिछले दो विश्व कप में हमने सराहनीय प्रदर्शन किया है और हम टूर्नामेंट के अगले दौर में पहुंचने के लिए आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अमेरिका में दो आधिकारिक अभ्यास मैच खेलने के बाद ग्रुप चरण के दौरान नीदरलैंड्स का सामना दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, बांग्लादेश और नेपाल से होगा।

#### नीदरलैंड्स की टीमः

स्कॉट एडवर्ड्स (कप्तान/विकेटकीपर), आर्यन दत्त, बास डी लीडे, डेनियल डोरम, फ्रेड क्लासेन, काइल क्लेन, लोगान वैन बीक, मैक्स ओडोड, माइकल लेविट, पॉल वैन मीकेरेन, साइब्रांड एंगेलब्रेक्ट, तेजा निदामानुरु, ? टिम प्रिंगल, विक्रम सिंह, विव किंग्मा, वेस्ले बरेंसी।

ट्रेवल रिजर्व-काईल क्लेन



### ओलिंपिक में टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल खिलाड़ी के परिवार की हार्ट रेट होगी मॉनिटर

पेरिस ओलिंपिक में केवल ढाई महीने का समय बचा है। इस बार इंटरनेशनल ओलिंपिक कमेटी खेलों की सुरक्षा से लेकर मनोरंजन तक में एआई का इस्तेमाल करेगी। इसके तहत खिलाड़ियों के परिवार के भावों को मॉनिटर किया जाएगा। वहीं, रियल टाइम एनालिसिस से जज की मदद की जाएगी। 1924 में पेरिस में हुए ओलिंपिक की तस्वीरों को रंगीन करने की योजना भी है।

पैरेंट्स का रिएक्शन लाइव दिखाने की तैयारी

एक रिपोर्ट के मुताबिक, ब्रॉडकास्टर एनबीसी यूनिवर्सल ने ओलिंपिक एथलीट्स के माता-पिता को हार्ट रेट मॉनिटर देने की योजना बनाई है, ताकि वे टूर्नामेंट के दौरान उनके रिएक्शन लाइव दिखा सकें। एआई लैस सीसीटीवी कैमरों से होगी सुरक्षा-

गेम्स के दौरान संदिग्ध घटनाओं को मॉनिटर करने के लिए सर्विलांस में एआई लैस कैमरों की मदद ली जाएगी। अगर खेलों में हथियार का इस्तेमाल या ग्राउंड में बिना अनुमति घुसने जैसी घटना रिकॉर्ड होती है तो इसके बाद तुरंत सुरक्षा टीम को अलर्ट चला जाएगा।

#### रियल टाइम वीडियो एनालिसिस से होंगे निर्णय


एआई की मदद से महज 10 सेकंड के भीतर वीडियो का एनालिसिस कर निर्णय दिए जा सकेंगे। एक उदाहरण में एआई ने सिर्फ 10 सेकंड में डाइविंग इवेंट के सारे पक्षों का एनालिसिस कर लिया था।

#### 8के में हाई क्वालिटी स्ट्रीम, फ्यूचर टैलेंट की भी खोज

ओलिंपिक से अनुबंधित इंटेल ने इस बार टूर्नामेंट की लाइव स्ट्रीमिंग 8के हाई-पिक्चर क्वालिटी में करने की घोषणा की है। इस अमेरिकन कंपनी ने कई गांव के बच्चों की जम्पिंग और रेसलिंग के वीडियो को एनालिसिस कर उनके टैलेंट को तलाशने और तराशने की कोशिश की भी है। इंटेल के क्रिस्टोफ शेल ने बताया कि उन्होंने 5 गांव के 1000 बच्चों की खोज की। डेटा के जरिए बच्चे के लिए सही खेल चुनने में भी मदद मिली।

आईपीएल 2024

# बारिश से धुले जीटी के अरमान प्लेऑफ से कटा पत्ता



**अहमदाबाद। एजेंसी।** यहां के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में सोमवार रात गुजरात टाइटंस (जीटी) और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बीच मैच एक भी गेंद फेंके बिना बारिश के कारण रद्द कर दिया गया। दोनों टीमें एक-एक अंक साझा करेंगी।

लगातार बिजली गिरने और खराब मौसम के कारण पहले तो मैच शुरू होने में देरी हुई और फिर लगातार बूंदाबांदी के कारण रात 10.42 बजे मैच रद्द कर दिया गया। दोनों कप्तानों श्रेयस अय्यर और शुभमन गिल ने हाथ मिलाया और स्तन कैंसर जागरूकता के तहत रिबन का आदान-प्रदान किया। स्टैंडिंग में 19 अंकों के साथ कोलकाता नाइट राइडर्स ने शीर्ष दो में जगह पक्की कर ली है, जबकि गुजरात टाइटंस 13 मैचों में 11 अंकों के साथ आधिकारिक तौर पर प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई है।

12 खेलों के बाद केकेआर के 1.428 के प्रभावी नेट रन रेट ने उसका शीर्ष-दो में स्थान सुनिश्चित कर दिया।

यह पहली बार है कि 2022 सीजन की प्रतियोगिता में शामिल होने के बाद से जीटी आईपीएल प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाई है। उन्हें 16 मई को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ सांत्वना मैच खेलना है।

## हेड कोच के लिए बीसीसीआई ने मांगे आवेदन

# राहुल द्रविड़ की हो सकती है भारतीय टीम से छुट्टी...



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम को रोहित शर्मा की कप्तानी में अगले महीने टी20 वर्ल्ड कप 2024 खेलना है. उसके बाद भारतीय टीम में एक बड़ा बदलाव हो सकता है. हेड कोच राहुल द्रविड़ की छुट्टी हो सकती है. उनकी जगह नए कोच आ सकते हैं. इसके लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ( बीसीसीआई) प्रक्रिया भी शुरू कर दी है. बीसीसीआई ने सोमवार को सोशल मीडिया के जरिए यह जानकारी दी. साथ ही भारतीय बोर्ड ने नए कोच के लिए आवेदन भी मंगाए हैं. बता दें कि फिलहाल राहुल द्रविड़ ही भारतीय टीम के कोच पद को संभाल रहे हैं.

### आवेदन के लिए 27 मई आखिरी तारीख

बीसीसीआई ने द्रविड़ को वनडे वर्ल्ड कप 2023 तक के लिए कोच नियुक्त किया था. मगर उसके बाद भारतीय बोर्ड ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 तक के लिए द्रविड़ का कार्यकाल बढ़ा दिया था. यह वर्ल्ड कप 1 जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज की मेजबानी में खेला जाएगा. मगर इससे पहले ही बीसीसीआई ने नए कोच की प्रक्रिया शुरू कर दी है. उन्होंने आवेदन के लिए 27 मई आखिरी तारीख (शाम 6 बजे तक) निर्धारित की है. हालांकि बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने पहले ही साफ कर दिया है कि राहुल द्रविड़ यदि अपना कार्यकाल बढ़ाना चाहते हैं तो इस पद के लिए दोबारा आवेदन कर सकते हैं. उनके आवेदन पर विचार किया जाएगा.

### अगले वर्ल्ड कप तक रहेगा नए कोच का कार्यकाल

हाल ही में मुंबई में बीसीसीआई मुख्यालय में जय शाह ने कहा था, हम अगले कुछ दिनों में आवेदन मंगाएंगे, राहुल द्रविड़ का कार्यकाल जून में खत्म हो रहा है. अगर वह दोबारा आवेदन करना चाहते हैं, तो कर सकते हैं. बल्लेबाजी, गेंदबाजी और फील्डिंग कोच जैसे कोचिंग स्टाफ का फैसला नए कोच के परामर्श के बाद किया जाएगा.

बता दें कि नए हेड कोच का कार्यकाल अगल 3 साल यानी वनडे वर्ल्ड कप 2027 के लिए रहेगा. यह बात भी खुद जय शाह ने क्लियर की थी. उन्होंने कहा था कि नए मुख्य कोच को 2027 वनडे वर्ल्ड कप तक कार्यभार संभालने की पेशकश की जाएगी.

# सात्विक-चिराग करेंगे भारतीय चुनौती की अगुआई

बेडमिंटन



**बैंकॉक , एजेंसी।** सात्विक और चिराग की जोड़ी अपने अभियान की शुरुआत नूर मोहम्मद अजरिन अयूब अजरिन और टेन वी कियोंग की मलेशिया की जोड़ी के खिलाफ करेगी तो उनकी नजरें अपने प्रदर्शन में सुधार पर टिकी होंगी।

सात्विकसाई रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार पुरुष डबल्स जोड़ी मंगलवार से यहां शुरू हो रहे थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुआई करेगी। पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक की दावेदार भारत की इस शीर्ष वरीय जोड़ी को थॉमस कप में इंडोनेशिया और चीन के खिलाड़ियों की सर्विस का सामना करने में थोड़ी मुश्किल हुई थी। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके खिलाड़ियों ने अपने कौशल को निखारने पर काम किया है और बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर प्रतियोगिताओं में उन्हें अपने नए शॉट और बदलाव को परखने का शानदार मौका मिलेगा।

सात्विक और चिराग की जोड़ी अपने अभियान की शुरुआत नूर मोहम्मद अजरिन अयूब अजरिन और टेन वी कियोंग की मलेशिया की जोड़ी के खिलाफ करेगी तो उनकी नजरें अपने प्रदर्शन में सुधार पर टिकी होंगी।

विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता भारत के शीर्ष सिंगल्स खिलाड़ी एचएस प्रणय को मौजूदा सत्र में स्वास्थ्य समस्याओं से जूझने के बाद लय हासिल करनी होगी। इंडोनेशिया के एंथोनी गिनटिंग के खिलाफ जीत से प्रणय का आत्मविश्वास बढ़ा होगा लेकिन चीन के शी युकी के खिलाफ हार से वह परेशान होंगे क्योंकि उन्हें करीबी मुकाबले जीतने की जरूरत है।

किरण जॉर्ज और सतीश कुमार करूणाकरण भी सिंगल्स वर्ग में चुनौती पेश कर रहे हैं, जबकि लक्ष्य सेन और पीवी सिंधू पिछले हफ्ते टूर्नामेंट के ड्रॉ की घोषणा से पहले प्रतियोगिता से हट गए।

## टी -20 वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया की जर्सी लॉन्च



**नई दिल्ली, एजेंसी।** टी20 विश्व कप के लिए टीम इंडिया ने अपनी नई जर्सी लॉन्च कर दी है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह और कप्तान रोहित शर्मा ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में नई जर्सी का अनावरण किया।

भारत के आधिकारिक किट पार्टनर एडिडास ने पहले 1 जून से यूएसए और कैरेबियन में खेले जाने वाले टी20 विश्व कप के लिए टीम की जर्सी का खुलासा किया। इस कार्यक्रम का एक वीडियो बीसीसीआई ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से पोस्ट किया है। इस वीडियो को पोस्ट करते हुए बीसीसीआई ने लिखा कि अब हमारी टीम का नए रंगों में स्वागत करने का समय आ गया है।

रोहित शर्मा, जय शाह और आधिकारिक किट पार्टनर एडिडास टीम इंडिया की टी20 जर्सी पेश करते हुए। इस वीडियो में टीम इंडिया की प्रैक्टिस जर्सी भी नजर आ रही है, जो ब्लू कलर की है। इसके साथ ही इस विश्व कप के लिए टीम इंडिया की ट्रैवल किट भी सामने आई है, जो व्हाइट कलर की है, जिसमें रोहित शर्मा नजर आ रहे हैं। 30 अप्रैल को, बीसीसीआई ने अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले आगामी टी20 विश्व कप के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। भारत अपने अभियान की शुरुआत 5 जून को नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आयरलैंड के खिलाफ करेगा।

## एक नजर

### एसडीपीओ ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

**औरंगाबाद (का.सं.)।** औरंगाबाद के सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-1 संजय पांडेय ने सहयोगी पदाधिकारियों के साथ मंगलवार को ब्रजगृह व नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

### एससी-एसटी एक्ट का अभियुक्त गिरफ्तार

**औरंगाबाद (का.सं.)।** शीर्ष आरोपियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में औरंगाबाद मुफ्फसिल थाना की पुलिस ने एससी-एसटी एक्ट के मामले में दर्ज कांड संख्या 396/23 के अभियुक्त नाघरा निवासी संटू कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। मामले में पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही हैं।

### उपहारा पुलिस ने बरामद की शराब

**गोह (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** गोह प्रखंड के उपहारा थाना की पुलिस ने उपहारा बाजार ने छह लीटर महुआ शराब बरामद की है। थानाध्यक्ष मनेश कुमार ने बताया कि पुलिस के आने की भनक लगते तस्कर फरार हो गया। इस मामले में बिहार संशोधित उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### पूर्व उप मुख्यमंत्री के निधन पर शोक सभा

**गोह (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** गोह भाजपा मंडल कार्यालय में पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी के निधन पर मंडल अध्यक्ष उमेश प्रसाद की अध्यक्षता में शोक सभा का आयोजन किया गया। उपस्थित लोगों ने उनके प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि वे कुशल राजनेता के साथ एक अच्छे इंसान भी थे। उनके निधन से पार्टी को बड़ी क्षति हुई है। इस मौके पर उपहारा मंडल अध्यक्ष राजीव कुमार विद्यार्थी, जिला प्रवक्ता सुनील शर्मा, प्रमोद सिंह, दीपक उपाध्याय, भोला यादव, जितेंद्र शर्मा, मोहरलाल मिश्र, बिमलेश शर्मा, सोनी कुमारी, बबन उपाध्याय, भीम कुमार सिंह, लोजपा आर नेता रंधीर पासवान, राकेश पासवान आदि थे।

### कुटुंबा से बाइक उड़ा ले गए उचक्के

**अंबा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** कुटुंबा के महुआ धाम मोड़ से उचक्के एक बाइक उड़ा ले गए। यह बाइक कुटुंबा थाना क्षेत्र के इंद्रजीत बैठा की थी। उसने बताया कि बाइक लेकर उसका भाई जीमदार बैठा रिश्तेदार के घर महुआ धाम मोड गया था। रात को बाइक दरवाजे के सामने खड़ी थी। सुबह बाइक गायब मिली। इस मामले में बाइक मलिक ने थाने में आवेदन दिया है। थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने कहा कि इस मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### चोरी के मोबाइल के साथ दो गिरफ्तार

**ओबरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** ओबरा पुलिस ने अरंडा गांव के पास से दो लोगों को चोरी के मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में थाना क्षेत्र के अतरौली निवासी ओमप्रकाश पटेल व मनीष कुमार शामिल है। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि पिछले दिन में एक ऑटो ड्राइवर ने उनके विरुद्ध कारा मोड़ पर मोबाइल छीन लेने की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस आरोपियों की तलाश में थी। गुप्त सूचना मिली कि दोनों लोग कहीं जा रहे हैं। इस आधार पर पीछा करते हुए अरंडा गांव के पास से इन्हें गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में दोनों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। इनकी निशानदेही पर मोबाइल बरामद कर लिया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि ओम प्रकाश एक हत्याकांड का भी आरोपी है। मनीष पर भी मारपीट का मामला पूर्व से दर्ज है। दोनों को जेल भेज दिया गया है।

### आंगनबाड़ी सेविका द्वारा चलाया गया डोर-टू-डोर जागरुकता कार्यक्रम

**औरंगाबाद (का.सं.)।** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के आलोक में स्वीप कार्यक्रम के तहत जिला में जागरूकता कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। काराकाट क्षेत्र में मातदान 1जून को होना है और यहां वीटीआर बढ़ाने के लिए प्रशासन काफी गंभीर है। जिला पदाधिकारी के निर्देशानुसर हर विधान सभा क्षेत्र में बूथवाइज टीमें बना दी गई हैं। टीमों में आशा, जीविका दीदी, टोला सेवक एवं आंगनवाड़ी सेविका शामिल हैं। ये टीमें घर-घर जाकर जागरूकता फैला रही हैं और सभी को अपने मतदान के अधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित कर रही हैं। इसी क्रम में हर दिन महिला कर्मी घर-घर जागरूकता हेतु नबीनगर एसी में कार्यक्रम कर रही है।

# लोस चुनाव को लेकर निकली मतदाता जागरूकता रैली

निज संवाददाता



**ओबरा (औरंगाबाद)।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत काराकाट संसदीय क्षेत्र में चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान में मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने ओबरा विधानसभा के ओबरा प्रखंड मुख्यालय में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी तथा जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी ने बताया कि जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के द्वारा ओबरा विधानसभा के ओबरा प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड परिसर से एक मतदाता जागरूकता रैली को भी हरी झंडी दिखाकर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह जागरूकता रैली उच्च माध्यमिक विद्यालय ओबरा के निकट तक गई। इस मतदाता जागरूकता रैली में आशा, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, जीविका दीदी ,शिक्षा विभाग के प्रतिभागी उपस्थित थे जिनकी संख्या 500 से अधिक थी। हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के पूर्व जिला पदाधिकारी ने जागरूकता दल को संबोधित भी किया अपने संबोधन में जिला निर्वाचन पदाधिकारी औरंगाबाद ने एक जून को संपन्न होने वाले काराकाट संसदीय निर्वाचन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की यह भी बताया कि आपके द्वारा किया गया एक-एक वोट लोकतंत्र को मजबूत करने में महत्वपूर्ण साबित होगा। आप लोकतंत्र में एक इकाई के रूप में कार्य करते हैं आपके बिना स्वच्छ लोकतंत्र की परिकल्पना नहीं की जा सकती है। ओबरा में आयोजित इस समारोह में उप विकास आयुक्त औरंगाबाद अभ्येंद्र मोहन सिंह, स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी एवं जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस रचना कुमारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता दाउदनगर दीपशिखा, प्रखंड विकास पदाधिकारी ओबरा, अंचल अधिकारी ओबरा, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी ओबरा, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ओबरा, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी ओबरा जीविका के प्रखंड प्रबंधक आदि उपस्थित थे।

# सर्वोच्च न्यायालय में आयोजित हो रहा है विशेष लोक अदालत, उठाये लाभ : जिला जज

कार्यालय संवाददाता



औरंगाबाद। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सह जिला एवं सत्र न्यायाधीश अशोक राज ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा एक विशेष लोक अदालत आयोजन किया जाना है, इसको लेकर माननीय बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा पत्र एवं निर्देश प्राप्त हुआ है। जिसके आलोक में उन्होंने बताया कि आगामी 29 जुलाई 2024 से 03 अगस्त 2024 तक माननीय सर्वोच्च न्यायालय में लंबित वादों से सम्बन्धित एक विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। जिला जज ने जिलेवासियों से यह अपील किया है कि अगर उनका कोई भी सुलहनीय वाद माननीय सर्वोच्च न्यायालय में लम्बित है तो इस अवसर का लाभ उठाकर कर अपने वाद को उक्त आयोजित होने वाले विशेष लोक अदालत में निस्तारण करवायें। उन्होंने मीडिया से भी यह अपील किया है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय में आयोजित होने वाले विशेष लोक अदालत के विषय में आमजनों को ज्यादा से ज्यादा अवगत करायें ताकि अधिक से अधिक लोग को लाभ प्राप्त हो सके। जिला जज ने आगे बताया कि जिले में भी आगामी 13 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत का भी आयोजन होना है जिसके लिये जिला विधिक सेवा प्राधिकार में युद्ध स्तर पर तैयारिया कि जा रही है जिसमे सभी तरह के सुलहनिये वादों का निस्तारण किया जायेगा। जिलेवासी इस अवसर का आवश्य लाभ उठाये और अपने वाद का निस्तारण कराये।

# सुशील कुमार सिंह ने पूर्व डिप्टी सीएम सुशील मोदी के निधन पर जताया शोक

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** निवर्तमान सांसद सुशील कुमार सिंह ने बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री व पूर्व राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी के निधन पर नम आँखों से विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए गहरा शोक व्यक्त करते हुए बिहार की राजनीतिक जगत के लिए अपूरणीय क्षति बताया है।

सांसद ने इनके कृतज्ञ को याद करते हुए कहा कि इनका राजनीतिक जीवन बहुत लम्बा रहा। छात्र जीवन में विद्यार्थी परिषद से राजनीति का शुरुआत करते हुए भाजपा के विभिन्न दायित्वों के साथ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष,राष्ट्रीय मंत्री, बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रहे एवं लोकसभा, राज्यसभा, विधानसभा, विधान परिषद चारो सदन के सदस्य रहे। मैं इनके निधन की खबर से स्तब्ध हूँ। हमने एक बड़ी शख्सियत, राजनेता संगठनकर्मी के साथ- साथ बिहार भाजपा ने जागृत सामाजिक कार्यकर्ता कुशल राजनीतिक व मजबूत स्तम्भ खो दिया। जिसकी भरपाई कभी नही हो सकती। कहा कि आंखे नम और मन भावुक है। वे सार्वजनिक जीवन में सैद्धान्तिक निष्ठा व पारदर्शिता के आदर्श उदाहरण थे। यह हम सभी भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए अपूरणीय क्षति है।

बीते रात दिल्ली एम्स में इनके निधन की सूचना पाकर सांसद और इनके सुपुत्र सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता आदित्य शेखर ने सुशील कुमार मोदी के सुपुत्र अक्षय अमृतांशु और परिवार के सदस्यों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त किए।इनके निधन पर औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र और जिलावासी,भाजपा कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने शोक व्यक्त किया है। भाजपा वरीय नेता सुनील सिंह,कर्नल सुधीर सिंह, मुख्य पार्षद उदय गुप्ता, अंजली सिंह, गुड़िया सिंह,केदार सिंह,जिला परिषद धनंजय सिंह,प्रदीप चौरसिया,सुबोध सिंह,रवि सिंह, आशु अभिनव,अमिताभ सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

# अवैध तरीके से बिक्री के लिए रखे गैस सिलेंडर को पुलिस ने किया जब्त

निज संवाददात



**ओबरा (औरंगाबाद)।** ओबरा बाजार के कार्तिक कुमार के घर से पुलिस ने 22 भरा व 19 खाली घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किया है। ये सिलेंडर अवैध तरीके से बिक्री के लिए रखे गए थे। ये सिलेंडर अलग-अलग कंपनियों के हैं। पुलिस को सूचना मिली थी कि कार्तिक कुमार के घर में रखकर विभिन्न कंपनियों के गैस सिलेंडर की बिक्री की जा रही है जिसके बाद पुलिस बल के साथ मौके पर छापेमारी की गई। घर से गैस सिलेंडर को बरामद किया गया है वहीं मौके से कार्तिक कुमार भाग निकला। खाली एवं भरा सिलेंडर को जब्त करते हुए थाने लाया गया है। इस मामले में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के बयान पर एक प्राथमिकी दर्ज की गई है जिसमें कार्तिक कुमार को अभियुक्त बनाया गया है। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि घर में अवैध सिलेंडर रखकर बिक्री की जा रही है। छापेमारी कर इन्हें जब्त किया गया। पुलिस के आने की भनक लगते ही आरोपी भाग गया। विदित हो कि ओबरा में अवैध तरीके से घरेलू सिलेंडर बेचने का धंधा जोरों पर है। धड़ल्ले से घरेलू सिलेंडर के व्यवसायिक उपयोग के लिए कालाबाजारी की जाती है।

# सीबीएसई बोर्ड दसवीं की रिजल्ट में सिमरन ने लहराया परचम

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** सीबीएसई बोर्ड 10वीं की रिजल्ट जारी कर दिया गया है। 10वीं में संत मैरी स्कूल की छात्रा सिमरन राज ने 92.4 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय एवं अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। सिमरन ने अपनी सफलता का पूरा श्रेय अपने माता-पिता और अपने शिक्षकों को दिया है। सिमरन ने कहा कि मैं सुबह स्कूल जाती थी। स्कूल से छुट्टी होने पर घर आकर खाना खाने के बाद थोड़ा रेस्ट करती थी। फिर पढ़ाई करती थी। बीच-बीच में ब्रेक लेती थी। रात को 10-11 बजे तक पढ़ाई करती थी। स्कूल के टीचर्स ने मुझे काफी सपोर्ट किया। सिमरन ने बताया कि पढ़ाई में कभी भी मैं तनाव नहीं लिया और टॉपिक के अनुसार पढ़ाई किया। घर में पढ़ाई का बहुत अच्छा माहौल मिला माता-पिता का मार्गदर्शन भी मिला। इस सफलता पर सिमरन के पिता राजू कुमार एवं माता कविता देवी ने खुशी व्यक्त करते हुए विद्यालय परिवार को धन्यवाद दिया।

# महिला को बचाने में तीन वाहन आपस में टकराए

निज संवाददाता

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** मदनपुर बाजार में मंगलवार को एक महिला को बचाने में तीन वाहन आपस में टकरा गया। जानकारी के अनुसार महिला ऑटो से उतरकर सड़क पार कर रही थी। महिला को देख एक ट्रक चालक ने ब्रेक लिया। उसके पीछे आ रहे दूसरे ट्रक ने अगले ट्रक में टक्कर मार दिया और इनके पीछे आ रही एक पिकअप भी ट्रक से टकरा गई। दुर्घटना में पिकअप बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। मौका देखकर दोनों ट्रक फरार हो गए।

# गया-आनंद विहार स्पेशल ट्रेन की परिचालन अवधि में विस्तार

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** यात्रियों की अत्यधिक भीड़ के मद्देनजर रेलवे ने गया और आनंद विहार के बीच चलाई जा रही 03639-03640 गया-आनंद विहार-गया सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन की परिचालन अवधि में विस्तार किया है। पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि अब इस स्पेशल ट्रेन के और 05 फेरे परिचालित किए जाएंगे। इसके तहत गाड़ी संख्या 03639 गया-आनंद विहार सुपरफास्ट स्पेशल अब 14, 16, 18, 20 एवं 22 मई को गया से 18.00 बजे खुलेगी और सासाराम, डीडीयू, प्रयागराज, कानपुर के रास्ते अगले दिन 09.15 बजे आनंद विहार पहुंचेगी।

# घर में घुसकर अटैची व बक्सा उड़ा ले गए चोर

निज संवाददाता

**कुटुंबा (औरंगाबाद)।** कुटुंबा थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव में सोमवार की रात चोरी की घटना घटी। चोर उदय यादव के घर में घुसकर अटैची व बक्सा उड़ा ले गए। अटैची में 40 हजार रुपए नगदी व चांदी के गहने थे। गृहस्वामी ने बताया कि रात को खाना खाने के बाद वे घर के दरवाजे पर सो गए। घर के अंदर एक कमरे में दो बच्चे सोए थे। सुबह उठे तो देखे कि दूसरे कमरे का सामान अस्त-व्यस्त है और कमरे से एक अटैची व एक बक्सा गायब है। घर का पिछला दरवाजा भी खुला पाया। थोड़ी देर के बाद पता चला कि बधार में अटैची-बक्सा टूटा पड़ा है। वहां उन्होंने देखा कि रुपए व आभूषण गायब हैं और अन्य सामान बिखरे पड़े हैं, जिसे समेटकर घर ले आए। वहां एक पेचकस मिला है। उन्होंने आशंका जताई है कि चोर ढलाई पर चढ़कर घर में उतर आए और पीछे का दरवाजा खोलकर अटैची-बक्सा ले गए। रात में इसकी भनक किसी को नहीं लगी। जानकारी के अनुसार जमीन रजिस्ट्री कराने को लेकर पैसे रखे थे। उनका घर गांव के एक किनारे है। मेहनत-मजदूरी व पशुपालन कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। इस संबंध में एक आवेदन कुटुंबा पुलिस को दिया है। विदित हो कि हाल के दिनों में चोरी की घटनाओं में इजाफा हुआ है। थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने कहा कि मामले की जांच और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। चोरी की घटनाओं पर रोक के लिए गश्त बढ़ाई जाएगी।

# पिछले चुनाव में 50 फीसदी से भी कम पड़े थे मत

**गोह (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** गोह प्रखंड में पिछले लोक सभा चुनाव 2019 में 50 फीसदी से भी कम मत पड़े थे। प्रखंड निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार 49.10 प्रतिशत ही मतदान हुआ था। इस बार लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। इसके लिए वोटरों को प्रशासनिक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाकर मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। विदित हो कि गोह प्रखंड में कुल 180 मतदान केंद्र है जिसमें 94 संवेदनशील व अतिसंवेदनशील मतदान केंद्र एवं 37 भेदभाव वाला मतदान केंद्र है। प्रखंड के गोह थाना क्षेत्र में 98, उपहारा थाना क्षेत्र में 43, बन्देया थाना क्षेत्र में 26 एवं देवकुंड थाना क्षेत्र में 13 मतदान केंद्र है। प्रखंड में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हो इसके लिए संबंधित थाने मि पुलिस द्वारा लगातार क्षेत्र में गश्त किया जा रहा है।

# सुशील मोदी के निधन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जताया शोक

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह पूर्व राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी के असामयिक निधन पर भाजपा नेताओं ने गहरा शोक जताया है। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार सिंह ने कहा कि सुशील मोदी मजबूत इरादे के साथ बिहार के विकास के लिए बराबर प्रयत्नशील रहते थे। उनमें बिहार के विकास के प्रति लगाव और समर्पण का भाव कूट-कूट कर भरा हुआ था।उनका संपूर्ण जीवन सादगी एवं सरलता का मिसाल था। यही कारण था कि बिहार के कोने-कोने के कार्यकर्ताओं के दिलों में वे सदैव राज करते थे। आज बिहार बीजेपी ने अपने एक अभिभावक को खो दिया है, जिसकी निकट भविष्य में इसका भरपाई संभव नहीं है। आज हम सभी कार्यकर्ता शोकाकुल है। ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि पुण्य आत्मा को अपने चरणों में स्थान दें एवं उनके चाहने वाले लाखों प्रशंसको को शक्ति प्रदान करें। शोक व्यक्त करने वालों में पूर्व जिला अध्यक्ष विनय कुमार शर्मा, इंद्रदेव यादव, भाजपा नेता सुनील कुमार सिंह, युगल किशोर सिंह, सुनील शर्मा, तीरथ प्रसाद वैश्य, वीरेंद्र कुमार सिंह, अशोक पांडेय, सुरेंद्र गुप्ता, राम रूप सिंह, विनोद शर्मा, विनोद सिंह, विजय प्रसाद निराला, रघुनाथ राम, संजय गुप्ता, सुनील गुप्ता, विजय कुमार गुप्ता, अरविंद कुमार सिंह, जय किशोर मिश्रा सहित अन्य लोग शामिल हैं।

# सीबीएसई दसवीं बोर्ड की परीक्षा में मगध पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल का जलवा बरकरार

निज संवाददाता

**देव (औरंगाबाद)।** मगध पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल देव की छात्रों ने सीबीएसई दसवीं बोर्ड में अपना जलवा कायम रखा है। रंजन कुमार 91.6%, दिव्यम कुमार 88 %, रोशनी कुमारी 86%, अमित कुमार 80%एवं मिनाक्षी कुमारी 76% अंक लाकर अपने माता-पिता और शिक्षकों का गौरव बढ़ाया। बेहतरीन रिजल्ट आने से विद्यार्थियों में उत्साह का माहौल कायम है।

उत्कृष्ट परीक्षाफल आने पर विद्यालय के निदेशक शशि रंजन मौआर ने विद्यालय के सभी सफल विद्यार्थियों एवं उनके शिक्षकों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह बेहतर रिजल्ट विद्यार्थियों और उनके शिक्षकों के कठिन परिश्रम का परिणाम है। हमारे शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मिलकर बहुत अच्छी तैयारी की थी। सभी विद्यार्थी प्रशंसा के पात्र हैं। हमने विद्यालय में जो इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया है, उसका पूर्ण सदुपयोग करके हमारे शिक्षक विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। इसका परिणाम हमें हर बार उत्कृष्ट रिजल्ट के रूप में प्राप्त हो रहा है । विद्यालय के प्राचार्य गुड़िया मौआर ने बेहतरीन परीक्षा-परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि हमारे बच्चों ने उम्मीद से बढ़कर प्रदर्शन किया है जिसमें विद्यालय के विद्वान शिक्षकगणों की भूमिका और उत्कृष्ट मार्गदर्शन सहयोगी रहा है। मैं अपनी और समस्त विद्यालय परिवार की ओर से सभी विद्यार्थियों और उनके शिक्षकों को ढेर सारी बधाइयां देती हूं। रिजल्ट देखने के क्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित थे।




बिहार सरकार
पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग

पशुपालन ज्ञान
पशुपालक कल्याण

## पशुओं में भीषण गर्मी एवं लू लगने के लक्षण एवं उपचार

गर्मी के मौसम में जब बाहरी वातावरण का तापमान अधिक हो जाता है तो वैसी स्थिति में पशु को उच्च तापमान पर ज्यादा देर तक रखने से या गर्म हवा के झोंकों के संपर्क में आने पर लू लगने का डर अधिक होता है जिसे हिट स्ट्रोक अथवा सन स्ट्रोक कहते हैं।

### पशुओं में लू लगने के लक्षण

- तीव्र ज्वर की स्थिति।
- मुँह खोलकर जोर–जोर से सांस लेना अर्थात हांफना एवं मुँह से लार गिरना।
- क्रियाशीलता कम हो जाना एवं बेचैनी की स्थिति।
- भूख में कमी एवं पानी अधिक पीना एवं पेशाब कम होना अथवा बंद हो जाना।
- धड़कन तेज होना।
- कभी–कभी अफारा की शिकायत होना आदि।

### पशुओं में लू से बचाव के उपाय

- पशुओं को धूप एवं लू से बचाव हेतु पशुओ को हवादार पशुगृह अथवा छायादार वृक्ष के नीचे रखें जहाँ सूर्य की सीधी किरणें पशुओं पर न पड़े।
- पशुगृह को ठंढ़ा रखने हेतु दीवारों के उपर जूट की टाट लटका कर उसपर थोड़ी–थोड़ी देर पर पानी का छिड़काव करना चाहिए ताकि बाहर से आने वाली हवा में ठंडक बनी रहे।
- पंखे अथवा कूलर का यथासंभव उपयोग करें।
- पशुओं में पानी एवं लवण की कमी हो जाती है। साथ ही भोजन में अरूचि हो जाती है। इन्हें ध्यान में रखकर दिन में कम से कम चार बार साफ, स्वच्छ एवं ठंढा जल उपलब्ध कराना चाहिये। साथ ही संतुलित आहार के साथ–साथ उचित मात्रा में खनिज मिश्रण देना चाहिये।
- पशुओं खासकर भैंस को दिन में दो–तीन बार नहलाना चाहिए।
- आहार में संतुलन हेतु एजोला घास का उपयोग किया जा सकता है, साथ ही आहार में गेहूँ का चोकर एवं जौ की मात्रा बढ़ा देनी चाहिए।
- पशुओं को चराई के लिए सुबह जल्दी एवं शाम में देर से भेजना चाहिए।

### पशुओं में लू लगने के उपचार

- सर्वप्रथम शरीर के तापमान को नियंत्रित करने के लिए पशु को ठंडे स्थान पर रखना चाहिए।
- पशु को पानी से भरे गढ्ढे में रखना चाहिए अथवा पूरे शरीर पर ठंडे पानी का छिड़काव करना चाहिए। सम्भव हो तो बर्फ या अल्कोहल पशुओं के शरीर पर रगड़ना चाहिए।
- ठंडे पानी में तैयार किया हुआ चीनी, भुने हुए जौ का आटा व थोड़ा नमक का घोल बराबर पिलाते रहना चाहिए।
- पशु को पुदीना व प्याज का अर्क बनाकर देना चाहिए।
- शरीर के तापमान को कम करने वाली औषधि का प्रयोग करना चाहिए।
- शरीर में पानी एवं लवणों की कमी को पूरा करने के लिए इलेक्ट्रोलाइट थेरेपी करना चाहिए।
- विषम परिस्थिति में नजदीकी पशु चिकित्सालय से संपर्क करना चाहिए।

PR No.- 000716 (Animal)D. 2024-25

पशुपालन निदेशालय
पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार द्वारा जनहित में प्रचारित